राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 09 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 14, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

5 रूपये के विवाद में दोस्त पर किया धारदार हथियार से हमला, सिर और गर्दन पर आई गंभीर चोट....03

अंदर घुसे हूतियों के ड्रोन, 1 घंटे में चार बार इजरायल को दहलाया, मची चीख-पुकार...12

## शोरूम खोल रखा है... भारत में शरणार्थी कार्ड जारी करने पर UN की एजेंसी को सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सुनाया

**नई दिल्ली**– हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की ओर से भारत में प्रवासियों को 'शरणार्थी कार्ड' जारी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने यहां एक शोरूम खोला है और प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। जस्टिस कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सूडान के रहने वाले एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो 2013 से भारत में रह रहा है।

याचिका लगाने वाले व्यक्ति के दो बच्चे हैं, जिनमें एक 40 दिन का है। उसकी पत्नी और बच्चे को UNHRC की ओर से शरणार्थी कार्ड जारी किए गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में शरण मांग रहा है और इस दौरान उसने सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम सुरक्षा की गुहार लगाई है। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक उस व्यक्ति की ओर से दलील देते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर ने तर्क दिया कि जिन लोगों को संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा शरणार्थी कार्ड जारी किए गए हैं, उन्हें अलग तरीके से देखा जाता है। विदेशी पंजीकरण ऑफिस भी उनके साथ अलग व्यवहार करते हैं।

यह सुनकर जस्टिस कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने (संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने) यहां एक शोरूम खोला है, वे प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। हम उन पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। इस पॉइंट पर एडवोकेट मुरलीधर ने कहा कि शरणार्थी कार्ड पूरी तरह जांच-पड़ताल के बाद जारी किया जाता है और इस प्रक्रिया में कई साल लग सकते हैं। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि भारत ने अब तक शरणार्थियों के अधिकारों से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसलिए, हमारे देश के कानून में शरणार्थियों के अधिकारों के लिए कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं है।

मुरलीधर ने स्वीकार किया कि उन्हें इसकी जानकारी है, लेकिन उन्होंने बताया कि पिछले दो महीनों में अचानक एक अभियान चलाया गया है जिसके तहत दिल्ली में अफ्रीकियों को बेतरतीब ढंग से उठाया जा रहा है। यही असली आशंका और डर है... हम ऑस्ट्रेलिया में शरण का दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस पर जस्टिस बागची ने पूछा कि याचिकाकर्ता ऑस्ट्रेलिया क्यों नहीं चला जाता। मुरलीधर ने जवाब दिया कि वह ऐसा करना चाहते हैं, लेकिन इस बीच, कुछ अंतरिम सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। अंतरिम राहत देने से असहमत जस्टिस कांत ने टिप्पणी की, हमें बहुत सावधान रहना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया में शरण की कोशिश

याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (NHCR) द्वारा 'शरणार्थी कार्ड' जारी किए गए हैं। उसका कहना था कि वह ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने की प्रक्रिया में है और इस दौरान भारत में उसे अस्थायी सुरक्षा प्रदान की जाए।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने दलील दी कि जिन व्यक्तियों को NHCR से 'शरणार्थी कार्ड' मिले हैं, उन्हें गृह मंत्रालय और विदेशी नागरिक पंजीकरण कार्यालय (FRO) द्वारा अलग तरीके से देखा जाता है। मुरलीधर ने यह भी बताया कि रिफ्यूजी कार्ड जारी करने से पहले कड़ी जांच की जाती है और यह प्रक्रिया कई वर्षों तक चलती है। उन्होंने कहा, "इसके लिए दस्तावेज और फॉर्म भरे जाते हैं, जो रिफ्यूजी स्थिति को कुछ महत्व देते हैं।"

### उन्होंने यहां शोरूम खोल रखा है- जस्टिस सूर्य कांत

हालांकि, इस पर न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, "उन्होंने (संयुक्त राष्ट्र एजेंसी) यहां शोरूम खोल रखा है, वे प्रमाणपत्र जारी कर रहे हैं... हम उन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते।" न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने यह भी कहा कि भारत ने अभी तक शरणार्थियों के अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि यानी 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया, "हमारे देश के आंतरिक कानून में शरणार्थियों के लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।"

मुरलीधर ने स्वीकार किया कि भारत ने उस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन उन्होंने अदालत को बताया कि पिछले दो महीनों से दिल्ली में अफ्रीकी मूल के लोगों को बिना वजह हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा, "यह वास्तविक भय और आशंका का विषय है... हम ऑस्ट्रेलिया में शरण पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसी बीच यह कार्रवाई शुरू हो गई है।"

### "सीधे ऑस्ट्रेलिया क्यों नहीं चला जाता"

इस पर न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे ऑस्ट्रेलिया क्यों नहीं चला जाता। मुरलीधर ने उत्तर दिया कि वह ऐसा करना चाहता है, लेकिन तब तक अदालत से अस्थायी संरक्षण की उम्मीद रखता है। हालांकि, पीठ इस पर सहमत नहीं हुई। जस्टिस कांत ने अंतरिम राहत देने में अनिच्छा जताते हुए कहा, "हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी। लाखों लोग यहां बैठे हैं। अगर कोई इस तरह का प्रयास करता है, तो..."

जब मुरलीधर ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने भी इस मामले पर संज्ञान लिया है, तब अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ता को यह छूट दी कि वह आयोग से किसी भी आगे की दिशा में राहत (जैसे, 'नो कोर्सिव एक्शन') की मांग कर सकता है। यह उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष मई माह में न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने भी रोहिंग्या शरणार्थियों से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि भारत में NHRC कार्ड के आधार पर कोई राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज नहीं है।



संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की ओर से भारत में अप्रवासियों को शरणार्थी कार्ड जारी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्होंने यहां एक शोरूम खोल रखा है और अब प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। भारत में 2013 से रह रहे एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी आई।

## सीजेआई गवई पर हमले का मामला- आरोपी पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल की मंजूरी मांगी गई

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को अदालत कक्ष के अंदर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने के मामले में वकील राकेश किशोर के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए एक अधिवक्ता ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से अनुमति मांगी है।

चौंकाने वाली एक घटना में 71 वर्षीय राकेश किशोर ने सोमवार को सीजेआई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया और नारे लगाते हुए कहा, ''सनातन का अपमान नहीं सहेंगे।''घटना के तुरंत बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद अधिवक्ता सुभाष चंद्रन के. आर. ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को पत्र लिखकर अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15 के तहत आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी।

पत्र में वकील सुभाष चंद्रन केआर ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15 के तहत सहमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा है कि किशोर द्वारा मंच पर जूता फेंकना और चीफ जस्टिस के खिलाफ नारे लगाना न्याय प्रशासन में घोर हस्तक्षेप है और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

क़ानूनी प्रावधान के अनुसार, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय स्वयं के संज्ञान में आने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं।अगर कोई अन्य व्यक्ति ऐसी कार्रवाई शुरू करना चाहता है, तो उच्च न्यायालय के लिए महाधिवक्ता और उच्चतम न्यायालय के लिए अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल की अनुमति आवश्यक होती है।




चंद्रन की याचिका में कहा गया है कि किशोर द्वारा प्रधान न्यायाधीश की डाइस की ओर जूता फेंकने का प्रयास और अदालत कक्ष में नारेबाजी करना ''न्याय प्रशासन में गंभीर हस्तक्षेप'' और ''उच्चतम न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है।''इसमें कहा गया है, ''अवमानना का यह अत्यंत अपमानजनक कृत्य उच्चतम न्यायालय की प्रतिष्ठा और अधिकार को कम करता है और भारतीय संविधान की भावना के खिलाफ है।''

पत्र में यह भी कहा गया है कि घटना के बाद भी किशोर ने मीडिया से बातचीत में प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं और कोई पछतावा नहीं दिखाया, बल्कि अपने कृत्य का बचाव किया।अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यह व्यवहार अदालत को बदनाम करने और न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने की स्पष्ट मंशा दर्शाता है।

इससे पहले 'मिशन आंबेडकर' के संस्थापक ने भी अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखकर धार्मिक वक्ता अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी और यूट्यूबर अजीत भारती के खिलाफ भी आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों सीजेआई पर हमले के लिए उकसाने में शामिल थे। मंगलवार को एडवोकेट जनरल के समक्ष एक और याचिका दायर की गई, जिसमें अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी नामक धार्मिक वक्ता और यूट्यूबर अजीत भारती के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई, जिन पर अपनी भड़काऊ टिप्पणियों के माध्यम से चीफ जस्टिस पर हमला करने के लिए उकसाने का आरोप है।

### अनिरुद्धाचार्य और यूट्यूबर अजीत भारती पर भी आरोप

पत्र में यह भी कहा गया है कि घटना के बाद भी किशोर ने मीडिया से बातचीत में प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं और कोई पछतावा नहीं दिखाया, बल्कि अपने कृत्य का बचाव किया।

अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यह व्यवहार अदालत को बदनाम करने और न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने की स्पष्ट मंशा दर्शाता है।

इससे पहले 'मिशन आंबेडकर' के संस्थापक ने भी अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखकर धार्मिक वक्ता अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी और यूट्यूबर अजीत भारती के खिलाफ भी आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों सीजेआई पर हमले के लिए उकसाने में शामिल थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एंटी रोमियो पुलिस टीम ने कम्पोजिट स्कूल मोन की बालिकाओं को किया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली**– सरकार के महत्वपूर्ण अभियान'मिशन शक्ति फेज-5 के तहत स्थानीय कोतवाली की एंटी रोमियो पुलिस टीम ने बुधवार को कम्पोजिट स्कूल मोन में पहुंचकर वहां पढ़ने वाली बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, एंटी रोमियो स्क्वॉड की भूमिका, और आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए डायल किए जाने वाले महत्वपूर्ण नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्म-रक्षा के बुनियादी तरीकों के बारे में भी बताया और उन्हें किसी भी तरह के उत्पीड़न या छेड़खानी की घटना को तुरंत रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं को जागरूक और सशक्त बनने का संदेश दिया गया, ताकि वे निडर होकर अपनी शिक्षा पूरी कर सकें और समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। जागरुकता टीम में हेड कांस्टेबल गीता सिंह, दीपा वर्मा, उपनिरीक्षक टीन एन तिवारी, कांस्टेबल उदित राज सहित विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति रही। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि विभिन्न इंटर कालेजों में अभियान चलाकर 'मिशन शक्ति' के लक्ष्यों को लेकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का साझा प्रयास किया गया है।

### केरल के अस्पताल में मृत मरीज के पिता ने चिकित्सक पर हमला किया

**केरल** के कोझिकोड जिले के थमारास्सेरी स्थित तालुक अस्पताल में बुधवार को एक व्यक्ति ने सरकारी चिकित्सक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हमलावर को दोपहर की घटना के बाद हिरासत में ले लिया गया है। हमलावर की बेटी की हाल ही में 'अमीबिक मेनिन्जाइटिस' से मौत हो गयी थी। 'अमीबिक मेनिन्जाइटिस' एक दुर्लभ, लेकिन घातक मस्तिष्क संक्रमण है। पुलिस ने बताया कि चिकित्सक की पहचान विपिन के रूप में हुई है, जिनके सिर पर चोट लगी है और उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में वाहन पर पत्थर गिरा, एक की मौत

**अधिकारियों ने बताया कि रजिया बेगम नामक एक यात्री को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सोनिया देवी (32), जुलेखा बेगम (30), कामरान (2), गुलाम हसन (31), इमरान हुसैन (4) को अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

**जम्मू-कश्मीर** के डोडा जिले में बुधवार को एक पहाड़ी से बड़ा पत्थर एक यात्री वाहन पर गिर गया जिससे 32 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना डोडा-भारत मार्ग पर बसवाल गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि बचाव दल तुरंत हरकत में आ गया और छह घायल यात्रियों(सभी भारत बागला गांव के निवासी) को तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल डोडा ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रजिया बेगम नामक एक यात्री को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सोनिया देवी (32), जुलेखा बेगम (30), कामरान (2), गुलाम हसन (31), इमरान हुसैन (4) को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 80% पंचायत भवनों में ताले बंद, सुविधाएं ठप- फिर भी सहायक पंचायतों को हर महीने मानदेय का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर। संवाददाता।** जनपद बलरामपुर में पंचायत व्यवस्था की हकीकत शर्मनाक तस्वीर पेश कर रही है। जिले की लगभग 80 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन महीनों से तालेबंद पड़े हैं। न तो इन भवनों का नियमित उपयोग हो रहा है, न ही यहां कोई सरकारी या जनकल्याणकारी गतिविधि संचालित की जा रही है। बावजूद इसके, सहायक पंचायत सचिवों को हर महीने पूरा मानदेय बिना किसी कार्य के भुगतान किया जा रहा है।

ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से बने पंचायत भवन अब खंडहर बनने की कगार पर हैं। कई भवनों में झाड़ियां उग आई हैं, कहीं दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है तो कहीं छत टपकने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवनों के ताले महीनों से नहीं खुले, यहां न तो बैठकों का आयोजन होता है और न ही कोई विकास




कार्य की समीक्षा।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इन पंचायतों में तैनात सहायक सचिव कार्यालय नहीं आते, फिर भी वेतन हर महीने जारी हो रहा है। यह स्थिति न सिर्फ शासन की योजनाओं की पोल खोलती है बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को भी उजागर करती है।

ग्राम पंचायतों के कई सदस्यों ने आरोप लगाया है कि सचिव और सहायक सचिव सिर्फ वेतन लेने आते हैं, काम के नाम पर कुछ नहीं करते। इससे ग्रामीण योजनाओं के संचालन और शिकायत निस्तारण में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे पंचायत भवनों का निरीक्षण कर गैरहाजिर सहायक सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पंचायत भवनों को सक्रिय किया जाए ताकि ग्रामीणों को सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।÷ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण था क्योंकि शव नदी के बीच गहरे गड्ढों में फंसे हुए थे। गोताखोरों और खोजी दलों की मदद के लिए नदी की धारा को अस्थायी रूप से मोड़ा गया।

## बाघ ने हमलाकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया

**● वन विभाग ने जनता से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से जंगल के रास्तों का इस्तेमाल न करें और बाघ की गतिविधि के किसी भी संकेत की तुरंत सूचना अधिकारियों को दें।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत के माला रेंज के जंगल में एक बाघ ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे घायल कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम माधोटांडा रोड पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास हुई जब एक बाघ ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी के अनुसार पीड़ित अमर सक्सेना को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। अधिकारी का कहना है कि यह हमला उस समय हुआ जब अमर सक्सेना और उसका साथी छत्रपाल माधोटांडा से पीलीभीत लौट रहे थे। जब वे माला रेंज से गुज़र रहे थे, तभी झाड़ियों से एक बाघ अचानक निकला और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे अमर सक्सेना को



निशाना बनाया।

अधिकारी के मुताबिक हमले में सक्सेना के पैर और कमर में चोटें आईं। मोटरसाइकिल चला रहे छत्रपाल ने स्थानीय निवासियों से मदद मांगी और अपने घायल दोस्त को जिला अस्पताल पहुंचाया। माला रेंज के रेंजर रॉबिन सिंह ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि वन विभाग ने निगरानी बढ़ाने के लिए पूरे इलाके में कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। सिंह ने कहा,''इसके अलावा, बाघ की मौजूदगी पर नजर रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के गांवों में वन विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है।'' वन विभाग ने जनता से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से जंगल के रास्तों का इस्तेमाल न करें और बाघ की गतिविधि के किसी भी संकेत की तुरंत सूचना अधिकारियों को दें।

## प्रतिबंधित चित्तौड़गढ़ जलाशय में ट्यूब के सहारे मछलीमार कर रहे शिकारी- अधिकारी मौन, सवालों के घेरे में प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के चित्तौड़गढ़ जलाशय में प्रशासनिक प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम मछलीमारी का खेल जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ लोग ट्यूब के सहारे जलाशय में उतरकर रात के अंधेरे में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे हैं। यह सब संबंधित विभागीय अधिकारियों की जानकारी में होते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

चित्तौड़गढ़ जलाशय को संरक्षण क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद स्थानीय मछली शिकारी हर रात ट्यूब और जाल के सहारे जलाशय में उतर जाते हैं और बड़ी मात्रा में मछलियां पकड़कर बेचते हैं। इससे न केवल मत्स्य संपदा का नुकसान हो रहा है, बल्कि जलाशय के पर्यावरणीय संतुलन पर भी खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि मछलीमारी का यह खेल कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों



के संरक्षण में चल रहा है। लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत मछली विभाग व राजस्व प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

प्रशासनिक मौन ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है। सवाल उठता है कि जब जलाशय प्रतिबंधित घोषित है, तो वहां लगातार अवैध मछलीमारी कैसे हो रही है? क्या यह अधिकारियों की मिलीभगत से संभव है? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से इस मामले की जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध मछलीमारी पर रोक नहीं लगी, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## आगरा मूर्ति विसर्जन- नदी में डूबे सभी 12 लोगों के शव बरामद

उत्तर प्रदेश के आगरा में उतंगन नदी में दो अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे सभी 12 लोगों के शव मंगलवार को बरामद कर लिए गए हैं। इसके साथ ही कई दिन से जारी बचाव अभियान का समापन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दशहरे के अवसर पर खैरागढ़ क्षेत्र में हुए इस हादसे में 13 लोग नदी में बह गए थे। इनमें से विष्णु नामक एक युवक को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि बाकी 12 लोग लापता थे। आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने अभियान की समाप्ति की पुष्टि की। उन्होंने कहा, "उतंगन नदी से सभी 12 शव बरामद कर लिए गए हैं। यह अभियान करीब 124 घंटे तक चला, जिसमें (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), सेना, प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की बाढ़ इकाई, स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की टीमें लगातार काम करती रहीं। मृतकों की पहचान सचिन (14), करण (21), भगवती (23), ओके (19), गजेंद्र (20), ओमपाल (35), गगन (25), दीपक (15), अभिषेक (16), दिनेश (19), मनोज (15) और हरेश (22) के रूप में हुई है।

## एक बार फिर प्रशासन का गरजा बुलडोजर अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**● समय सीमा समाप्त होने पर सड़क चौड़ीकरण के लिए हुई कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर शहर में गुरुद्वारा रोड पर बुधवार दोपहर बाद एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर गरजा है सड़कों पर बने चबूतरों और अवैध निर्माणों को हटाने के लिए जिला प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया यह कार्रवाई लगभग 18 दिन बाद दोबारा की गई जब पूर्व में दिए गए नोटिस और समय सीमा के बावजूद लोगों ने खुद से अतिक्रमण नहीं हटाया था जानकारी के अनुसार, बीती 22 सितंबर को गुरुद्वारा रोड पर प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। उस समय अस्थाना रेडियम हाउस से कार्रवाई की शुरुआत हुई थी और कई



दुकानों के आगे बने चबूतरे, टीनशेड और पक्के निर्माणों को हटाया गया था उस दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा था जिस पर अधिकारियों ने 15 दिन की मोहलत दी थी निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया जिसके चलते बुधवार को फिर से बुलडोजर चलाया गया टीम ने सड़क किनारे बने कई पक्के चबूतरों और निर्माणों को तोड़ दिया प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सड़कों के चौड़ीकरण और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए की जा रही है तहसील प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत विभाग और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए काम जारी रखा एसडीएम ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बख्शा नहीं जाएगा सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि शहर की मुख्य सड़कों पर यातायात सुचारु रूप से चल सके!!

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर हर संभव मदद दिलाने का दिया आश्वासन



**बलरामपुर-** सादुल्लाह नगर बलरामपुर।उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने मृतक कर्ताराम वर्मा ग्राम गोकुला बुजुर्ग के मजरा मौहरवा के घर पहुंच कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सरकार से मदद दिलाने का आश्वासन दिया तथा घटना में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भी आश्वस्त किया है।आपको बतादें की सोमवार को सुबह करीब 7 बजे अमघटी जंगल में कर्ता राम वर्मा का शव नग्न अवस्था में मिला था।जिसकी जानकारी मिलने पर मृतक के रिश्तेदार व क्षेत्र के लोग काफी संख्या में आए थे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी लोग आगे आए।पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।पीड़ित परिवार के दुख में शोक संवेदना व्यक्त करने आए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि मैं पीड़ित परिवार साथ हूं।जब भी मेरी जरूरत पड़े तो मुझे जानकारी दीजिए।हम तत्काल आएंगे।हर सम्भव पीड़ित परिवार का मदद किया जाएगा और पुलिस द्वारा घटना की छानबीन की जा रही है। दोषी शीघ्र ही पकड़े जाएंगे। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पायनियर पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत किया गया जागरुकता कार्यक्रम



**बलरामपुर।** संयुक्त निदेशक अभियोजन बलरामपुर हवलदार सिंह यादव व थाना कोतवाली नगर सुधीर कुमार सिंह द्वारा पायनियर पब्लिक स्कूल में महिलाओं,बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु बनाये गये नये कानून के संबंध में जागरुक किया गया। इस दौरान उपस्थित समस्त महिलाओं, बालिकाओं को विभिन्न हेल्प लाइन नंबर जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। तथा सभी को थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई, साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में भारत सरकार व उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई व पम्पलेट व पोस्टर वितरित किए गए।

### जीएसटी घटने से हीरो मोटोकॉर्प दो पहिया की मांग बढ़ी



**बस्ती।** बस्ती शहर स्थित सुशील हीरो स्टेशन रोड बस्ती शोरूम के पवन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्र से बाजार में दो पहिया वाहनों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है दो पहिया वाहनों जीएसटी घटने से 5000 से 15000 रूपये तक ग्राहकों का खर्च कम हुआ है 100सीसी और 125 सीसी जैसे किफ़ायती मॉडलों में उपलब्ध है हीरो मोटोकॉर्प के टेटरी मैनेजर पंचम कुमार ने बताया कि फेस्टिवल सीजन में खरीदारी का जो सबसे ज्यादा है ग्राहक नई कीमतों और ऑफर का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं हमारी नई 12 मॉडलों की फेस्टिवल रेंज इस मांग को और बढ़ा रही है इस कैंपेन के तहत ग्राहकों को 100 प्रतिशत कैशबैक सोने के सिक्के और कई अन्य गिफ्ट ग्राहकों को प्रतिदिन मिल रहे हैं श्रीवास्तव ने बताया कि धनतेरस दिवाली की खरीदारी पर सुशील हीरो की तरफ से कोई भी मोटरसाइकिल स्कूटर अगर 2100 से बुकिंग कर लेते हैं तो दो गिफ्ट देना निश्चित किया गया है विभिन्न प्रकार के ऑफर भी इस समय चल रहे हैं एक्सचेंज ऑफर गुरु दक्षिणा ऑफर कॉर्पोरेट ऑफर गुड लाइफ स्क्रैच कार्ड स्कीम फाइनेंस सुविधा फ्लिपकार्ट और अमेजॉन से भी लेने पर बंपर छूट मिल रही है।

## नगर पंचायत पचपेड़वा के निर्वाचित सदस्यों ने किया सामूहिक त्याग-पत्र, अध्यक्ष और अधिकारी पर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर**/पचपेड़वा जनपद के नगर पंचायत पचपेड़वा के निर्वाचित सदस्यों ने अपने सामूहिक त्याग-पत्र के माध्यम से प्रशासन को पत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की कार्यप्रणाली को तानाशाही और अलोकतांत्रिक बताते हुए अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं। सामूहिक त्याग-पत्र में निर्वाचित सदस्य लिखते हैं कि अध्यक्ष और अधिकारी द्वारा कार्यों में मनमाने ढंग से हस्तक्षेप किया जा रहा है। उनके अनुसार, जनप्रतिनिधियों की गरिमा और शासन व्यवस्था का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अधिनियम 1962 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कई निर्णय और कार्य ऐसे तरीके से संपन्न किए जा रहे हैं, जो न केवल निर्वाचित सदस्यों की भूमिका को कमजोर करते हैं, बल्कि आम जनता के हितों के लिए भी हानिकारक हैं।

त्याग-पत्र में विशेष रूप से यह उल्लेख किया गया है कि नगरपालिका के वार्डों में राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और मनमाने तरीके से साफ-सफाई, निर्माण कार्य और अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इससे सदस्यों की छवि जनता में खराब हो रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। सामूहिक त्याग-पत्र में निर्वाचित सदस्यों ने यह भी कहा कि नगर पंचायत पचपेड़वा में मानक विधि अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के ऐसे कार्यों से सदस्यों और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसीलिए उन्होंने सामूहिक रूप से त्याग-पत्र सौंपने का निर्णय लिया है।

इस त्याग-पत्र पर नगर पंचायत पचपेड़वा के 11 निर्वाचित सदस्यों के हस्ताक्षर और फोन नंबर अंकित हैं। सदस्यों ने कहा कि यह कदम मजबूरी में उठाया गया है और वे अपने अधिकारों तथा जनहित की रक्षा के लिए इसे आवश्यक मानते हैं। जिलाधिकारी बलरामपुर को भेजे गए पत्र में सदस्यों ने अनुरोध किया है कि उनके त्याग-पत्र को स्वीकार करते हुए नगर पंचायत के अध्यक्ष और अधिकारी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नगर पंचायत पचपेड़वा में यह घटना स्थानीय राजनीति में हलचल का कारण बन सकती है। प्रशासन की प्रतिक्रिया और आगामी कार्रवाई पर सबकी निगाहें हैं।

## ग्रामीणों किसनो के मुआवज़े में लापरवाही पर भड़के भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा

**●जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद अब तक नहीं मिला भूमि मुआवज़ा, एक सप्ताह में भुगतान नहीं हुआ तो होगा आरपार का आंदोलन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के के चर्चित समाजसेवी एवं भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग निर्माण के तहत अधिग्रहीत भूमि के ग्रामीणों को मुआवज़ा न दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। श्री पाण्डेय ने जिलाधिकारी बस्ती को संबोधित पत्र में कहा है कि दिनांक 04 नवम्बर 2024 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा गर्भूपुर गांव के ग्रामीणों की अधिग्रहीत भूमि का मूल्यांकन संशोधित करते हुए 54 लाख प्रति हेक्टेयर दर पर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। परंतु आज तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बस्ती के अधिशाषी अभियंता द्वारा आदेश के अनुपालन में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ यह अत्यंत अन्यायपूर्ण और प्रशासनिक उपेक्षा का उदाहरण है। आदेश के क्रम में भुगतान न होना जहां शासनादेश की अवहेलना है, वहीं इससे सरकार की जनसरोकार नीति पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। श्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि अधिग्रहण अवधि 29 सितंबर 2022 से 15 दिसंबर 2023 तक मात्र 442 दिनों का ब्याज स्वीकृत किया गया है, जबकि वास्तविक न्यायोचित ब्याज भुगतान की तिथि तक दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि एक सप्ताह के भीतर ब्याज सहित समस्त प्रभावित ग्रामीणों को भुगतान सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा वे ग्रामीणों के साथ अधिशाषी अभियंता के गैरजिम्मेदाराना रवैये के विरुद्ध आर-पार के जन आंदोलन को बाध्य होंगे। सुदामा जी ने चेतावनी दी है कि अब और उपेक्षा सहन नहीं की जाएगी। यदि निर्दोष ग्रामीणों को उनका हक़ नहीं मिला तो वे शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त आंदोलन के माध्यम से प्रशासन को जगाने का कार्य करेंगे।

## थाना प्रभारी पैकोलिया सुभाष मौर्या की सूझ-बूझ से महुआ गांव में जातीय दंगाफसाद फैलाकर कुछ लोगों को अशांति का माहौल बनाने प्रयास असफल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना पैकोलिया के अन्तर्गत महुआ गांव में दो अक्टूबर को दुर्गा मूर्तिविसर्जन करने जाते समय केबिल टूटने को लेकर पहले कुछ लोगों द्वारा एक पक्ष को उकसाकर प्रायोजित साजिश रची गई जब दूसरे पक्ष के लोग मूर्ति विसर्जन कर घाट से वापस आए तो जगनेटर उतारने विनोद के घर पंहुचे और उतारने लगे इतने में केबिल टूटने को लेकर पहले से आक्रोशित विनोद और परिवार के लोग जगनेटर उतार रहे लड़कों को जातिसूचक भद्दी- भद्दी गाली-गलौज करने लगे यादव जाति के लड़के विरोध करने लगे शोर- गुल सुनकर गांव के बुजुर्ग लोग मौके पर पहुंचकर विवाद को शांति कराकर बीच बचाव करके वहां से सभी लोगों को हटाकर मामले को शांति कराया इतने में किसी के सूचना पर विवाद के दस मिनट पर 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर विवाद का तहकीकात शुरू कर दी लोगों से पूछताछ में केबिल टूटने को लेकर गाली-गलौज करने की बात उभरकर आई जिसकी सूचना 112 की पुलिस मौके से ही एसएचओ को पूरी घटना से अवगत कराकर दोनों पक्षों को झगड़ा झंझट न करने की हिदायत देते हुए कहा की अपनी शिकायत थाने पर जाकर दो शांति कायम बनाये रखने की अपील कर चले गए। वारदात की सूचना पर तत्काल निरीक्षक अपने हमराहियों के साथ मौका-ए-वारदात पंहुचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांति कायम रखने और लोगों से सौहार्द बनाए रखनें की अपील करते हुए एहतियात बरतते हुए शांति बरकरार रहे घटनास्थल पर कुछ कांस्टेबल को छोड़कर दोनो पक्षों को थाने बुलाकर चले आए यह बात कुछ उपद्रवियों को नागवार लगा जो लोग महुआ गांव का माहौल खराब करने की मंशा पाले एससी एसटी ऐक्ट में झूठ निराधार मुकदमा दर्ज कराकर सरकार से मिलने वाली रकम को लेने के लिए असत्य मनगढ़ंत कहानी बनाकर थाना प्रभारी के ऊपर दबाव डाल कर मुकदमा दर्ज कराकर दबदबा बनाना चाहते हैं।और महुआ गांव में शांति भंग करने के फिराक में कुछ लोग लगे हुए हैं। घटनाक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कुछ लोगों से बात करने पर रामचंद्र यादव अतुल कुमार यादव सभाजीत यादव रामकुमार वर्मा अनिल कुमार वर्मा चन्द्र देव चौहान धर्मवीर चौहान आशुतोष मौर्या अमरनाथ मौर्या आदि लोगों ने बताया कि दलित जाति के लोग अब सबर्ण और पिछड़ी जाति के लोगों का फर्जी तरीके से उत्पीड़न कर रहे हैं क्योंकि दलित वर्ग को एससी एसटी ऐक्ट के ताकत और सरकार से मिलने वाली सहायता धन राशि की कमाई के लिए झूठे मुकदमें में फंसाकर उत्पीड़न व सामाजिक शोषण कर रहे हैं दलित वर्ग के लोग सबर्ण व पिछड़ी जाति के लोगों से पहले अनायास जातिसूचक गाली-गलौज करेंगें और मारपीट फिर थाने में जाकर झूठ का दर्ज करायेंगें मुकदमा ।अगर अपने मिशन में कामयाबी नही मिली तो निशाने पर मुकामी थाना प्रभारी को लेकर झूठा आरोप लगाने लगतें हैं क्योंकि बिना दबाव में आये निर्दोष के विरुद्ध झूठे मुकदमें की कार्रवाई पुलिस न करके सत्यता पर ध्यान देकर मामलात में कृत कार्रवाई करती है।

## मूर्ति विसर्जन में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**●अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा झांकी व जागरण का किया गया आयोजन**

**उसको वैसा मिल जाता है जो जैसी नियत रखता है - सोनू यज्ञ सैनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** जगदीशपुर क्षेत्र के गुलाब गंज चौक बस स्टांप ग्राउंड सोमवार रात्रि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया,भगवती जागरण वाराणसी से आए भजन सम्राट धर्मेन्द्र पाण्डेय के ग्रुप द्वारा किया गया जिसमें ज्योति गोस्वामी प्रकाश सोनी, सर्जना चौधरी, आदि भजन गायकों द्वारा गए भजनों ने भक्तों का मन मोह लिया, वहीं दिल्ली से आए झांकी कालाकारों विभिन्न प्रकार कि झांकियां दिखाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया, मंच का संचालन रामलीला कॉमेटी अध्यक्ष पी सिंह ने किया, जहाँ केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना त्रिवेदी व जिला पंचायत प्रतिनिधि सोनू यज्ञसैनी ने राजेश विक्रम सिंह राकेश विक्रम सिंह,सुरेश यज्ञ सैनी, सुधांशु शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा, राकेश प्रताप सिंह सदर विधायक, आलोक तिवारी चेयरमैन हैदरगढ़, सुरेश पासी विधायक, बिहारी लाल वैश्य, संजीत कौशल, सुशील वैश्य,अजीत कौशल, सतीश कौशल, राम यज्ञ त्रिपाठी, गौरव शिवराज सिंह,राघवेन्द्र तिवारी आदि अतिथियों का माता रानी कि प्रतिमा भेंट देकर स्वागत अभिनन्दन किया, कार्यक्रम के दौरान आदि संभ्रांत लोग उपस्थिति रहे। वहीं दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ, मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे।

## गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा

**●कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बाजार शुकुल अमेठी ।** धनेशा राजपूत गुडाही कटरा से हनुमान मंदिर होते हुए अंबेडकर चौराहे से रेछ घाट तक भव्य और दिव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए माताएं अपने सिर पर कलश रखकर और ढोल नगाड़े डीजे ताशा के साथ एवं जगह-जगह झांकियां भगवान श्री कृष्णा हनुमान जी व शंकर भगवान के भव्य जागरण करते हुए श्रद्धालु शामिल हुए। भक्त डीजे पर ठुमके लगाते हुए भाव कलश शोभायात्रा में शामिल हुए। जिसमें भव्य कलश शोभा यात्रा के मुख्य यजमान शिव शंकर कसौंधन, राजेश कसौंधन, बबलू कसौंधन, राजू कसौंधन, अनिल कसौंधन, रिंकू कसौंधन, शुभम कसौंधन, सौरभ, पिंकू, विजय, हनुमंत लाल, जय सिंह, बल्लू, प्रदीप मुन्ना, पिंटू आदि लोग शामिल रहे।

## हत्या कर शव को जंगल में छिपाया, 48 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** राम भरत वर्मा पुत्र बालेदीन वर्मा निवासी गोकुला बुर्जुग डीह थाना सादुल्लानगर पर सूचना दी गई कि मेरे बड़े भाई कर्ता राम वर्मा जो प्राइवेट चिकित्सक का काम करते हैं, दिनांक 05.10.2025 को बड़े भाई को सूचना मिली कि किसी व्यक्ति का पशु बीमार है तो पशु के दवा इलाज हेतु लगभग शाम 5:00 बजे घर से निकले काफी रात होने के बाद जब घर वापस नहीं आये तब हम लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता न चला अगले दिन सुबह समय 7:00 बजे कुछ लोगों द्वारा हम लोगों को सूचना दी गयी कि मेरे भाई कर्ताराम वर्मा का शव मद्दौ भट्ठा जंगल में पड़ा है, जिसपर चोट के निशान लगे हुए हैं। किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी हत्या कर दी गयी है तथा लाश को जंगल में छुपा कर भाग गये हैं। इस सूचना पर थाना सादुल्लानगर ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की इसी क्रम में साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये आरोपी राजू उर्फ हुकुम अली पुत्र रिक्खीराम व सूरज कुमार पुत्र राजकुमार उर्फ गोपाली को अमघटी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों से घटना के संबंध में पूंछताछ की गयी तो दोनों ने बताया कि मृतक कर्ताराम वर्मा मेरे गांव में जानवर के दवाइलाज हेतु आये थे उनकी मोटरसाइकिल खड़ी थी जिस पर हम लोग टेक लगाकर बैठे थे जब कर्ताराम जानवर का दवाइलाज कर के वापस आये तो हम लोगों पर मोटर साइकिल पर बैठने को लेकर भड़क गये और बात विवाद करने लगे हम दोनों की बड़ी बेइज्जती मेरे गांव में ही कर दिये हम लोग उसी बात से गुस्सा हुए और योजना बनाकर रास्ते में सूनसान जगह देखकर उनकी मोटरसाइकिल को ओवरटेक करके घेर कर हम लोगों ने कर्ताराम को मार दिया और लाश को मद्दो भठ्ठा जंगल में छिपा दिये और वहां से हम लोग भाग निकले।

## संघ के पथ संचलन में दिया राष्ट्र गौरव का संदेशशस्त्र पूजन के साथ मां भारती की सेवा का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'आरएसएस' के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर पंचायत बनकटी में शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन किया गया। सीडीए एकेडमी से पंखोबारी पेट्रोल पम्प तक स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर राष्ट्रीय एकता, सनातन धर्म की रक्षा और आत्मरक्षा का संदेश दिया। प्रांत प्रचारक रमेश ने मां भवानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शस्त्र पूजन किया। राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत उद्बोधन ने सैकड़ों स्वयंसेवकों और नागरिकों के मन में सेवा, अनुशासन और संगठन के प्रति नई चेतना का संचार किया। पथ संचलन हुआ में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में बढ़ते कदमों से पूरा क्षेत्र राष्ट्र गौरव और एकता की भावना से गूंज उठा। मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा कि शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 2025 में अपनी स्थापना के 100 साल पूरे किए हैं। केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन इसकी स्थापना की थी। वर्तमान में भारत सहित 40 से अधिक देशों में 1 करोड़ से अधिक स्वयंसेवक मां भारती की सेवा को समर्पित है। समाज में राष्ट्रप्रेम और धर्मनिष्ठा की भावना जागृत करना हम सबका उद्देश्य और लक्ष्य है जो निरन्तर गतिमान है। जिला प्रचारक सर्वेन्दु, नगर कार्यवाह आशीष , जिला संघ चालक प्रमोद, सचिदानंद, आनन्द, राजेश, विवेकानन्द, रविचन्द्र, अंकिता, लल्लन , परमात्मा, राजेश, राम अदालत अतुल , इंद्रजीत, रोहित के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत बनकटी ई. अरविन्द पाल ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि विदेशी ताकतें भारत की संस्कृति और सनातन धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं लेकिन केंद्र सरकार इन शक्तियों का मजबूती से मुकाबला कर रही है। संघ अपने उद्देश्य में संकल्पों के साथ निरन्तर गतिमान है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी, सीडीए एकेडमी की निदेशक डा. अरूणा सिंह पाल, निधि जायसवाल, सविता यादव के साथ ही समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। का कार्य करेंगे।

## देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में पानी की टंकी से मिली पुरुष की लाश, मचा हड़कंप - मरीजों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**●सड़ी लाश का पानी पीने से कई मरीजों कीहालत खराब अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में सोमवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई जब सर्जिकल वार्ड की पानी की टंकी में एक पुरुष का शव मिला। सुबह से ही मरीज पानी में दुर्गंध की शिकायत कर रहे थे, लेकिन कर्मचारियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। शाम को जब शिकायत प्रशासन तक पहुंची, तब जाकर जांच शुरू हुई और टंकी खोले जाने पर लाश दिखाई दी। इस घटना से न सिर्फ अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, सर्जिकल वार्ड में सुबह मरीजों ने पानी से बदबू आने की शिकायत की थी। सप्लाई लाइन की जांच में कुछ पता न चलने पर कर्मचारी पांचवीं मंजिल पर स्थित आठ फुट ऊंची पानी की टंकी के पास पहुंचे। वहां से तेज बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई। कैंपस में पहुंची कोतवाली पुलिस, क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीम ने टंकी का ढक्कन खुलवाया तो उसमें एक पुरुष का शव पड़ा मिला। टंकी में शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे मेडिकल कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। मरीजों और उनके परिजनों ने पानी का इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शव पुराना होने के कारण क्षत-विक्षत होने लगा था, इसलिए देर शाम तक टंकी तोड़कर शव निकालने की कोशिशें जारी रहीं।

प्रशासन पर उठे सवाल कैसे पहुची पांचवीं मंजिल पर बनी टंकी में शव का पहुंचना मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। वार्ड में सौ से अधिक मरीज भर्ती हैं, बावजूद इसके पानी की वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत नहीं की गई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में पुलिस को पूरा सहयोग किया जा रहा है।

**मरीजों में गुस्सा और खौफ**

घटना के बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में गुस्सा और भय दोनों का माहौल है। रुद्रपुर से इलाज कराने आए रामदीन ने बताया कि पिछले तीन दिनों से पानी में बदबू थी, लेकिन कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया। ÷अब जब पता चला कि टंकी में शव पड़ा था, तो डर लग रहा है कि हम क्या पी रहे थे,÷ उन्होंने कहा।टंकी खाली कर परिसर को सैनिटाइज किया गया घटना के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पानी की सप्लाई तत्काल रोक दी। जल निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने टंकी खाली करवाई और पूरे परिसर–वार्ड, ओपीडी, नर्सिंग हॉस्टल और प्रशासनिक भवनों–को सैनिटाइज कराया। पानी के नमूने जांच के लिए लखनऊ स्थित राज्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही सप्लाई दोबारा शुरू की जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**●नवजात बालिकाओं को वितरित की गई बेबी किट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन एवं उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय, गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात बालिकाओं के जन्म का उत्सव मनाते हुए समाज में "बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ"का संदेश प्रसारित करना और महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों व योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी द्वारा नवजात बच्चियों को बेबी किट प्रदान की गई तथा अभिभावकों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा तक विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ऋषि कुमार ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं – जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला सहायता योजना, विधवा पेंशन योजना आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और महिला चिकित्सकीय सहायता हेल्पलाइन 181 सहित अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की स्टाफ नर्स, धात्री माताएं, महिलाएं, तथा चिकित्सालय कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्षो पुराना रास्ते पर खड़ी कर दी दीवाल ग्रामीणों का आवागमन बाधित एसडीएम से शिकायत



**मलिहाबाद।** 50 वर्ष पुराना रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों ने रहीमाबाद थाना सहित उप जिलाधिकारी से रास्ता खुलवाने की मांग की। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मवई फतेपुर गांव निवासी सुरेश सहित गांव के दर्जनभर से अधिक लोगों ने उप जिलाधिकारी मलिहाबाद सहित रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव में पचासों वर्षो से चला आ रहा एक रास्ते को गांव के ही मुन्ना पुत्र स्वर्गीय जयराम ने दीवार उठाकर रास्ता बंद कर दिया है विरोध करने पर आरोपी ने अपने घर की औरतों को आगे करके गाली-गलौच करते हुए धमकी दी है कि अब रास्ते को कोई नहीं खुलवा सकता ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर रास्ता खुलवाने व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि उप जिला अधिकारी अंकित मौर्य ने लेखपाल और राजस्व निरीक्षक से जांच करके रिपोर्ट तलब की है।

### रात में आसमान में उड़ते दिखे ड्रोन, ग्रामीणों में दहशत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के भूरकुशपुर, पूरे अड़ाना, पूरे बरजोर, लक्ष्मण का पुरवा व कान्हा का पुरवा गांव में मंगलवार की रात आसमान में ड्रोन जैसी उड़ती वस्तुएं दिखाई दीं। अचानक आसमान में रंग बिरंगी लाइटों के साथ उड़ती वस्तुएं देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे आसमान में कई मिनट तक यह चमकती रोशनी मंडराती रही। लोगों ने सामूहिक रूप से बाहर निकलकर निगरानी की। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक गांव और आसपास के क्षेत्रों में गश्त की, लेकिन ड्रोन का कोई सटीक सुराग नहीं मिल सका। गांव निवासी भूपेंद्र विश्वकर्मा, रामखेलावन पासी, शिव विलास और धीरेंद्र ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र के अलग अलग गांवों में ऐसी ही उड़ती वस्तुएं देखी जा रही हैं। इससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोग रात में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कहीं कोई ड्रोन उड़ता दिखाई नहीं दिया है। ग्रामीणों को अफवाहों से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कहा कि जब से बड़ी गांव में हुई घटना के बाद केस दर्ज किया गया तब से ड्रोन होने की सूचनाएं नहीं आ रही है। एक दर्जन से अधिक ड्रोन को कोतवाली में जमा कराया गया है। ग्रामीणों को कानून अपने हाथ में न लेने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। किसी से मारपीट न करें।

### अश्लील हरकत करने वाला युवक थाना श्रीदत्तगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा- मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई

**बलरामपुर/**श्री दत्त गंज। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार सघन कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने अश्लील हरकत करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पांडेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज श्री कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मंगलवार को अमारे भरिया तिराहा के पास से अभियुक्त जाहिद अली पुत्र मागीर (उम्र लगभग 25 वर्ष), निवासी ग्राम बभनपुरवा थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर महिलाओं और बालिकाओं को देखकर अश्लील गाने गाने व इशारेबाजी करने का आरोप है। थाना श्रीदत्तगंज में उसके विरुद्ध मु.अ.सं. 110/2025 धारा 296 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार, भानु प्रकाश यादव, हेड कॉन्स्टेबल अमरदीप मौर्या, कॉन्स्टेबल अभिषेक सिंह, पवन रावत, महिला कॉन्स्टेबल मोना व कोमल शामिल रहीं। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील हरकत करने वालों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 5 रूपये के विवाद में दोस्त पर किया धारदार हथियार से हमला, सिर और गर्दन पर आई गंभीर चोट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में खेल के दौरान पांच रुपए के विवाद ने दोस्ती को दुश्मनी में बदल दिया कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्वाल मंडी इलाके में दोस्त अनुज ने अपने ही दोस्त अर्जुन पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अर्जुन को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर बाद ग्वाल मंडी निवासी दोनों किशोर अर्जुन और अनुज मोहल्ले में कंचे खेल रहे थे। खेल के दौरान पांच रुपए की हार-जीत को लेकर दोनों में विवाद हो गया बताया जाता है कि अर्जुन ने खेल में जीतने के बाद अनुज से पांच रुपए मांगे लेकिन अनुज ने पैसे देने से इनकार कर दिया बात-बात में दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और गुस्से में आकर अनुज ने घर में रखे बांके को लेकर अचानक (धारदार हथियार) से अर्जुन पर हमला कर दिया हमले में अर्जुन के सिर और गर्दन पर गंभीर चोटें आई वारदात के बाद आरोपी अनुज मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल अर्जुन को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है परिजनों का कहना है कि दोनों बचपन के दोस्त थे और अक्सर साथ खेलते थे किसी ने सोचा भी नहीं था कि पांच रुपए का विवाद इस हद तक पहुंच जाएगा फिलहाल पुलिस ने आरोपी अनुज की तलाश शुरू कर दी है और परिवार से पूछताछ कर रही है। थाना कोतवाली नगर प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि पीड़ित का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है आरोपी के खिलाफ तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी!!

### श्री ब्रह्म बाबा वैदिक चेतना आश्रम में राम कथा का अमृत वर्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** रहीमाबाद क्षेत्र के श्री ब्रह्म बाबा वैदिक चेतना आश्रम अनीपुर ससपन में आयोजित वार्षिक महोत्सव में अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक आचार्य प्रेम जी महाराज ने राम कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य प्रेम जी महाराज ने राम कथा को 'सुरतरु की छाया के समान बताते हुए कहा, "राम कथा सुरतरु की छाया, दुख भय दूर निकट जो आया।" उन्होंने स्पष्ट किया कि राम कथा ब्रह्म वृक्ष के समान है, जो स्थिरता देती है और मूल जड़ की तरह है, जिससे जीवन का तना मजबूत होता है। यह कथा कल्पवृक्ष की छाया के समान है, जिसके आश्रय में आने से सभी प्रकार के दुख, भय और दुष्टता दूर हो जाते हैं और सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।महाराज जी ने कहा कि जो भी व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति के साथ राम कथा का आश्रय लेता है, वह जीव जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने भगवान शिव और पार्वती के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा, "पूछेव रघुपति कथा प्रसंगा, सकल लोक जग पवनि गंगा।" उन्होंने राम कथा की तुलना भागीरथी गंगा से की, जो गौमुख से निकलकर गंगा सागर तक सभी क्षेत्रों को पवित्र करती है। ठीक इसी प्रकार, राम कथा रूपी गंगा कलियुग में जन-जन तक पहुंचकर उन्हें पवित्र कर रही है।

वार्षिक महोत्सव में कथा का आयोजन आचार्य सुनील कान्त तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य मुकेश पाण्डेय, आचार्य विवेक, शिवा, मैकू प्रधान, रिकू सूर्या, दीपक सिंह और नील कमल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सीबीआई अधिकारी बनकर ठगों ने युवक से ऐंठे 21 हजार रुपये

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रेवाड़ी पसिया खेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति से ठगों ने सीबीआई अधिकारी बनकर 21 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। गांव निवासी भगवानदीन ने बताया कि उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई की लखनऊ ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि वह अश्लील वीडियो देखते पकड़ा गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपी ने धमकाकर कहा कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने आ रही है। घबराए भगवानदीन ने ठग के भेजे गए क्यूआर कोड में दो बार में 21 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब ठगों ने और रकम की मांग की तो उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत, फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना खैराबाद क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम नेशनल हाईवे-30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया हादसा अकीलपुर गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया?। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विनय कुमार पुत्र उमर निवासी खैराबाद के रूप में हुई है वहीं, हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक का नाम गुलाब पाल बताया जा रहा है दोनों किसी काम से बाइक से सीतापुर की ओर जा रहे थे जैसे ही वे अकीलपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर गिर पड़े स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल गुलाब पाल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है वहीं, विनय कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है परिवार में मातम पसरा हुआ है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना खैराबाद प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है हादसे में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर फरार




चालक की तलाश की तलाश की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी!!

## तीन भाइयों ने की युवक की हत्या ज़मीन को लेकर चल रहा था झगड़ा, पिटाई के बाद ज़हर देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया आरोप है कि तीन भाइयों ने मिलकर अपने ही भाई की जमकर पिटाई की और जब वह बेहोश हो गया तो उसे जबरन जहर पिला दिया गंभीर हालत में परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना संदना थाना क्षेत्र के पट्टी गांव की है मृतक की पहचान प्रेमचंद्र के रूप में हुई है प्रेमचंद्र का अपने तीन भाइयों पप्पू, अर्जुन और अरुण के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था मंगलवार दोपहर को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई आरोप है कि तीनों भाइयों ने मिलकर प्रेमचंद्र की बेरहमी से पिटाई की और जब वह अचेत हो गया तो उसे जहर पिला दिया परिजनों ने बताया कि प्रेमचंद्र को गंभीर हालत में सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के दौरान देर रात प्रेमचंद्र की मौत हो गई मरने से पहले प्रेमचंद्र ने अपने भाइयों और भतीजों पर पिटाई और जहर देने का आरोप लगाया था गांव वालों के मुताबिक, कुछ दिन पहले भी जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच विवाद हुआ था। मामला फिलहाल तहसील



में विचाराधीन था थाना प्रभारी संदना ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश शुरू कर दी है!!

## पसनैका के ग्रामीणों ने शुरू किया अनिश्चित कालीन धरना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इमलिया सुल्तानपुर** सीतापुर(संवाद)। ऐलिया ब्लाक मुख्यालय इमलिया सुल्तानपुर के गेट पर पसनैका के ढाई दर्जन ग्रामीणों ने वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह की अगुवाई में बुधवार की सुबह से अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है पंचायत विभाग सरकार की प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे जहाँ सरकार की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है। वहीं छात्र छात्राओं को शौंचालय, मूत्रालय का लाभ नहीं मिल सका है। जिसके सम्बन्ध में ब्लाक के अधिकारियों से लेकर जनपद के आलाधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित कर समय समय पर अवगत कराया जाता रहा है। पंचायत विभाग की इस हठ धर्मिता के चलते हम सब ग्रामीण विवश होकर धरने पर बैठे हैं। जब तक सभी विन्दुओं की निशपक्ष जांच एवं कार्यवाही का लिखित अस्वासन नहीं मिलेगा। तब तक धरना अनवरत जारी रहेगा।

आवश्यकता पड़ी तो धरना आमरण अनशन में बदल दिया जायेगा। धरने की अगुवाई कर रहे श्री सिंह ने बताया कि जूनियर विद्यालय सरांयजीत की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण का करीब सात लाख से अधिक शासकीय धन हड़पा जा चुका है। दुबारा चालू वर्ष में बिना स्टीमेट स्वीकृति कराये बाउण्ड्रीवॉल का घटिया निर्माण शुरू कराया, जिसमें नीव तक नहीं थी। जिसका विरोध कर उत्तर दिशा की अपने समक्ष नीव खुदवाई थी। शेष में परिवर्तन नहीं किया गया, उक्त विद्यालय में चार वर्ष बीतने के बाद भी शौंचालय व मूत्रालय सुविधा नहीं उपलब्ध कराई जा सकी है। जो टायली करण कराया गया उसमें बिना फर्श तोड़े ही लीपापोती की गई, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत व रीबोर में भी खेला किया गया। हैण्डपम्पों से निकाली गई पुरानी सामग्री का अता पता नहीं है। उचितदर विक्रेता चयन हेतु बैठक एजेण्डा जारी न करना पंचायत विभाग की हठधर्मिता दर्शाता है। धरने पर मुख्य रूप से मनोज कुमार, परवन, रामकुमार, मंगल सिंह, रामनिवास, रविन्द्र यादव, होरी लाल, प्यारेलाल आदि उपस्थित थे।

## जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मुजफ्फरनगर में प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर यह धरना दिया जा रहा है, जिनमें पदोन्नति पाए शिक्षकों के वेतन निर्धारण, पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ कैलकुलेशन, और नोशनल इंक्रीमेंट के प्रकरणों का निस्तारण शामिल है। मांगें पदोन्नति पाए शिक्षकों का वेतन निर्धारण कई माह बीत जाने के बाद भी पदोन्नति पाए शिक्षकों का वेतन निर्धारण नहीं हो पाया है। पुरानी पेंशन योजना 1 अप्रैल 2005 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का जीपीएफ कैलकुलेशन करने का आदेश अभी तक नहीं आया है। नोशनल इंक्रीमेंट नोशनल इंक्रीमेंट के 100 से अधिक प्रकरण 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी लम्बित हैं।

शिक्षकों की प्रतिक्रिया भारी रोष शिक्षकों में जिला विद्यालय निरीक्षक और वित्त एवं लेखा अधिकारी के खिलाफ भारी रोष है। अनिश्चितकालीन धरना जब तक मांगें पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। आंदोलन में शामिल शिक्षक डॉ. अमित कुमार जैन जिला अध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण न होने से शिक्षकों में रोष है। शिवकुमार यादव जिला संरक्षक और प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि पदोन्नति पाए शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कार्य लम्बित है।

अरुण कुमार जिला मंत्री ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ कैलकुलेशन का आदेश अभी तक नहीं आया है। सैकड़ों शिक्षक इस आंदोलन में शामिल हैं और अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

## नगर निगम डिग्री कॉलेज में 300 छात्रों को मिला कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( AI) प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence - AI) प्रशिक्षण देने का कार्य लखनऊ में जोर-शोर से जारी है। इसी क्रम में, अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज, लखनऊ में प्राचार्य डॉ. सुभाष पांडेय के कुशल निर्देशन में 8 अक्टूबर 2025 को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

1रू 1B संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में, छात्रों को EY AI Skills Passport course के अंतर्गत IBM SkillsBuild और Work Readiness के दो सत्रों में गहन प्रशिक्षण दिया गया। अब तक, कॉलेज के 300 छात्र-छात्राओं को इस महत्वपूर्ण तकनीक का प्रशिक्षण मिल चुका है।

संस्थान के प्रशिक्षक अभिनव ने छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने ‌द्व के महत्व और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण शुरू करने से पहले, सभी छात्रों का ऑनलाइन त्तक्र कोड पंजीकरण भी सुनिश्चित किया गया। प्रशिक्षक अभिनव ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। छात्रों ने सोशल मीडिया पर AI के दुरुपयोग, विशेष रूप से 'डीपफेक' और



इससे होने वाले संभावित साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। यह प्रशिक्षण छात्रों को आधुनिक तकनीकी कौशल से लैस करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दूध व्यापारी की मौत पानी में डूबने से हुई पुष्टि, 6 अक्टूबर को मिला था शव

**● परिजनों ने दो लोगों पर लगाया था हत्या का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सकरन थाना इलाके में बुजुर्ग दूध व्यापारी का शव मिलने के बाद लगे परिजनों के आरोपों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने खारिज कर दिया है। डॉक्टरों की निगरानी में हुए पोस्टमॉर्टम में बुजुर्ग की मौत की पुष्टि पानी में डूबने के कारण हुई है शव मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर जमीनी विवाद के चलते हत्या करने का आरोप लगाया था पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने परिजनों के आरोपों को खारिज कर दिया है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक साक्ष्य के साथ मामले की तफ्तीश कर रही है मालूम हो कि बीती 6 अक्टूबर की सुबह ग्राम उल्लहा निवासी दूध व्यापारी नसीम का शव गांव के बाहर पुलिया के नीचे 2 फिट गहरे पानी में पड़ा मिला था परिजनों ने घटना के दौरान पुलिस को जानकारी दी थी कि मृतक रविवार देर रात गांव के बाहर स्थित डेयरी पर दूध देने गया था देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की तो उसका सुबह तड़के शव पुलिया के नीचे मिला परिजनों ने वारदात के दौरान हत्या की आशंका जताते हुए जमीनी रंजिश में पड़ोसी गांव के निवासी हरकेश और स्वरूप पर हत्या करने का आरोप लगाया था पुलिस ने मामले की गंभीर से लेते हुए तफ्तीश और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों के आरोपों को खारिज कर दिया है। प्रभारी



निरीक्षक नवनीत मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम में बुजुर्ग की मौत डूबने से होने की पुष्टि हुई है वहीं शरीर पर किसी प्रकार के चोटों की भी पुष्टि नहीं हुई है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है!!

## यूपी रेरा ने 21वां रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

**● .....लखनऊ में चार दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ, चेयरमैन संजय भूसरेड्डी और न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने दिए मार्गदर्शन- एजेंटों से पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता हितों को सर्वोपरि रखने का आह्वान।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) के तत्वावधान में लखनऊ स्थित इंडियन लिटरेसी बोर्ड में बुधवार को चार दिवसीय 21वां रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सुनीत कुमार, अध्यक्ष रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण (REAT), और यूपी रेरा चेयरमैन संजय भूसरेड्डी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एजेंट, विशेषज्ञ और रेरा अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने उद्घाटन संबोधन में चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्रमोटर, एजेंट और रेरा रियल एस्टेट क्षेत्र के तीन अभिन्न स्तंभ हैं, जो उपभोक्ता के निवेश की सुरक्षा, पारदर्शिता और क्षेत्र के स्वस्थ विकास के साझा उद्देश्य से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रेरा की स्थापना उपभोक्ता के विश्वास को मजबूत करने और क्षेत्र में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। भूसरेड्डी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एजेंटों की व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने और उन्हें रेरा अधिनियम तथा



अन्य संबंधित कानूनों की गहरी समझ प्रदान करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि वे अपार्टमेंट ओनरशिप एक्ट, अनुबंध अधिनियम और संपत्ति अंतरण अधिनियम का अध्ययन करें तथा ग्राहकों को केवल वही जानकारी दें जो रेरा पोर्टल पर सत्यापित रूप में उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि रेरा प्रतिभागियों के सुझावों के आधार पर प्रशिक्षण में लगातार सुधार कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे और उनके विवरण रेरा पोर्टल पर अपलोड होंगे, जिसके बाद वे ऑनलाइन एजेंट रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकेंगे।

मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रेरा उपभोक्ता, प्रमोटर और एजेंट तीनों के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट एजेंटों को रेरा पोर्टल और अधिनियमों से पूरी तरह अद्यतन रहना चाहिए ताकि वे खरीदारों को प्रमाणित और सही जानकारी ही उपलब्ध करा सकें। न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने कहा कि एजेंट का दायित्व उपभोक्ता के हित को सर्वोपरि रखना है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी प्रकार की भ्रामक या असत्य जानकारी ग्राहकों तक न पहुंचे। उन्होंने कहा कि कई बार गलत जानकारी या असत्य



सौदेबाज़ी के कारण एजेंटों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, इसलिए हर चरण में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखना आवश्यक है।

प्रशिक्षण के पहले दिन यूपी रेरा के सचिव महेन्द्र वर्मा ने प्रतिभागियों से संवाद किया और प्रशिक्षण सत्रों का परिचय कराया। उन्होंने उद्योग में नैतिक आचरण और रेरा अधिनियम, नियमों व विनियमों की महत्ता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। सिस्टम विश्लेषक गणेश मिश्रा ने परियोजनाओं के प्रमोशन, मार्केटिंग दिशा-निर्देशों तथा एजेंट पोर्टल के उपयोग पर प्रस्तुति दी। इसके साथ ही स्टाम्प एवं पंजीयन अधिनियम और अन्य संबंधित विषयों पर भी विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। चार दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य रियल एस्टेट एजेंटों की पेशेवर क्षमता को सुदृढ़ करना, उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत बनाना और रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता व विश्वास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर यूपी रेरा के वरिष्ठ अधिकारी सचिव महेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव उमाशंकर सिंह, वित्तीय सलाहकार सुधांशु त्रिपाठी, लीगल एडवाइजर चन्दन कुमार सिंह, सहायक निदेशक (आईटी) अमरीश कुमार तथा इंडियन लिटरेसी बोर्ड के सलाहकार प्रवीण टंडन सहित कई अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### टेंट में काम करते समय युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम, जनरेटर की लाइन जोड़ते समय लगा करंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र के अधौरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब टेंट में काम कर रहे एक युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई घटना बुधवार की बताई जा रही है हादसे के बाद मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में घायल युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, अधौरा गांव में एक शादी समारोह की तैयारी चल रही थी इसी दौरान टेंट लगाने का काम किया जा रहा था जनरेटर से टेंट की लाइन जोड़ने के दौरान 22 वर्षीय विशाल पुत्र रामकिशोर, निवासी नेकपुर थाना महोली को अचानक विद्युत करंट लग गया करंट लगते ही विशाल मौके पर गिर पड़ा साथी मजदूरों ने तत्काल उसे संभाला और अस्पताल ले गए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है बताया जा रहा है कि विशाल अपने परिवार का इकलौता बेटा था और टेंट का काम कर घर का खर्च चलाता था उसकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलने पर महोली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए




भेज दिया है थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा जनरेटर की बिजली लाइन में लापरवाही से काम करने के दौरान हुआ है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी गांव में हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है!!

# विश्व डाक दिवस-पत्र, पार्सल और पीढ़ियों के रिश्तों का उत्सव

**डाक-केवल सेवा नहीं, विश्वास और आशा का प्रतीक**

**कागज, स्याही और संवेदनाएं-डाक की अनकही कहानी**

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। लेकिन इसकी कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उन असंख्य लोगों की कहानी है, जिनके लिए डाकघर केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आशा, अवसर और संवेदनाओं का केंद्र रहा है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। विश्व डाक दिवस केवल अतीत की गौरव गाथा नहीं गाता, बल्कि डाक सेवाओं के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित करता है। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। भारत ने हाल के वर्षों में पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे विषयों पर टिकटें जारी की हैं। ये टिकटें न केवल संग्रहकर्ताओं के लिए मूल्यवान हैं, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम भी हैं। विश्व डाक दिवस पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियां और प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं को डाक सेवाओं के महत्व से परिचित कराती हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में डाक सेवाओं की भूमिका और भी अनोखी है।




अंटार्कटिक और आर्कटिक जैसे क्षेत्रों में, जहां मानव जीवन की उपस्थिति सीमित है, डाक सेवाएं वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं तक आवश्यक सामग्री पहुंचाती हैं। उदाहरण के लिए, अंटार्कटिक में भारत के डाकघर, जो दुनिया के सबसे दुर्गम डाकघरों में से एक है, वहां कार्यरत वैज्ञानिकों के लिए संचार का एकमात्र साधन है। यह दिखाता है कि डाक सेवाएं केवल सुविधा नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक आवश्यकता हैं। विश्व डाक दिवस का सबसे गहरा संदेश भावनाओं और रिश्तों में छिपा है। एक हस्तलिखित पत्र, एक जन्मदिन कार्ड, या एक शादी का निमंत्रण–ये सभी छोटी-छोटी चीजें हमारे जीवन की सबसे कीमती यादें बन जाती हैं। डिजिटल संदेशों की दुनिया में, जहां संदेश सेकंडों में पहुंच जाते हैं, एक पत्र की प्रतीक्षा में जो मिठास और उत्साह है, वह आज भी बेजोड़ है।

विश्व डाक दिवस हमें यह सिखाता है कि तकनीक भले ही हमें तेजी दे, लेकिन सच्चा संचार भावनाओं और धैर्य में बसता है। 9 अक्टूबर केवल एक तारीख नहीं है। यह एक ऐसा दिन है, जो हमें याद दिलाता है कि डाक सेवाएं केवल पत्र और पार्सल नहीं पहुंचातीं, बल्कि वे आशा, विश्वास और मानवता का संदेश भी पहुंचाती हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें–जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू–हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# आखिर आरक्षण का ज़हर देश में कब तक घुलता रहेगा?

भारत एक ऐसा देश है जिसने हमेशा समानता, न्याय और भाईचारे की बात की है। संविधान में भी यही भावना निहित है कि हर नागरिक को समान अवसर मिले। परंतु आजादी के लगभग 78 साल बाद भी हम उस समानता के आदर्श से बहुत दूर खड़े हैं। समाज में आरक्षण के नाम पर जो विभाजन की दीवार खड़ी की गई थी, वह अब केवल सामाजिक संतुलन का साधन न रहकर राजनीतिक लाभ और वर्ग विशेष की मलाईखोरी का माध्यम बन गई है।

**आरक्षण-एक उद्देश्य था, जो अब राजनीति बन गया**

जब संविधान निर्माताओं ने आरक्षण की व्यवस्था की थी, तब उसका उद्देश्य था–सदियों से वंचित और शोषित वर्गों को मुख्यधारा में लाना। यह कदम आवश्यक भी था, क्योंकि समाज का बड़ा हिस्सा शिक्षा, रोजगार और सम्मान से वंचित था। लेकिन सवाल यह है कि जो आरक्षण 10 वर्षों के लिए अस्थायी रूप से लागू किया गया था, वह आज तक क्यों चल रहा है? क्या वाकई उन वर्गों की स्थिति आज भी वैसी ही है जैसी आजादी के समय थी? या फिर यह आरक्षण अब एक ऐसा हथियार बन चुका है, जिससे वोट बैंक की राजनीति खेली जाती है?

**आरक्षण से लाभ किसे—वंचित को या मलाईदार तबके को?**

आज देश की सच्चाई यह है कि आरक्षण का असली लाभ उसी वर्ग के कुछ प्रभावशाली लोगों को मिल रहा है जो पहले से ही शिक्षित और आर्थिक रूप से सक्षम हैं।

गांव का गरीब दलित, आदिवासी या पिछड़ा आज भी अपने हिस्से का हक पाने से वंचित है, जबकि शहरों में बैठा "आरक्षण लाभार्थी वर्ग" पीढ़ी दर पीढ़ी सरकारी नौकरियों और सुविधाओं का फायदा उठा रहा है। क्या यही था बाबा साहब अंबेडकर का सपना? क्या यही सामाजिक न्याय है कि एक ही वर्ग के भीतर असमानता को स्थायी बना दिया जाए?

**क्या अब समय नहीं आ गया कि आरक्षण आर्थिक आधार पर तय हो?**

आज भारत में हर जाति, हर धर्म में गरीब हैं। कोई भी जाति गरीबी से अछूती नहीं। ऐसे में सिर्फ जातिगत आधार पर आरक्षण देना अब अन्याय जैसा हो गया है।

अगर एक गरीब ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया या मुसलमान अपने बच्चे को दो वक्त की रोटी नहीं खिला पा रहा, तो क्या वह आरक्षण का पात्र नहीं होना चाहिए?

क्यों नहीं अब आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति बनाया जाए, ताकि वाकई जरूरतमंद को उसका हक मिल सके, न कि केवल जातिगत पहचान के आधार पर।

**शिक्षा को बने आरक्षण का मूल आधार**

यहाँ यह भी आवश्यक है कि जो भी सरकार हो, वह केवल शिक्षा को ही आरक्षण का मूल आधार बनाए।

अगर वास्तव में कोई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, तो सरकार को उसके बच्चों के लिए विशेष शिक्षा पैकेज या शैक्षिक सहायता योजना लागू करनी चाहिए, जिससे वे आगे बढ़ सकें और प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सकें। आरक्षण का मकसद केवल नौकरी पाना नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना होना चाहिए। इसी के साथ एक और बड़ा सुधार यह होना चाहिए कि जो व्यक्ति या परिवार एक बार आरक्षण का लाभ ले चुका है, उसे दोबारा उसी आधार पर आरक्षण का फायदा न दिया जाए। इससे आरक्षण का लाभ हर पीढ़ी में एक ही परिवार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नीचे के वंचित तबके तक भी पहुंच पाएगा। आज देखा जा रहा है कि जो परिवार एक बार आरक्षण की छत्रछाया में आ गया, वह पीढ़ी दर पीढ़ी सरकारी नौकरियों और सुविधाओं पर कब्जा बनाए रखता है। इससे नीचे के गरीब, जो वास्तव में ज़रूरतमंद हैं, पीछे ही रह जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति या परिवार अब किसी नौकरी या सेवा पद पर पहुँच चुका है, तो उसकी अगली पीढ़ी को बिना आरक्षण के सामान्य प्रतिस्पर्धा में मौका मिलना चाहिए। इससे योग्यता को भी बढ़ावा मिलेगा और आरक्षण के उद्देश्य की गरिमा भी बनी रहेगी। हर पद के लिए चयन का मानक केवल योग्यता और पात्रता होना चाहिए, ताकि जो योग्य है, वही आगे बढ़ सके।

**संविधान की भावना और आरक्षण का दुरुपयोग**

संविधान में आरक्षण का उद्देश्य था "समान अवसर देना, न कि स्थायी विशेषाधिकार देना।"

लेकिन राजनीतिक दलों ने इसे "वोट की फसल काटने का हथियार" बना लिया।

हर चुनाव में आरक्षण का मुद्दा उछाला जाता है, नई जातियों को जोड़ने की बात होती है, और इसी बहाने समाज को तोड़ा जाता है।

पर कोई यह नहीं सोचता कि यह नीतिगत विष आखिर कब तक देश की नसों में बहता रहेगा।

**आरक्षण से बढ़ता सामाजिक तनाव**

आज समाज के भीतर "आरक्षण प्राप्त" और "आरक्षण वंचित" दो वर्ग बन गए हैं।जहाँ एक तरफ योग्यता रखने वाला व्यक्ति निराश होकर पलायन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग केवल जन्म के आधार पर अवसर पा रहे हैं। यह स्थिति युवा पीढ़ी के मन में गहरा आक्रोश भर रही है। इसका परिणाम है – असंतोष, जातीय विभाजन और सामाजिक असंतुलन। अगर यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में आरक्षण समानता का नहीं, असमानता का प्रतीक बन जाएगा।

**आरक्षण का विकल्प — समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

अगर वास्तव में सरकारें सामाजिक न्याय चाहती हैं, तो उन्हें आरक्षण नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों पर ध्यान देना होगा। हर गरीब बच्चे को समान शिक्षा मिले, हर मेहनतकश युवक को नौकरी में निष्पक्ष मौका मिले – यही असली सामाजिक सुधार है। आरक्षण से अस्थायी राहत मिलती है, पर शिक्षा और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता ही स्थायी समाधान है।

**अंत में — एक साहसी निर्णय की आवश्यकता**

अब समय आ गया है कि देश आरक्षण की सच्चाई का सामना करे।

राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर यह तय किया जाए कि क्या आरक्षण का विस्तार देश के हित में है या केवल सत्ता की मजबूरी में? अगर आरक्षण का उद्देश्य समानता था, तो उसे आर्थिक रूप से पिछड़े हर व्यक्ति तक सीमित किया जाना चाहिए – चाहे उसकी जाति कुछ भी हो।

आरक्षण का जहर धीरे-धीरे समाज की नसों में गहराई तक उतर चुका है।अगर इस पर समय रहते मरहम नहीं लगाया गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ योग्यता की जगह जाति का बोझ लेकर जन्म लेंगी – और तब भारत "समानता" का नहीं, "विभाजन" का प्रतीक बन जाएगा।

**बृजभूषण तिवारी**

# सकारात्मक सोच निराशा से प्रकाश की ओर

निराशा और चिंता, मनुष्य की प्रगति के सबसे बड़े अवरोधक हैं। ये दोनों न केवल विचारों को कुंठित करती हैं, बल्कि व्यक्ति की ऊर्जा, उत्साह और दिशा–तीनों को निगल जाती हैं।इसलिए आवश्यक है कि हम निराशा को तुरंत अपने चिंतन से अलग करें और चिंता को मस्तिष्क में प्रवेश न करने दें। अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को "चिता" तक पहुँचाने में देर नहीं लगाती। जीवन के पथ पर यदि आप नवीन संकल्प, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो कोई बाधा स्थायी नहीं रह सकती। मन ही मन यदि किसी कठिन कार्य का संकल्प ले लिया जाए, तो जिजीविषा, संयम और संघर्ष – ये तीनों सफलता के अनिवार्य सोपान बन जाते हैं। जीवन में सदैव दुष्कर कार्य को पहले अपनाना चाहिए, क्योंकि वही हमारे भीतर की समस्त शक्ति और ऊर्जा को जागृत करता है। कठिनाइयों से पलायन करना, निराशा को जन्म देता है; और निराशा से बढ़कर कोई शत्रु नहीं। अतः हताशा त्यागें, उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ें – सफलता अवश्य आपके चरणों को चूमेगी। हर वह व्यक्ति जो समाज से अलग खड़ा दिखाई देता है, जिसे हम विलक्षण प्रतिभा या सेलिब्रिटी कहते हैं, उसकी सफलता के पीछे अनवरत परिश्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम का योगदान होता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता – विपरीत परिस्थितियों में भी जो व्यक्ति अपने संकल्प और श्रम से अडिग रहता है, वही विजयश्री का अधिकारी बनता है। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में आकांक्षाएं, मान्यताएं और प्रतिबद्धताएं होती हैं। हर कोई मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा और सामाजिक सम्मान की ऊँचाइयों को पाना चाहता है। किंतु सफलता का वास्तविक मूल्य तभी है, जब वह मानवीय मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों से पोषित हो। यदि व्यक्ति की आकांक्षा इन मूल्यों को विस्मृत कर केवल भौतिक उपलब्धि की ओर मुड़ जाती है, तो वह सफलता समाज और मानवता – दोनों के लिए संकट का कारण बन जाती है। एक वैज्ञानिक यदि अपने ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के उपकरणों के बजाय विनाशकारी हथियारों के निर्माण में करता है, तो यह उसकी प्रतिभा नहीं, बल्कि मूल्यहीनता का प्रतीक है। इसलिए सफलता का नक्शा सदैव नैतिकता, मानवता और सेवा के रंगों से रँगा होना चाहिए। जीवन में मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता ही लक्ष्य की सार्थकता निर्धारित करते हैं। सफलता का मापदंड केवल व्यक्तिगत उपलब्धि न होकर मानव कल्याण से जुड़ा होना चाहिए। विश्व की समस्त सभ्यताओं, धर्मों और संस्कृतियों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा और विश्व बंधुत्व की समान उपस्थिति इसका प्रमाण है। यही मूल्य वैश्विक विकास की आधारशिला हैं। भारत जैसे प्राचीन देश में इन मूल्यों की परंपरा अत्यंत सुदृढ़ रही है। हमारे ऋषि-मुनियों ने कहा है – "जिसका चरित्र चला गया, वह व्यक्ति मृत समान है।" भारतीय संस्कृति के इतिहास में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं – कबीर, रैदास, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद – जिन्होंने सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को ही अपनी सफलता का शिखर माना और अपना जीवन समाज को समर्पित कर दिया। इसलिए मनुष्य को महज़ सफलता का उपासक न बनकर मूल्य-समर्पित व्यक्ति बनने का प्रयत्न करना चाहिए। तभी उसकी उपलब्धि क्षणिक न होकर चिरस्थायी और समाजोपयोगी बन सकेगी। आज का मनुष्य तत्कालिक सुख और अस्थाई सफलता की मरीचिका में अपने मूल्यों को विस्मृत कर रहा है। लालच और प्रतिष्ठा की झूठी चमक उसे नैतिकता से दूर ले जा रही है। परंतु याद रखें पानी की पतली धारा नदी नहीं बन सकती, उसी प्रकार मूल्यहीन सफलता स्थाई नहीं होती। विशेष रूप से राजनीति और प्रशासन में मूल्य और सिद्धांतों की आवश्यकता और भी अधिक होती है। क्योंकि राष्ट्र संचालन की दिशा निर्धारित करने के लिए



मानवीय संवेदना, नैतिकता और नीतिगत दृढ़ता अनिवार्य हैं। इनका अभाव समाज को दिग्भ्रमित, अव्यवस्थित और विभाजित कर देता है। वास्तविक और शाश्वत सफलता वही है, जिसमें जीवन के मूल्य और सिद्धांत निहित हों। वही राष्ट्र दीर्घकाल तक स्वतंत्र, समृद्ध और आदर्श बना रह सकता है, जिसके नागरिक और शासक अपने कार्यों में नैतिक प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदना को सर्वोपरि रखते हैं। अन्यथा मूल्यविहीन समाज और राष्ट्र अंततः विखंडन की ओर बढ़ जाता है। सफलता का वास्तविक अर्थ केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि मूल्य आधारित उपलब्धि है। निराशा का त्याग और सकारात्मक सोच से संकल्पित जीवन ही वह दीपक है, जो अंधकार को प्रकाश में बदल देता है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## आखिर न्यायपालिका के प्रति आक्रोश की मूल वजह क्या है?

हाल ही में सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना नहीं की गई होगी। शीर्ष अदालत के शीर्ष मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। हमारे देश में अदालतों को 'न्याय के मंदिर' माना जाता है तथा न्यायाधीशों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और उनसे बिना किसी भेदभाव के सबके प्रति एक जैसा भाव रखते हुए न्याय करने की उम्मीद की जाती है, फिर भी अपवाद स्वरूप कुछ घटनाएं हुई हैं जिनमें न्यायाधीशों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश कुछ लोगों ने की है। 6 अक्तूबर सोमवार को सुप्रीमकोर्ट में एक केस की सुनवाई के दौरान 'राकेश किशोर' नामक एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर जूता उछालने की कोशिश की परंतु श्री गवई ने संयम बनाए रखा और वकीलों से दलीलें जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा, "इन सब बातों से आप लोग विचलित मत हों। इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता।" घटना के बाद वकील 'राकेश किशोर' ने कहा कि उसने जूता सिर्फ मुख्य न्यायाधीश की ओर उछाला था। इसके बाद कोर्ट रूम सिक्योरिटी वाले उसे डिटेन करके तुरन्त अदालत परिसर से बाहर ले गए तथा बाद में पुलिस ने उसे रिहा कर दिया। जब उसे बाहर ले जाया जा रहा था तो वह चिल्लाते हुए कह रहा था, "सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।" वकील 'राकेश किशोर' का कहना था कि," सी.जे. आई. के भगवान विष्णु पर दिए बयान से मैं आहत हूं। उनकी टिप्पणी पर यह मेरी प्रतिक्रिया थी और जो हुआ मुझे उसका अफसोस नहीं।" आपको बता दें कि 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी उल्लेखनीय है कि यह मामला 'खजुराहो मंदिर' के भगवान विष्णु की मूर्ति पर दिए गए श्री गवई के बयान से जुड़ा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान श्री गवई ने कहा था कि "यह पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन है। अब देवता से ही पूछ लो कि क्या करें।" यूनेस्को की विश्व धरोहरों में अपना विशेष स्थान रखने वाले खजुराहो के एक मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्स्थापना के संबंध में सीजेआई के बयान की बहुत आलोचना हुई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की टिप्पणी से संबंधित है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति की बहाली की याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को भगवान से ही प्रार्थना करनी चाहिए,कि वही कुछ करें। गवई की यह टिप्पणी निसंदेह अनावश्यक अतिरिक्त और व्यंगात्मक थी उनकी इसी टिप्पणी ने सारा बखेड़ा खड़ा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के गलियारों से राजनीतिक धार्मिक हल्कों से गुजरते हुए लोगों को आक्रोश सोशल मीडिया पर भी दिखा। आरोप लगाया गया कि सीजेआई अपनी बुद्धिस्ट सोच और मान्यता के चलते जानबूझकर सनातन को लज्जित करने के लिए इस तरह की टिप्पणी एक जिम्मेदार पद पर बैठ कर कर रहे हैं। आप को बता दें कि जानकार लोगों का मानना है कि अदालत के सामने याची अपनी याचिका पर न्याय की उम्मीद से जाते हैं चूंकि सुप्रीम कोर्ट न्याय का सबसे बड़ा और अंतिम उपादान है इस लिए भी पदस्थ न्यायमूर्ति का दायित्व बहुत अहम होता है यदि वह न्याय की श्रेष्ठतम सीट पर बैठ कर भी कोई अनर्गल टिप्पणी विषय वस्तु या तथ्यों से हट कर करते हैं तो यह उनकी भावना दुर्भावना को जोड़ सकता है। मौजूदा मामले में भी ऐसा ही हुआ। स्पष्ट न्यायिक निर्देश आदेश पारित न कर एक कथित व्यंगात्मक टिप्पणी कर देश के बहुल समाज की आस्था और मान्यता पर व्यंगात्मक लहजा गलत संदेश देने वाला साबित हुआ। हालांकि सीजेआई महोदय ने सफाई देने की कोशिश की कि क्योंकि खजुराहो मंदिर मूर्ति का मामला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकार क्षेत्र में आता है. इस लिए उन्होंने खंडित मूर्ति को बदलना की मांग निरस्त कर दी। इस बयान के बाद विवाद हुआ, जिसके बाद सीजेआई गवई ने स्पष्ट किया कि उन्होंने सभी धर्मों का सम्मान किया है और उनके बयान को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से पेश किया गया। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि मूर्ति एक पुरातात्विक स्थल पर है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ही इस संबंध में कुछ कर सकता है, इसलिए अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती. उन्होंने याचिकाकर्ता से 'भगवान से ही कुछ करने के लिए कहने' को भी कहा, जो एक हास्यप्रद टिप्पणी मानी गई. इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया, जिसमें कई लोगों ने इसे हिंदू समुदाय और उनकी आस्था का अपमान बताया. विवाद बढ़ने के बाद, जस्टिस गवई ने स्पष्ट किया कि उनका किसी की आस्था को ठेस पहुँचाने का कोई इरादा नहीं था. उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया था और वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं. अब मामले के अन्य पहलुओं पर भी विचार किया जाना जरूरी है। लंबे समय से भारत की न्यायपालिका आम जनमानस में अपना सम्मान प्रतिष्ठा खो रही है इसके पीछे जजों के चयन के लिए कालेजियम की व्यवस्था और इस व्यवस्था के तहत पीढ़ी दर पीढ़ी कुछ गिने-चुने परिवार के बेटे पोते नयायाधीश नियुक्त करना बेहद गलत और शुचिता के स्थान पर आधारभूत पक्षपात और राजाओं के प्रीवीपर्स व्यवस्था के जैसा है तीन दशक पहले कुछ लोगों और सत्तारूढ़ दलों ने अपने हित के हिसाब से यह कालेजियम से जजों की नियुक्ति की व्यवस्था की। इस के अलावा पिछले दिनों एक हाइकोर्ट के जज के आवास के एक हिस्से मे जिस तरह बोरों में भरे करोड़ों की करेंसी नोट जलने की घटना सामने आइ लेकिन उन जज साहब पर कोई समुचित कार्यवाही नहीं की गई इस से भी न्यायपालिका की साख को बट्टा लगा और आम जनमानस में अदालतों के प्रति एक असहमति भरा माहौल जन्म लेने लगा। कालेजियम से पीढ़ी दर पीढ़ी न्यायाधीश नियुक्त करने वाली व्यवस्था और बोरों में नोट रखने वाले जज के खिलाफ भी बंधे हाथ वाले न्यायिक तंत्र के सबसे बड़े पद पर आसीन माननीय को एक पढ़ा लिखा सुप्रीम कोर्ट मे वकालत करने वाला एडवोकेट अपना तमाम प्रोफेशनल कैरियर परिवार जीवन सम्मान रोजी रोटी दाव पर लगा कर यदि कोई बेहद अप्रिय कदम उठाता है तो विश्लेषण करना चाहिए कि यह आक्रोश व्यक्ति / व्यवस्था / तंत्र / भ्रष्टाचार किसके खिलाफ आक्रोश की परिणति है? समस्या के मूल में जाना होगा! हालांकि 'बार काऊंसिल आफ इंडिया' ने वकील 'राकेश किशोर' का लाइसैंस तुरन्त प्रभाव से निलंबित कर दिया है, परन्तु इतना ही काफी नहीं है। वकील के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई वकील तो क्या कोई भी अन्य व्यक्ति इस तरह की धृष्टता न कर पाए।लेकिन साथ ही साथ उस न्यायपालिका के सिस्टम की भी समीक्षा की जानी चाहिए जिसमें साढे चार करोड़ मुकदमे न्याय के इंतजार में फाइलों में धूल फांक रहें हैं जबकि तारीख पर तारीख देने वाली इन्हीं अदालतों के शीर्ष न्यायमूर्ति एक आतंकवादी की सुनवाई रात को दो बजे अपने आवास पर अदालत लगा कर करते हैं यह कैसी न्यायिक व्यवस्था है जो निठारी कांड के करीब बीस बच्चों के आरोपित अभियुक्तों को उन्नीस साल बाद निर्दोष बरी कर देती है और दोबारा विवेचना कर असली दोषियों को खोजने का आदेश भी पारित नही करती। 100 रूपये की रिश्वत के मामले में 47 साल सुनवाई करने के बाद आरोपी को निर्दोष बरी करती है लेकिन इन साढ़े चार दशक में उसकी पत्नी की मौत और परिवार को बेहद यंत्रणा से गुजरना पड़ता है। जाहिर है यह समूचे सिस्टम की नाकामी और उससे उपज रही हताशा की परिणति है बेशक इस अभद्रता को जायज नहीं बताया जा सकता है लेकिन इस से सुधार का सबक लिया जा सकता है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# भारत मे पुरुष आयोग का गठन जल्द करे -भारत सरकार

वर्तमान आधुनिक युग मे आज अमूमन आम हो या खास बड़े हो या छोटे या आमिर हो या गरीब परिवारों मे सबसे बड़ी समस्या वेचारिक भिन्नता कि हे जिसके चलते आज आम घरों मे भोतिक सुख सुविधा ओर विलासिता की सबकुछ वस्तुए होने के बाद भी बड़ी संख्या मे स्त्री हो या पुरुष अपने ही घर के अंदर कुंठित, प्रताड़ित, उदास ओर अकेलापन महसूस करता हे ! इसी वैचारिक भिन्नता के चलते आज घरों मे क्लेश होना आम बात हो गई हे ! आज देश की अदालतों मे इसी वैचारिक भिन्नता के चलते ही परिवार टूटने के कारण सर्वाधिक तलाक ओर पारिवारिक संपत्ति के केस अदालतों मे लंबित हे ! स्त्री हो या पुरुष दोनों को ही जब इस देश मे स्वतंत्रता पूर्वक जीने का अधिकार समान हे तो फिर दोनों को ही अपनी अपनी बात रखने का पूरा अधिकार क्यों नहीं हे ? जिस प्रकार महिलाओं के हितों रक्षा करने ओर उनको बढ़ावा देने के उद्देश से जिस प्रकार से राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया हे उसी प्रकार से देश मे राष्ट्रीय पुरुष आयोग का भी गठन भी किया जाना चाहिए था किन्तु वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए देश मे पुरुष आयोग का गठन किया जाना एक नितांत आवश्यकता हे ! देश जेसे जेसे संपन्न आधुनिक ओर हाइटेक होता जा रहा हे वेसे वेसे पारिवारिक कलह तनाव अनिद्रा आज देश के लोगों की गंभीर समस्या का रूप धारण करता जा रहा हे ! बेशक जिस प्रकार से इस आधुनिक युग मे महिलाओं के हितार्थ अपनी बात रखने हेतू ओर उन्हें न्याय दिलाने हेतू राष्ट्रीय महिला आयोग कार्य करता हे उसी तर्ज पर पुरुष मन की बात समझने सुनने हेतू भी पुरुष आयोग का होना बेहद जरूरी हे ! पारिवारिक




तनाव के चलते देश मे अमूमन रोज ही पुरुषों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं कि बढ़ोतरी इस बात कि ओर भी इंगित किया जाता हे कि उसके मन कि बात सुनने वाला उसकी तकलीफ को समझने वाला न कोई घर परिवार ओर सरकार के सिस्टम मे था जिसके चलते आत्महत्या जेसे घातक कदम उठाने से भी अब युवा पुरुष हिचकते नहीं हे ! बेकोल आज की नारी सब पर भारी हे ओर यह देश के लिए बड़े गर्व कि भी बात हे कि हिंदुस्तान मे कभी चार दीवारी मे कैद रहने वाली नारिया आज आधुनिक युग मे देश के सर्वोच्च पद से लेकर हर क्षेत्र मे पुरुषों कि बराबरी से कार्य कर रही हे ! अब इस देश मे गाव हो या शहर नारी खुद अपने बूते आत्मनिर्भर होकर खड़ी हुई हे जिसके चलते वह अब अपने अनुसार अपना जीवन जीना चाहती हे ओर यही वजह आज घरों मे महिला पुरुष ओर बच्चों कि वेचारिक भिन्नता का सबसे बड़ा कारण भी बनता रहा हे ! देश मे आज उच्च शिक्षित, घरों मे पारिवारिक विघटन होना विकसित होते भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करता हे ! आज देश मे आदमी जितना ज्यादा शिक्षित ओर संपन्न होता जा रहा हे तो अपराध भी उतने ही हाईटेक होते जा रहे हे ! पहले हर अपराध के पीछे पुरुष का हाथ होता था ओर उसे उसके जघन्य अपराधों के लिए फांसी तक कि सजा इस देश के कानून ने दी हे लेकिन आज के आधुनिक युग मे महिलाएं भी अपराध को अंजाम देने मे पुरुषों से पीछे नहीं रही हे ! इस देश मे दर्जनों प्रकरण ऐसे अभी सामने आए जिसमें महिलाओं द्वारा साजिश रचकर अपने ही पति या परिवार के लोगों की आत्महत्या कि गई या फिर अपनी ही पत्नी कि प्रताड़ना से तंग आकर दर्जनों पुरुषों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर देना इस ओर इंगित करता हे कि आज देश मे परिवार वेचारिक बारूद के ढेर पर टीके हे ओर आज यह कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि कब तक इन रिश्तों मे मिठास कायम रहेगी !

देश मे बढ़ते पारिवारिक विघटन को रोकना हे ओर सभी धर्मों जाती के परिवारों मे शांति ओर प्रेम का वातावरण बना रहे तो महिलाओ कि तरह पुरुषों को भी अपने मन कि बात कहने का अपने दुख दर्दों को बया करने का ओर घोर निराशा मे भी उम्मीदों कि लो जगाने वाला मंच की नितांत आवश्यकता हे ! अत ःभारत सरकार से निवेदन हे कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तरह ही देश मे राष्ट्रीय पुरुष आयोग का गठन यथाशीघ्र किया जाए ताकि पुरुष भी अपने मन कि बात से अपने दिल के दर्द से देश को अवगत करा सके !

**हरीश शिवनानी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 9 से 18 अक्टूबर तक देवरिया क्लब में लगेगा स्वदेशी मेला

**स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा, निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध**

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद में 9 से 18 अक्टूबर तक देवरिया क्लब परिसर में स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना तथा दीपावली से पूर्व स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी को प्रोत्साहित करना है। मेले में उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, माटीकला बोर्ड, हथकरघा विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, ओडीओपी, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों और स्वयं सहायता समूहों को निःशुल्क स्टॉल दिए जाएंगे। डीएम ने बताया कि मेले में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि 9 से 18 अक्टूबर तक 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलने वाले मेले की सभी तैयारियां समय से पूरी कराई जाएं।

### यातायात पुलिस का अभियान, 104 वाहनों का ई-चालान, 13 सीज

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने देवरिया शहर में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड, बस स्टैंड और न्यू कॉलोनी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, गलत नंबर प्लेट, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने और अनुबंधित बसों द्वारा सड़क पर सवारी भरने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई हुई। यातायात पुलिस ने 104 वाहनों का ई-चालान किया तथा 13 वाहनों को सीज किया।

### गगहा में दबंगों का राज कायम, न्यायालय के आदेश की उड़ाई धज्जियां

**गोरखपुर।** बांसगांव तहसील क्षेत्र के गगहा थाना अंतर्गत ग्राम ढरसी में दबंगों द्वारा दीवानी न्यायालय के स्थगन आदेश की खुलेआम अवहेलना का मामला सामने आया है। आरोप है कि योगी सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद दबंग तत्व जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, ग्राम ढरसी निवासी कमला तिवारी पुत्र स्व. रामकिंकर तिवारी की आराजी नंबर 95 चक भूमि पर विनोद तिवारी पुत्र राममूर्ति तिवारी द्वारा जबरन नींव खोदकर दीवार उठाई जा रही है। जबकि इस भूमि पर चल रहे मुकदमे (संख्या 755/21, कमला तिवारी बनाम विनोद तिवारी) में माननीय दीवानी न्यायालय बांसगांव ने स्थगन आदेश जारी कर रखा है। पीड़ित के मुताबिक, गगहा पुलिस को सूचना देने पर हल्का एसआई ने काम रुकवाया, पर उनके लौटते ही दबंगों ने पुनः निर्माण शुरू कर दिया। तहसील और एसडीएम कार्यालय से भी अपेक्षित कार्रवाई न होने पर पीड़ित निराश है। कमला तिवारी का कहना है कि "योगी राज में भी दबंगों का बोलबाला है और प्रशासन बेबस दिखाई दे रहा है।" गांव में इस प्रकरण को लेकर लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों पर कोतवाली गैसड़ी पुलिस की सख्ती, 7 व्यक्तियों का चालान



**बलरामपुर/गैसड़ी** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विशाल पांडेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कोतवाली गैसड़ी के नेतृत्व में मंगलवार को थाना क्षेत्र में शराब के ठेकों के आस-पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों एवं सड़क किनारे शराब सेवन कर रहे लोगों पर कार्रवाई की। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए गए 7 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 292 बी.एन.एस. के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, हुड़दंग या अव्यवस्था फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि जनपद में शांति, अनुशासन और कानून व्यवस्था कायम रहे।

# महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के पानी की टंकी में शव मिलना व दूषित पानी पिलाना घोर लापरवाही- अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में पानी की टंकी में मिले अज्ञात शव मामले में मेडिकल कालेज प्रशासन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिंह ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस से मुखातिब होते हुए मेडिकल कालेज प्रशासन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कॉलेज परिसर में पानी आपूर्ति के लिए बनाये गए टैंक में एक अज्ञात व्यक्ति का शव कई दिनों तक सड़ता रहा परन्तु मरीजों के तीमारदारों व कर्मचारियों की बार-बार शिकायतों के बावजूद मेडिकल कॉलेज प्रशासन का अनसुना रवैया मानवीय संवेदनाओं पर आघात है बल्कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन की प्रणालीगत विफलता को भी उजागर करती है। कहा कि शव सड़ने लगा, दुर्गंध फैलने के बावजूद कॉलेज प्रशासन और संबंधित अधिकारियों ने उदासीनता बरती। उन्होंने कहा कि दूषित पानी की जांच तक नहीं की गयी। कॉलेज परिसर में सैकड़ों लोग वही पानी पी रहे थे, जो गंभीर स्वास्थ्य खतरे को जन्म दे सकता था। पानी की जांच तक नहीं कराई गई, जिससे कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और भी भयावह हो जाती है।

**प्राचार्य की भूमिका पर सवाल — कार्रवाई अधूरी**

सिंह ने कहा कि घटना के बाद कॉलेज प्राचार्य को हटाया गया है जो अधूरी कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी भयावह लापरवाही के बाद प्राचार्य का स्थानांतरण पर्याप्त नहीं, प्राचार्य को बर्खास्त किया जाना चाहिए। यह सिर्फ एक शव की बात नहीं, बल्कि मेडिकल कॉलेज में मानवीय जीवन से खिलवाड़ का मामला है।



**'किसकी कृपा से बने रहे वर्षों तक पद पर?'**

श्री सिंह ने सवाल उठाया कि पिछले पांच वर्षों में लगातार शिकायतों और घटनाओं के बावजूद प्राचार्य लगातार 5 वर्षो तक कैसे पद पर बने रहे? उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पिछले पांच वर्षों में कई घटनाएं हुई हैं। हर बार मामला दबा दिया गया। अब समय आ गया है कि पांच वर्षों के बजट और ग्रांट की एसआईटी जांच कराई जाए, ताकि यह पता चल सके कि मेडिकल कालेज में कितने का घोटाला किया गया है।

**'माननीय लोग मौन क्यों?'**

श्री सिंह ने आश्चर्य जताया कि देवरिया के जनप्रतिनिधियों ने अब तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि यह केवल मेडिकल कॉलेज की बात नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जवाबदेही का सवाल है। जब लोग उसी टंकी का दूषित पानी पी रहे थे, तो यह उनके लिए खतरे की घंटी है।

**मांग — निष्पक्ष जांच और दोषियों का निलंबन**

कांग्रेस प्रवक्ता ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर एसआईटी जांच कराई जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने कहा कि यह घटना आम जन मानस को झकझोर देने वाली घटना है। यह केवल एक शव का मामला नहीं, बल्कि उस प्रशासनिक सुस्ती और संवेदनहीनता का आईना है, जो आज समाज के सबसे कमजोर वर्ग की आवाज तक को अनसुना कर रही है।

# मिशन नारी शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**● प्रभारी निरीक्षक ने साईबर फ्राड समेत अन्य आपातकालीन नंबरों को लेकर किया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पडौ़ली स्थित परिषदीय विद्यालय में मिशन नारी शक्ति अभियान फेज 5 के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साईबर फ्राड से बचाव समेत आपातकालीन पुलिस 112, वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, 1930 आदि आपातकालीन नम्बरों को लेकर विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने छात्राओं को



जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अंजान नंबर से फोन आने पर ओटीपी शेयर ना करें तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर तत्काल फोन करें पुलिस आपकी सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि इस समय साईबर फ्राड ज्यादा हो रहा है। साईबर फ्राड के द्वारा लाभ का प्रलोभन देकर हैकरों द्वारा बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कर लिया जा रहा है। उन्होंने महिला जनकल्याणकारी योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, महिला समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र बहादुर सिंह, महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़, प्रधानाध्यापक इजहार मलिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीडीओ की गाड़ी से कुचलकर दो साल की मासूम की मौत, गोरखपुर में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रशासनिक अमले की लापरवाही ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। बुधवार सुबह गुलरिहा थाना क्षेत्र के मोगलहा स्थित जेमिनी पैराडाइज के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां महराजगंज के जिला विकास अधिकारी (DDO) की सरकारी गाड़ी की चपेट में आकर दो साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने बच्ची को आनन-फानन में बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुधवार को सुबह करीब 9:30 बजे गोरखपुर-महराजगंज फोरलेन पर सफेद रंग की टाटा सूमो (सरकारी वाहन) तेज रफ्तार में आ रही थी। जेमिनी पैराडाइज के पास सड़क किनारे खड़ी शमसुन अपनी दो साल की



बेटी माधुरी को गोद में लेकर खड़ी थीं। तभी वाहन ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बच्ची को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसे के बाद सड़क पर खून फैल गया और वहां चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह गाड़ी वहीं छोड़कर भीड़ के डर से फरार हो गया। सूचना पाकर गुलरिहा पुलिस मौके पर पहुंची और डीडीओ महराजगंज लिखी सरकारी गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक बच्ची माधुरी के पिता नेवी उर्फ लंगड़ बांसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम कस्बे के रहने वाले हैं, जो भीख मांगकर अपना जीवनयापन करते हैं। वह वर्तमान में पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलों गांव के पास अपने परिवार के साथ झोपड़ी डालकर रह रहे थे। सुबह शमसुन अपनी बेटी माधुरी के साथ सड़क किनारे खड़ी थीं कि तभी यह हादसा हुआ।

घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां शमसुन बेहोश हो जा रही है और बार-बार यही कह रही है – "मेरी बेटी मुझे छोड़कर क्यों चली गई।" स्थानीय लोगों ने प्रशासन से चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वाहन की पहचान की जा चुकी है और चालक की तलाश जारी है। शुरुआती जांच में यह पुष्टि हुई है कि गाड़ी महराजगंज के जिला विकास अधिकारी के नाम पर आवंटित है। फिलहाल गाड़ी को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं ने दिखाया नेतृत्व, महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

**●एक दिवस की जिलाधिकारी बनी शिवानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा शिवानी ने एक दिवस की जिलाधिकारी बनकर प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाई, वहीं दूसरी ओर सदर ब्लॉक में राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जागरूकता गोष्ठी का आयोजित हुई।

**'एक दिवस की जिलाधिकारी' बनकर शिवानी ने संभाला जिम्मा**

महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं को नेतृत्व, आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया। कक्षा 11 की छात्रा शिवानी ने



जिलाधिकारी कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई के दौरान जनता की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शिवानी ने प्रशासनिक प्रक्रिया, शिकायतों के निस्तारण, नागरिक सेवाओं और सुशासन से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। एक दिवस की जिलाधिकारी के रूप में उन्होंने एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित कार लोन कैम्प का उद्घाटन किया और महिला वित्तीय सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, केंद्र प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, तथा जेंडर स्पेशलिस्ट मंशा सिंह सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत सदर ब्लॉक में राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में आयोजित महिला जागरूकता गोष्ठी में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, और बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमती शाही ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। मिशन शक्ति का उद्देश्य हर महिला को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएँ, छात्राएँ, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियाँ, आशा बहुएँ, समाजसेवी, और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण के विषय पर अपने विचार साझा किए और सरकारी योजनाओं से जुड़ने का संकल्प लिया।

# नाबालिग के भगाने के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर। (गोलाबाजार)**– गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सामने आने के बाद स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग़ोला संवादाता बृजनाथ तिवारी अनुसार मिली जानकारी के अनुसार, गोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय नातिनी रविवार दोपहर घर से यह कहकर निकली थी कि वह गोपालपुर दवा लेने जा रही है। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी



तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि गोपालपुर निवासी आनंद पुत्र शिवकुमार और रावतपार, थाना बांसगांव निवासी नितेश पुत्र लक्ष्मण उर्फ भेल्लर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि लड़की की मां कैंसर पीड़ित हैं और इस समय बीएचयू, वाराणसी में भर्ती हैं, जबकि पिता विदेश में नौकरी करते हैं। नाबालिग जाते समय घर में रखे सभी सोने के जेवर – जिनमें माला, अंगूठी, कान की बाली और छोटी बहन की बाली शामिल हैं – के साथ लगभग दस हजार रुपये भी लेकर चली गई।

परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपितों ने सुनियोजित तरीके से नाबालिग को फुसलाया और अपने साथ ले गए हैं। तहरीर मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष गोला राहुल शुक्ला ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम आरोपितों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# वन कर्मियों ने मनाया वन्य जीव प्राणी सप्ताह

**● वन क्षेत्राधिकारी ने वन और वन्य जीवों के महत्व और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिकाओं के बारे में किया लोगों को जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के रतनपुर में स्थित विश्वम्भर नाथ जनता इंटर कालेज में बुधवार को क्षेत्रीय वन अधिकारी आरपी सिंह के नेतृत्व में वन्य जीव प्राणी सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं विज्ञान वर्ग के बालक बालिकाओं द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें वन्य जीव प्राणी से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी आरपी सिंह ने वन और वन्य जीवों के महत्व और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिकाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों का संरक्षण और पर्यावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखने की



जिम्मेदारी केवल सरकार व वन विभाग की ही नही बल्कि हर नागरिक की है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भारत की समृद्ध जैव विविधता के प्रति लोगों को जागरूक करना है, बल्कि वन्य जीवों के संरक्षण हेतु सामूहिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करना है। ऐसे में वन्य जीव हमारे पारिस्थितिक संतुलन का मूल आधार हैं। इनका संरक्षण न केवल प्रकृति की रक्षा है, बल्कि मानवता के हित में भी है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पाण्डेय, शिक्षक करूणेश पति त्रिपाठी, प्रभाकर शुक्ल तथा वन विभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राकेश कुमार, वन दरोगा जितेन्द्र कुमार गौड़, अंकित राय, वन रक्षक राजेश श्रीवास्तव कुलदीप द्विवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंर्तगत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में उप निरीक्षक रणविजय सिंह व रामनाथ यादव, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, महिला आरक्षी तृप्ति चौबे तथा बबिता सिंह द्वारा गोल्हौरा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग का भ्रमण किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम मझवन कला व जिगनिहवा में चौपाल लगाकर हेल्पलाईन नं. 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को आपराधिक घटनाओं व घरेलू हिंसा से बचने के उपाय बताए गए।

# राजस्व व पुलिस के मौजूदगी में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**● प्राथमिक विद्यालय व सड़क की जमीन पर वर्षो से अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कराकर किया कब्जा मुक्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगवलिया टोला करौता में बुधवार को तहसील व पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच हाईकोर्ट के आदेश पर प्राथमिक विद्यालय व सड़क की जमीन पर वर्षो से अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त करा दिया। ध्वस्तीकरण के दौरान कब्जाधिरियों में चीख पुकार व हाहाकार मचा रहा। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगवलिया टोला करौता निवासी विक्रम पासवान पुत्र टिकोरी ने तहसील दिवस से लेकर मुख्यमंत्री दरबार में शिकायत दर्ज कराया था कि प्राथमिक विद्यालय गंगवलिया व सड़क की जमीन पर रामजतन पासवान, रामहित राजभर व रामसमुझ पासवान ने कब्जा कर अवैध तरीके से पक्का मकान निर्माण कर रहे हैं। शिकायत कर्ता ने वर्ष 2017 में तहसील कोर्ट व हाईकोर्ट इलाहाबाद में अवैध निर्माण को लेकर वाद दाखिल किया था। तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण हटाने के लिए कई बार नोटिस भी जारी किया था। हाईकोर्ट इलाहाबाद का आदेश आने के बाद बुधवार को तहसील प्रशासन ने परसामलिक व बरगदवा थाने की फोर्स की कड़ी सुरक्षा के बीच बुलडोजर लगवाकर अवैध मकान को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान नौतनवा तहसीलदार कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, लेखपाल रमेश, परसामलिक थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार राय बरगदवा थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार व पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# खुशी जायसवाल बनीं एक दिन की ख़जनी ब्लाक का बीडीओ, संभाला कार्यालय, दिखाई प्रशासनिक दक्षता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी गोरखपुर।** नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए खजनी ब्लॉक के ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) रमेश शुक्ला ने एक प्रेरणादायक पहल की। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सेंट ऐंट इंटर कॉलेज, हरनही की कक्षा 10 की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी जायसवाल को "एक दिन की बीडीओ" बनाया गया। इस पहल ने न केवल क्षेत्र में चर्चा बटोरी बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी नई उड़ान दी। खुशी जायसवाल ने बुधवार को पूरे दिन ब्लॉक कार्यालय की कमान अपने हाथों में संभाली। उन्होंने सबसे पहले कार्यालय के सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और ब्लॉक के विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों से संबंधित योजनाओं, विकास कार्यों, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया और स्वच्छ भारत मिशन



जैसे कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। बीडीओ रमेश शुक्ला ने खुशी को ब्लॉक के प्रशासनिक ढांचे से अवगत कराते हुए उन्हें निर्णय लेने, फाइल निरीक्षण, व जनता से संवाद जैसे अधिकार सौंपे। खुशी ने आत्मविश्वास के साथ अधिकारियों से संवाद किया और कार्यालय में आने वाले ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि यह अनुभव उनके लिए जीवनभर की प्रेरणा रहेगा। "मुझे ऐसा लगा जैसे मैं सच में लोगों के जीवन में बदलाव लाने की जिम्मेदारी निभा रही हूं," खुशी ने कहा। कार्यक्रम के समापन पर बीडीओ रमेश शुक्ला ने खुशी को एक प्रेरणादायक पुस्तक और वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, "यह पहल मिशन शक्ति के उद्देश्यों को सशक्त बनाती है। जब बेटियां प्रशासनिक कार्यों को करीब से समझेंगी, तो वे भविष्य में समाज सुधार की दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकेंगी।" इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पं.) राजीव दूबे, ग्राम पंचायत सचिव रोशन सिंह, रामपाल, चैतन्य त्रिपाठी, सतीश चंद यादव, शिवेंद्र पाल सिंह, लोकनाथ, कमलेश शाह, कुंदन यादव, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कंसल्टेंट अतुल कुमार सिंह, टेक्निकल असिस्टेंट नरेंद्र सिंह, गोविंद शुक्ला, विश्वनाथ चौरसिया सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय शिक्षकों और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "एक दिन की बीडीओ" जैसी पहलें समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। इस कदम ने यह साबित कर दिया कि बेटियां अगर मौका पाएँ, तो किसी भी क्षेत्र में अपनी क्षमता का लोहा मनवा सकती हैं।

# ग्राम सभा वसडीला मे रामलीला के पहले दिन नारद मुनि अहंकार और श्री विष्णु लीला का मंचन

**●प्राचीन काल से ग्राम सभा बसडीला में रामलीला का मंचन होता था इसमें सभी पत्र गांव के ही होते थे गौरी शंकर शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी** – गोरखपुर तहसील खजनी क्षेत्र मे स्थित ग्राम सभा वसडीला मे मुख्य रामलीला का मंचन आज दिन मंगलवार को नारद मोह का मंचन हुआ। पहले दिन नारद मुनि भगवान विष्णु की भक्ति में साधना करते हैं। जिसमें नारद मुनि को तप करते देख देवराज इंद्र ने चिंतित होकर कामदेव को कामदेव को स्वर्ग की अप्सराओं के साथ नारद मुनि का तप भंग करने को भेजा, लेकिन नारद मुनि पर कामदेव की माया का कोई प्रभाव नहीं हुआ। काम देव की माया से खुद को मुक्त पाकर नारद ऋषि को अहंकार हो गया। इसके बाद नारदमुनि के विजय बखान का मंचन हुआ। नारद मुनि के मन में आए अंहकार को तोड़ने के लिए विष्णु लीला का मंच किया। जिसमें भगवान विष्णु ने नारदमुनि का घमंड तोड़ने के लिए अपनी लीला का प्रदर्शन करते हैं। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की राजकुमार और राजकुमारी की लीला का मंचन हुआ। नारदमुनि माता लक्ष्मी के राजकुमारी के रूप से प्रभावित होकर उनसे शादी के करने का मन बनाते हैं। वहीं अपनी इच्छा पूरी न होते देखा नारद मुनि माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु को गुस्से में आकर श्राप दे देते हैं। इससे भगवान विष्णु को अगले जन्म में श्रीराम के अवतार मेंबर माता सीता से वियोग भी सहना पड़ा। वहीं नारद मुनि के श्राप के बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी ने वास्विक रूप मे पाकर खुद पर पछतावा करने लगते है इस गांव मे प्राचीन काल से बहुत ही दिव्या रामलीला होता था रामलीला के सभी पात्र गांव के होते थे बसडिला के रामलीला का दक्षिणांचल में नाम था बहुत दूर दराज से लोग रामलीला देखने आते थे चतुर चतुर्भुज धारी श्री भगवान विष्णु जी की झांकी के आरती मुख्य यजमान गौरीशंकर शर्मा, सभापति शर्मा, कृष्णमोहन शर्मा, भृगुनाथ, चन्द्रमौली शर्मा एड़ोवकेट रहे।


# आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज गुरूवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वह दिन में तीन बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान की बैठक में शामिल होंगी। वहीं विधायक मोना जनसमस्याओं की सुनवाई भी करेंगी। इसके पूर्व दिन में बारह बजे अलीपुर, भटनी, रामपुर बावली, मादामई, हरनाहर, जलेशरगंज, पुरवारा आदि स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में भी विधायक शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कौशल वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा पर उसमें प्रस्तुत भगवान राम, भारत माता, लव कुश, वीर हनुमान आदि की आकर्षक धार्मिक झांकियों पर सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया है।यात्रा में शामिल लोगों को लखीमपुर मार्ग पर जलपान कराया। डॉक्टर कौशल वर्मा ने कहा कि विद्वान महर्षि वाल्मीकि का विश्व में पूजनीय स्थान है। हम सबको उनके जीवन आदर्शों सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए उनके आदर्श व सिद्धांतों से सत्य व मानवता के मार्ग पर चलने, करुणा, दया धर्म को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह, कपिल वर्मा, आदेश वर्मा, अभिषेक वर्मा, प्रभात बाजपेयी रुद्र, सुमित पांडेय, अमित पांडेय, एडवोकेट आनंद अर्कवंशी, अविनाश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, प्रमोद कन्नौजिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### साई धाम मन्दिर पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पीलीभीत बस्ती हाईवे पर अहमदनगर के पास स्थित साई धाम पर बहुत ही भव्य और दिव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन समाजसेवी, व्यापारी और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक कनौजिया ने किया। वही भंडारा दिन भर अनवरत रूप से चलता रहा, भंडारे में भक्त,संत एवं तमाम जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया है। इस मौके पर गोला विधायक व,नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल, डॉक्टर सुमेघा पटेल, डॉ रामशरण ,विनोद वर्मा ज्ञानचंद वर्मा, सतीश वर्मा, आनंद वर्मा, पटेल सुशील वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### गोला पुलिस ने गायब 15-16 मोबाइल किए बरामद

**थाना प्रभारी ने पीड़ितों को उनके फोन वापस सौंपे।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कोतवाली पुलिस ने गोला व आसपास पास के क्षेत्रो से गायब हुए 15 से 16 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिया गया है। गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी के आदेशानुसार गोला थाना प्रभारी अम्बर सिंह के नेतृत्व में गोला पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों से इन मोबाइल फोनों को बरामद करने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई गायब की शिकायतों पर की गई जांच के बाद हुई। बरामद किए गए सभी 15-16 मोबाइल फोन गोला कोतवाली परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में पीड़ितों को वितरित किए गए।मोबाइल फोन वापस मिलने से पीड़ितों को उनके खोए हुए सामान की वापसी हुई। पुलिस की इस पहल से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। इन मोबाइलो को बरामद करने बाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से उपनिरीक्षक राजन सिंह ज्ञान प्रकास मिश्र,योगेश कुमार आरक्षी चंद्रसेन मौर्य, अनुज यादव, अनुज सागर महिला आरक्षी अंजली व प्रियंका मुख्य रूप से सामिल रही।

### मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति का नया आयाम

**मैलानी-खीरी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि और स्वाबलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान(फेज 5.0) के तहत बुधवार दिनाक 8/10/2025 को मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने वार्ड नं 2,कस्बा व थाना मैलानी,जिला लखीमपुर,खीरी में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत कार्यक्रम चलाया,जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबर जैसे किड्ड 1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन नंबर, 1076 माननीय मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नंबर,112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर,102 स्वास्थ्य सेवा,108 एंबुलेंस सेवा,1930 साइबर हेल्पलाइन आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न लाभान्वित योजनाओं जैसे कि-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि के बारे में जानकारी दी गई उन्होंने यह भी बताया कि शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने और जागरूक करने हेतु दिनांक 22/09/2025 से 21/10/2025 तक की अवधि में विशेष अभियान के तहत मिशन शक्ति फेज 5.0 को नियमित सुचारू रूप से चलाया जाएगा।

# घूरपुर थाने के पास एक ज्वैलरी दुकान में चोरी,सीसीटीवी में कैद

**● पुलिस गश्त पर सवाल।**



**प्रयाग राज यमुनापार।** घूरपुर थाना क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। थाना परिसर से महज 100 मीटर की दूरी पर बालाजी ज्वेलर्स में हुई बड़ी चोरी की घटना ने बाजार के व्यापारियों और आम जनता को सकते में डाल दिया है।वारदात बुधवार रात करीब 2 से 3 बजे तक की बताई जा रही है, जब पूरा बाजार सन्नाटे में सो रहा था और पुलिस गश्त कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बीती रात बाजार में कुछ अज्ञात युवक संदिग्ध रूप से घूमते दिखाई दिए थे, लेकिन पुलिस की नजर उन पर नहीं पड़ी। चोर ने बड़ी सफाई से दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ा,और अन्दर घुसकर दराज में रखे 4 हजार रुपए नकदी, तीन सोने की लॉकेट और करीब एक किलो चांदी के आभूषण व बर्तन चोरी कर लिए। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रहे हैं। सुबह जब दुकानदार संतोष सोनी दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ देखा। तब उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हाल ही में सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने अपराध नियंत्रण को लेकर कड़ा अभियान चलाने की बात कही थी। उनका कहना था कि रात में पुलिस गश्त नियमित रूप से हो रही है और अपराधों को रोकने की कोशिश की जा रही है, मगर बालाजी ज्वेलर्स में हुई चोरी ने इन दावों की पोल खोल दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। ज्वैलरी दुकान के अन्दर चोरी करते हुए युवक सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है। पुलिस ने फुटेज को लेकर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। थाना प्रभारी घूरपुर दिनेश सिंह ने बताया कि घटना गंभीर है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम बनाई गई है। संदिग्धों की मोबाइल लोकेशन और पुरानी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बलिया में नौ दिवसीय श्रीरामकथा समापन पर 11 सौ कन्याओं का पूजन, भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलिया-** टीडी कॉलेज मैदान में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के संकल्प से चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर 11 सौ कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराकर उपहार दिए गए। कथा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचक प्रेम भूषण महाराज ने अंतिम दिन सीता हरण, रावण वध और प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन जैसे प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने श्रोताओं को भक्ति और संतोष का महत्व समझाया।प्रेम भूषण महाराज ने कहा कि नौ दिनों तक चली कथा में बारिश के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों का आना प्रभु श्रीराम की कृपा से ही संभव हुआ। उन्होंने मनुष्य को सदैव भगवान की शरण में रहने और प्रभु द्वारा दिए गए में संतुष्ट रहने का संदेश दिया।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि कथा के दौरान चार दिन तक बारिश होती रही, फिर भी बलिया के धार्मिक जनमानस ने पानी में खड़े होकर भी कथा श्रवण किया। यह उनकी अटूट आस्था को दर्शाता है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बलिया के विकास पर भी बात की। उन्होंने बताया कि चुनाव के समय किए गए सभी वादे पूरे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जल्द ही मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करेंगे। भृगु कॉरिडोर के लिए 20 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं, और 50 करोड़ रुपए से एक स्टेडियम भी बनाया जाएगा। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला, चंदौली विधायक सुशील सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह और जितेंद्र राव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कथा समापन के बाद मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्वयं कन्याओं का पूजन किया, उन्हें भोजन कराया और अंगवस्त्र व उपहार भेंट किए। एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी पुरुष और महिलाओं को अंगवस्त्र दिए गए, और श्रद्धालुओं को स्टील के टिफिन बॉक्स में प्रसाद वितरित किया गया।आयोजन समिति के सदस्यों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# 12 से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगी खेल प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, सामाजिक जुड़ाव और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक रस्सा कसी, घड़ा फोड़ और विभिन्न दूरियों की दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मौका मिलने वाला है। खिलाड़ियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रहेगा। ब्लाक निघासन की ग्राम सिंगहा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में नव युवक समाज सेवा समिति एवं वामन दूआदशी मेला कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समूह एवं एकल दोनों वर्गो के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उपस्थित रहेंगे।समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष/प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया कि ये आयोजन करीब 11 वर्षों से होता आ रहा जिसमें युवाओं को न केवल मंच प्रदान करते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं,जिससे उनका आत्मबल और मजबूत होता है। करीब 11 वर्ष से हो रही प्रतियोगिताओं में महिलाओं को खेल में स्पर्धा करने का मौका नही मिलता था लेकिन अबकी बार विशेषकर महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में दौड़ 5 किलोमीटर, 1600 मीटर, 400 मीटर,200 मीटर, महिला व पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट, लम्बी,ऊंची कूद, घड़ा फोड़,आदि खेल सम्मलित हैं।

# शंकरगढ़-कपारी मार्ग पर हुए गहरे गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

**● एसडीएम ने दिया आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**यमुनानगर (बारा)।** तहसील क्षेत्र स्थित कपारी मोड़ से शंकरगढ़ जाने वाले मार्ग पर एक गहरा गड्ढा क्षेत्रीय लोगों के लिए परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। जिससे आए दिन वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। यह मार्ग शंकरगढ़ के कई गांवों को जोड़ता है, इस मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क के बीच बने गड्ढे में बाइक सवार फंसकर गिरते रहे हैं और अक्सर चोटिल भी हो जाते हैं। इस मामले पर जानकारी लेने पर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है, और अब तुरन्त निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अभी कुछ दिनों पहले ही एक बाइक सवार इसी गड्ढे में फिसलकर घायल हो गया था। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने मरम्मतीकरण के लिए कोई कवायद शुरू नहीं की, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। ग्रामीणों में सत्यम मिश्रा, रुद्राक्ष मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा और सुभाष ने बताया कि गड्ढे ने अब बड़ा आकार ले लिया है, जिससे राहगीरों को हर समय खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क मार्ग का मरम्मतीकरण शुरू नहीं हुआ , तो आन्दोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

# उसको कैसे मैं बेवफ़ा कह दूं उसको हरदम खुदा ही माना है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली-** नई दिल्ली द्वारका सेक्टर 09 स्थित सुंदर सभागार में जब बरेली के वरिष्ठ कवि ऋषि कुमार शर्मा च्यवन ने एस.एस.के. फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी रचना "दर्द से इश्क यह पुराना है उसको ना अब मेरे दिल से जाना है, उसको कैसे मैं बेवफ़ा कह दूं उसको हरदम खुदा ही माना है" सुनाई तो दूर-दूर से आए कवि एवं शायर देर तक वाह वाह कहते हुए अपनी तालियों से सभागार गुंजायमान करते रहे। इस अवसर पर अनेकों युवा शायरों, शायराओं एवं कवियों ने एक से एक बढ़कर अपनी ग़ज़लों,नज़्मों और कविताओं से समां रंगीन बना दिया। इस कवि सम्मेलन में उत्कृष्ट पांच रचनाकारों में वरिष्ठ कवि ऋषि कुमार शर्मा च्यवन को उनकी उत्कृष्ट रचना हेतु पटका पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। यह समस्त कार्यक्रम विशाल सिंह एवं अमोल के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया था।कार्यक्रम का सुंदर एवं सफल संचालन रवि तिवारी द्वारा किया गया।

### एक घंटे के लिए छात्राओं को सौंपा गया एसडीएम और बीडीओ का पद

**मऊ, चित्रकूट:** उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी मऊ की कक्षा आठ की दो छात्राओं शालू देवी और लक्ष्मी देवी को एक-एक घंटे के लिए उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। एक घंटे के लिए एसडीएम बनी कक्षा आठ की छात्रा शालू देवी ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। शालू ने मारपीट और राजस्व से जुड़े मामलों को देखा और प्रार्थना पत्रों को संबंधित थानों व राजस्व टीम को अग्रसरित किया। इसी प्रकार कक्षा आठ की छात्रा लक्ष्मी देवी को एक घंटे के लिए खंड विकास अधिकारी पद की जिम्मेदारियां दी गई। उन्होंने भी लोगों की शिकायतें सुनीं और विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मऊ उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन व खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसका लक्ष्य बच्चियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें बड़े होकर अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे समाज में अपनी पहचान बना सकें।

# प्रेमिका से कहकर युवक ने की खुदकुशी, कमरे से दुर्गन्ध आने पर हुई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**यमुनानगर (करछना)।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में राधा रमण इंटर कॉलेज के पास स्थित एक गली में एक 22 वर्षीय युवक ने कमरे में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी 4 दिनों बाद कमरा बंद होने से नहीं हो पाई थी। दुर्गन्ध आने पर लोगों ने खिड़की से झांका तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजनों के पहुंचने पर दरवाजे को तोड़कर शव को कमरे से बाहर निकाला गया। कमरे में युवक के पास से दो मोबाइल और एक सुसाइड नोट भी मिला है।दोनों फोन स्विच ऑफ मिले हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मकान मालिक सन्तोष पाण्डेय के मुताबिक, युवक 4 दिनों पहले नैनी का दशहरा देखने गया था। मेले से लौटने के बाद से दरवाजा नहीं खुला। दुर्गन्ध आने पर खिड़की से झांकने पर फंदे से लटका हुआ देखा गया, तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। कौशांबी जिले के कड़ा धाम निवासी रामप्रसाद मौर्य का बेटा प्रिंस मौर्य(22वर्ष) बउआ नैनी के महरा का पुरवा, चक दाउद नगर राधा रमण इंटर कॉलेज के पास अधिवक्ता संतोष तिवारी के मकान में दो महीने से किराए पर कमरा लेकर रहने लगा था। युवक कुसुम प्रकाशन, पेपर मिल में काम करता था। मृतक प्रिन्स की बहन रोशनी ने बताया कि तीन दिनों पहले नैनी की रहने वाली एक लड़की ने उसे फोन किया था। उसने अपना नाम सोना मिश्रा बताया था। उसने कहा कि अपने भाई को यहां से ले जाओ। यह खुदकुशी करने की धमकी देता है। घरवालों और लड़की से काफी बहस भी हुई थी।

# अमिलिया स्कूल में शिक्षा का क्रांतिकारी बदलाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार बारा ।** तहसील अंतर्गत शंकरगढ़ ब्लॉक की ग्राम सभा अमिलिया तरहार का विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री केडर मिलने और आवश्यक शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है और बच्चों तथा अभिभावकों का पुनः स्कूल में रुचि बढ़ी है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक शुजा अब्बास ने बताया कि अब बच्चों की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और अभिभावक विद्यालय की छवि से पूर्णतः संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि समस्त अध्यापकगण बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में पूरी तत्परता के साथ लगे हुए हैं।विद्यालय में आधुनिक शिक्षा तकनीक, विज्ञान प्रयोगशालाएँ, खेलकूद की सुविधाएँ और अन्य शैक्षिक संसाधन उपलब्ध हैं। इन संसाधनों की मदद से बच्चों का सीखने में रुचि और बढ़ी है, जिससे विद्यालय की प्रतिष्ठा और भी निखरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमिलिया तरहार का यह विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बन सकता है और पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगा। इस परिवर्तन में विद्यालय के सभी अध्यापकगण सक्रिय भागीदार बने हुए हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाई पर पहुँचाने में शुजा अब्बास के नेतृत्व में कमलेश तिवारी, अनुज, रामलोचन सिंह, संतोष शुक्ला, सजय शुक्ला, निकी, मनीष, अमर बहादुर, मिथेलेश और सृष्टि सहायक अध्यापक ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।विद्यालय के प्रयास और अध्यापकों की सक्रिय भागीदारी से अब बच्चों का पढ़ाई में रुझान लगातार बढ़ रहा है और अभिभावक भी शिक्षा की गुणवत्ता देखकर संतुष्ट हैं।

# भारत पेट्रोलियम पाइपलाइन में सुरंग लगाकर चोरों ने निकाला पेट्रोल

**● पुलिस जांच में जुटी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार।** क्षेत्र में एक बार फिर तेल चोरी करने वाले गैंग ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है। करछना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत साधूकुटी चौराहे से बसरिया गांव के पास देर रात अज्ञात चोरों ने भारत पेट्रोलियम की मुख्य पाइपलाइन में सेंध लगाकर टैंकर के माध्यम से बड़ी मात्रा में तेल चोरी कर लिया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी मच गई और विभागीय सुरक्षा व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़े किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चोरों ने वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। उन्होंने पाइपलाइन के नीचे सुरंग बनाकर चोरी के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया। रात के अंधेरे में पाइपलाइन में छेदकर तेल को टैंकर में भरकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर पेट्रोलियम विभाग के अधिकारी, पुलिस बल और फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराया, जिससे तेल का बहाव रोका जा सके। घटनास्थल के पास से पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर ली जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि तेल की गंध और रिसाव देखने पर उन्हें चोरी का संदेह हुआ और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि पिछले तीन वर्षों से इसी स्थान पर यह दूसरी बड़ी तेल चोरी की वारदात हुई है। जबकि सुरक्षा के लिए प्रतिदिन दो कर्मियों द्वारा पैदल गश्त की जाती है, लेकिन इसके बावजूद चोरी होना विभागीय लापरवाही दर्शाता है।

### पीलीभीत में हिंदू समाज के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द बोल कर फिर सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत-** एक बार फिर सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश का मामला सामने आया है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के नजीरगंज गांव से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मौलाना रेहान रजा खान नामक व्यक्ति ने 4 अक्टूबर को अपने सोशल मीडिया वीडियो अपलोड करके हिंदू समाज के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ बातें कहने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में मौलाना न केवल हिंदू समाज के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते दिख रहे हैं, बल्कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय और यहां तक कि नाबालिग बच्चों को भी भड़काने की कोशिश की। वीडियो में कथित तौर पर उन्होंने हिंदुओं को जूते की नोक पर रखने जैसी टिप्पणी की, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया। इस विवादित बयान के बाहर आते ही मामला राजनीतिक और सामाजिक रंग लेने लगा। भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि यह वीडियो समाज में नफरत फैलाने की नीयत से बनाया गया है और इससे पीलीभीत का सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। मिश्रा ने कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो बजरंग दल हिंदू समाज के साथ मिलकर जनांदोलन करेगा। बजरंग दल के नेताओं ने मौलाना रेहान रजा खान और उनके समर्थकों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में ढिलाई बरती गई तो शहर में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी है। सेहरामऊ उत्तरी थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौलाना रेहान रजा खान सहित 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो की तकनीकी जांच के लिए इसे साइबर सेल को भेज दिया है ताकि वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि हो सके।पुलिस ने बताया कि संबंधित सभी लोगों की पहचान की जा रही है और जिन लोगों की संलिप्तता पाई जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों या भड़काऊ सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा न करें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और शांति समिति की बैठक बुलाने की तैयारी की जा रही है ताकि दोनों समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखा जा सके।बजरंग दल के नेताओं ने मौलाना रेहान रजा खान और उनके समर्थकों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में ढिलाई बरती गई तो शहर में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी है। ।

पुलिस ने वायरल वीडियो की तकनीकी जांच के लिए इसे साइबर सेल को भेज दिया है ताकि वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि हो सके।बजरंग दल के नेताओं ने मौलाना रेहान रजा खान और उनके समर्थकों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में ढिलाई बरती गई तो शहर में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वायरल वीडियो की तकनीकी जांच के लिए इसे साइबर सेल को भेज दिया है ताकि वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि हो सके।

### बीड़ी जलाने के बाद पेट्रोल पर माचिस की तीली फेंकी, छह लोग झुलसे

**महाराष्ट्र-** नासिक शहर में बुधवार को एक व्यक्ति ने बीड़ी जलाने के बाद अनजाने में माचिस की तीली वहां फैले पेट्रोल पर फेंक दी, जिससे लगी आग में छह लोग झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुछ घायलों को जिला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का निजी चिकित्सा केंद्र में इलाज किया जा रहा है। उसने बताया कि यह दुर्घटना शहर के सतपुर इलाके में दोपहर के समय हुई। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, महादेववाड़ी स्थित मटन मार्केट के पास कुछ मजदूर एक पेड़ की कटाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मजदूर पेड़ काटने वाली मशीन चलाने के लिए एक कैन में पेट्रोल लेकर आए थे। अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात कार ने कैन को टक्कर मार दी, जिससे पेट्रोल वहां फैल गया। उन्होंने बताया कि तभी पास में बैठे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बीड़ी सुलगाई और बिना सोचे-समझे माचिस की तीली फेंक दी। अधिकारी ने बताया कि जलती हुई माचिस की तीली से अचानक तेजी से आग फैली, जिससे छह लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई। अधिकारी ने बताया कि सतपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# दबंगों ने युवक को पीटा और विरोध करने पर हत्या करने की दी धमकी, एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार बारा।** तहसील क्षेत्र स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के टिकरी चौराहे पर बुधवार सुबह हुई मारपीट की घटना से सनसनी मच गई। गांव के ही दो दबंग युवकों द्वारा एक निर्दोष को मारना-पीटना करने के बाद जान से मरवाने की धमकी देने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पीड़ित सचिन तिवारी पुत्र अरविन्द तिवारी निवासी टिकरी ने बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह अकोढ़ा से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच टिकरी चौराहे के समीप गांव के ही सन्तोष पाण्डेय पुत्र दयाशंकर पाण्डेय और मोनू पाण्डेय पुत्र धीरेन्द्र पाण्डेय ने मोटरसाइकिल से आकर रास्ता रोक लिया और बिना किसी कारण के ही गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने सचिन को लात-घूंसों और डंडों से जमकर पीटाजिससे वह सड़क पर गिर गया और उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई, मोबाइल फोन भी टूट गया। पीड़ित सचिन ने बताया कि इतने पर भी दोनों ने अगली बार जान से खत्म कर देने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी होने पर थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज,धमकी और सम्पत्ति क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को सहन नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी कहा है कि टिकरी चौराहे पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाएं एवं छात्राएं असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने पुलिस से चौराहे पर नियमित रूप से गश्त कर दबंगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। पीड़ित सचिन तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा थाने का घेराव कर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि दोनों अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## गोरखपुर में "रोजगार महाकुंभ 2025" का आयोजन किया जा रहा

**भदोही-** जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने जानकारी दी कि निदेशक, सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 14 से 15 अक्टूबर 2025 तक गोरखपुर में "रोजगार महाकुंभ 2025" का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार महाकुंभ में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिससे जनपद भदोही के बेरोजगार अभ्यर्थियों को देश और विदेश (दुबई एवं ओमान) में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। अधिकारी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे रोजगार संगम पोर्टल www.rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण कर अपने प्रोफाइल से आवेदन करें और रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस प्रतिभाग हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, भदोही में संपर्क कर सकते हैं।

## प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक



**चुनार मिर्जापुर।** नगर में श्री राघवेंद्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन में भरत मिलाप लीला के बाद बीसवें दिन मंगलवार को राजगद्दी लीला का मंचन हुआ। राजगद्दी परंपरागत रूप से सर्व प्रथम कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने वशिष्ठ गुरू के रूप में श्रीराम, माता जानकी व भरत लक्ष्मण, शत्रुध्न व हनुमान को तिलक लगाया तत्पश्चात कमेटी के अमित कुमार गुप्ता (मिट्ठू) संजय साहू, चन्द्रहास गुप्ता, पवन जायसवाल, श्याम सुंदर शाह, रामआसरे दास, रमाशंकर पांडेय,बृजनंदन कुशवाहा, महेन्द्र साहू, सत्य नारायण पुजारी, शिवबालक सिंह सौरभ पुजारी, प्रतीत राव वैद्य ,करतार सिंह, पारस नाथ गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, पवन गुप्ता आदि प्रमुख लोगों ने तिलक लगाया और आरती उतारी।

## बैंक कर्मचारी ने फंदे से लटक कर दी जान

**चुनार मिर्जापुर।** कोतवाली क्षेत्र के कजरहट चौकी अन्तर्गत दुमदुमा मुहल्ले का निवासी 46 वर्षिय बबलू वाल्मीकि नामक ब्यक्ति ने पंखे से लगे हुक से चादर के सहारे लटक कर अपनी इह लीला समाप्त कर लिया। बबलू राबर्टसगंज इंडियन बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत था और पत्नी नरायनपुर ब्लॉक अन्तर्गत सफाईकर्मी है। मृतक को दो पुत्री स्वाती व दूसरी ज्योति है। एक पुत्री की विवाह कर चुका था दूसरी कक्षा 8 की छात्रा है। घटना की जानकारी तब हुई जब पुत्री वुद्धवार को स्कूल से लगभग 12 बजे घर पहुची तो दरवाजा खुला था अन्दर पिता को फन्दे से लटकता देख चिकने चिल्लाने लगी। रोते देख आस आस के लोग इकट्ठा हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांज मे जुट गई। पत्नी ने बताया कि पती इधर बीच कई दिनों से तनाव में रहते थे पूछने जाने पर कुछ नही बताए। बहरहाल नौकरी करने वाला ब्यक्ति ऐसा क्यो किया यह एक जांच का विषय है।

## दो हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**चुनार मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्माके कुशल निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी निर्देश के क्रम में में बुधवार को थाना चुनार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी । अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम जमुहार मुख्य रोड़ से मोटर साइकिल (पल्सर) सवार दो अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी रेहटा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र व बृजेश उर्फ छोटू पुत्र प्रभु नारायण निवासी बभनौली थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 41.17 ग्राम अवैध हिरोईन (अनुमानित कीमत 08 लाख रूपया) बरामद किया गया। दोनों अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत की महिला जनसुनवाई

● राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत गोष्ठी कर

जनसमुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने का किया आह्वान

11 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए उन्हे भेट किया गया बेबी किट व पोषण पोटली

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम करके पोषण के प्रति दिलाया गया संकल्प




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा,सम्मान तथा स्वावलम्बन पर आधारित मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन पर केन्द्रित तथा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार, विकसित भारत का आधार के कार्यक्रम के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में समस्त थानाध्यक्ष एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाई एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत का आयोजन राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में किया गया।

महिला जनसुनवाई में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। घरेलू हिंसा व पारिवारिक समस्या ,महिला उत्पीड़न जैसी आदि समस्याएं महिला आयोग की सदस्या के समक्ष 02 शिकायतें प्राप्त हुई। प्रार्थना पत्र निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित आधिकारी को प्रेषित कर दिया गया। जिन पर उन्होंने पुलिस को त्वरित गति से कार्य करने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जो मामले हैं उनकी जांच कर उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों का संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा किसी भी विभाग में महिला संबंधित मामला लंबित नहीं रहना चाहिए जो नियमानुसार है वह कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। सदस्या द्वारा 11 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए उन्हे बेबी किट व पोषण पोटली सप्रेम भेट किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 06 श्रेणियों लाभ प्रदान किया जाता है। स्पॉनसरशिप योजना के अन्तर्गत जनपद भदोही में 1223 बच्चों को लाभान्वित किया गया है।

राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें जनपद स्तरीय कर्वजन्स विभागों के अधिकारी ,ग्राम पंचायतो से सम्मानित ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में मा0 सदस्य नीलम प्रभात द्वारा ग्रामीण अंचलो में हर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम स्तरीय कार्मिकों जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ए0एन0एम0, आशा-बहु, सफाईकर्मी, पंचायत मित्र आदि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में पोषण पंचायत की बैठक कर जनसमुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में डीघ ब्लाक से आयी गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम करके पोषण के प्रति संकल्प लिया गया तथा पोषण अभियान का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु स्थानीय स्तर पर व्यवहार परिवर्तन पर जोर देते हुए सदस्य द्वारा उपस्थित जन सामान्य से अपेक्षा की गयी कि कर्वजेन्स के माध्यम से होने वाले इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाए जिससे उसका लाभ ग्रामीण अंचल में कार्य करने वाले अन्तिम व्यक्ति तक पहुचे।

महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक चमन सिंह चावड़ा,जिला पंचायत राज्य अधिकारी संजय कुमार मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुधन कन्नौजिया, एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से राजकुमार गुप्ता, आनन्द मौर्या, गोपाल कृष्ण यादव एवं आंगनबाड़ी आदि उपस्थित रही।

# जीपीडीपी की बैठक में 25 लाख रूपये की कार्य योजना का प्रस्ताव




**सीखड़।** विकास खण्ड के पचराव ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए बुधवार को आयोजित बैठक में 25लाख की कार्य योजना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में ग्राम पंचायत पचराव में जीपीडीपी कार्य योजना वर्ष 2026-27 के संदर्भ में बैठक कराई गई। बैठक में स्वास्थ, शिक्षा, स्वच्छता, वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन, शौचालय निर्माण आदि के लिए कार्य योजना तैयार किया गया तथा पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। सभी ने प्रस्तावों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में ग्राम प्रधान अजय कुमार सिंह सहित ग्राम पंचायत के सदस्य रोजगार सेवक सचिव सहायक सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बार भवन में अधिवक्ताओं के बैठक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एबकपुर मुहल्ला स्थित पुस्तैनी भवन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पैरवी के लिए कोतवाली पर गये अधिवक्ता के साथ पुलिस द्वारा किए गये दुर्व्यवहार को लेकर वुद्धवार को अधिवक्ताओं ने बार भवन में आपातकालीन बैठक आहुत कर सर्वसम्मति से पुलिस द्वारा किये गए दुर्व्यवहार के खिलाफ आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का प्रस्ताव पास किया गया। तत्पश्चात तहसील परिसर मे अधिवक्ताओं ने मांगो को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी मंजरी राव मौके पर पहुंच कर समझाने की प्रयास किया परन्तु अधिवक्ताओं ने क्षेत्राधिकारी की बात एक भी नहीं सुनी। तत्पश्चात बार भवन में संयुक्त रूप से अधिवक्तागण व अपर पुलिस अधीक्षक मनीष मिश्रा व एसडीएम राजेश कुमार वर्मा बैठ कर मामले में जानकारी लिया। अधिवक्ताओं ने मुकद्दमा दर्ज करने व मामले की जांच पुलिस से नहीं कराने की बात पर अड़े रहे। अपर पुलिस अधीक्षक मनीष मिश्रा ने बताया कि गंभीरता से हर पहलूओ पर जांच की जाएगी दोषी ब्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।बहरहाल आनन फानन मे विवादित भवन पर ताला जड़ दिया गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि भवन विवाद के संबध मे सिविल न्यायालय मे मामला विचाराधीन है।अधिवक्ता को पुलिस द्वारा मारने पीटने की घटना अब तो जांच के दौरान ही सत्यता की जानकारी हो पायेगी।

# जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही के बाद लाभार्थी को आवास पट्टा का कब्जा दिलवाया गया

● आवास पट्टा कब्जा के लाभार्थी ने मा.मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को व्यक्त किया आभार व धन्यवाद

आवास पट्टा पर गरीब लाभार्थी को कब्जा दिलवाना, प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील कार्यशैली का परिणाम है- लाभार्थी

समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और सभी को उनके अधिकार मिलें- जिलाधिकारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 08 अक्टूबर 2025/ वर्ष 2017 में आवास पट्टा आवंटन के बावजूद भूमि पर कब्जा प्राप्त करने में हो रही कठिनाईयों को लेकर श्रीमती सरोजा देवी, पत्नी गोविंद, निवासी ग्राम थेघीपुर, तहसील औराई, जनपद भदोही ने शिकायती आवेदन पत्र जनता दर्शन में जिलाधिकारी शैलेष कुमार के समक्ष प्रस्तुत किया था। आवेदिका ने बताया कि भूमि पर कब्जा प्राप्त करने में कई समस्याएं आ रही थीं। आवेदन के पश्चात, जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने राजस्व टीम भेजकर मामले की जांच करवाई। जांच के बाद लाभार्थी को कब्जा दिलवाने की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी की गई और लाभार्थी को भूमि का पूरा कब्जा प्रदान किया गया।

लाभार्थी श्रीमती सरोजा देवी के पति गोविंद ने परिजनों संग खुशी के साथ कलेक्ट्रेट पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "अब मेरे पक्के घर का सपना जल्द पूरा होगा। मैं मा.मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी का आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूं, क्योंकि उन्होंने गरीबों की सुनवाई की है और हमें न्याय दिलवाया है।"

साथ ही, लाभार्थी के पति गोविंद ने यह भी कहा कि यह प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील कार्यशैली का परिणाम है। शासन-प्रशासन द्वारा गरीबों को न्याय दिलवाकर सुशासन व्यवस्था को साकार किया जा रहा है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि "शासन और प्रशासन की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और सभी को उनके अधिकार मिलें। हम लगातार ऐसे मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ताकि लोगों को राहत मिल सके।"

# भदोही में पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के बाद तीन शातिर अंतरजनपदीय ठग गिरफ्तार

● मुख्य अभियुक्त आदित्य सिंह के पैर में गोली, आधा दर्जन से अधिक मुकदमों में वांछित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भदोही पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार की देर रात थाना भदोही क्षेत्र के ग्राम रड़ई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन अंतरजनपदीय शातिर ठगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान मुख्य अभियुक्त आदित्य सिंह के पैर में गोली लग गई, जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और एएसपी शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाया। जौनपुर की ओर से आ रही एक सिल्वर रंग की सियाज कार (UP65S2217) को रुकवाने का प्रयास किया गया, जिस पर कार सवारों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीनों को दबोच लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हुई-**

आदित्य सिंह पुत्र स्व. बृजनाथ सिंह, निवासी मऊ (वर्तमान पता वाराणसी)

युवराज सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह, निवासी प्रतापगढ़

हिमांशु सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह, निवासी प्रतापगढ़

मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर, तीन कारतूस, 5110 नकद, 72 फर्जी एटीएम कार्ड, चार मोबाइल फोन और अपराध में प्रयुक्त सियाज कार बरामद की है।

एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से पैसे उड़ाने वाले गिरोह से जुड़े हैं। पूछताछ में मुख्य अभियुक्त आदित्य सिंह ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ विभिन्न बैंकों के एटीएम पर भोले-भाले लोगों को धोखे में डालकर उनके कार्ड बदल



देता था, और पीड़ितों के खातों से रकम निकाल लेता था।

यह गिरोह भदोही के अलावा मऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी और अमेठी में भी सक्रिय रहा है। आरोपी आदित्य सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद थाना भदोही में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 109(1), 317(2), 317(4), 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार अभियुक्त अफसर, दिलशाद और नाजिम की तलाश जारी है।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत की महिला जनसुनवाई

● राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत गोष्ठी कर

जनसमुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने का किया आह्वान

11 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए उन्हे भेट किया गया बेबी किट व पोषण पोटली

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम करके पोषण के प्रति दिलाया गया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 08 अक्टूबर 2025** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा,सम्मान तथा स्वावलम्बन पर आधारित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन पर केन्द्रित तथा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार, विकसित भारत का आधार के कार्यक्रम के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में समस्त थानाध्यक्ष एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाई एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत का आयोजन राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में किया गया।

महिला जनसुनवाई में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। घरेलू हिंसा व पारिवारिक समस्या ,महिला उत्पीड़न जैसी आदि समस्याएं महिला आयोग की सदस्या के समक्ष 02 शिकायतें प्राप्त हुई। प्रार्थना पत्र निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित आधिकारी को प्रेषित कर दिया गया। जिन पर उन्होंने पुलिस को त्वरित गति से कार्य करने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जो मामले हैं उनकी जांच कर उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों का संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा किसी भी विभाग में महिला संबंधित मामला लंबित नहीं रहना चाहिए जो नियमानुसार है वह कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। सदस्या द्वारा 11 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए उन्हे बेबी किट व पोषण पोटली सप्रेम भेट किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 06 श्रेणियों लाभ प्रदान किया जाता है। स्पॉनसरशिप योजना के अन्तर्गत जनपद भदोही में 1223 बच्चों को लाभान्वित किया गया है।

राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण पंचायत गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें जनपद स्तरीय कर्वजन्स विभागों के अधिकारी ,ग्राम पंचायतो से सम्मानित ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में मा0 सदस्य नीलम प्रभात द्वारा ग्रामीण अंचलो में हर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम स्तरीय कार्मिकों जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ए0एन0एम0, आशा-बहु,



सफाईकर्मी, पंचायत मित्र आदि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में पोषण पंचायत की बैठक कर जनसमुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में डीघ ब्लाक से आयी गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम करके पोषण के प्रति संकल्प लिया गया तथा पोषण अभियान का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु स्थानीय स्तर पर व्यवहार परिवर्तन पर जोर देते हुए सदस्य द्वारा उपस्थित जन सामान्य से अपेक्षा की गयी कि कर्वजेन्स के माध्यम से होने वाले इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाए जिससे उसका लाभ ग्रामीण अंचल में कार्य करने वाले अन्तिम व्यक्ति तक पहुचे।

महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक चमन सिंह चावड़ा, जिला पंचायती राज अधिकारी संजय कुमार मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव,जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुधन कन्नौजिया, जिला प्रोबेशन कार्यालय से राजकुमार गुप्ता, आनन्द मौर्या, गोपाल कृष्ण यादव एवं महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह मय पुलिस बल, महिला सेल प्रभारी उ0नि0 गीता राय व आंगनबाड़ी आदि उपस्थित रही।

# थाना गोपीगंज अन्तर्गत मोबाइल छिनैती करने वाला 01 शातिर स्नैचर गिरफ्तार

● कब्जे से छिनैती का 01अदद मोबाइल बरामद

छिनैती किए गए मोबाइल को बेचने के फिराक में था आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** दिनांक-27.08.2025 को वादी गुलाम गौस पुत्र मोहम्मद रईस अंसारी निवासी पुरे गुलाब थाना गोपीगंज द्वारा सूचना दी गई समय करीब 8:45 रात को मोबाइल से बात करते वक्त पीछे से बुलेट सवार 03 व्यक्तियों द्वारा मोबाइल छीनकर भाग निकले हैं। जिसके संबंध में थाना गोपीगंज पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 388/2025 धारा304 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी/छिनैती की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मुखबिरी सूचना पर उप निरीक्षक नथुनी सिंह द्वारा वांछित अभियुक्त आकाश सिंह उर्फ बुद्धू पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी जगदीशपुर उम्र करीब 20 वर्ष को दानीपट्टी मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। जिसके कब्जे से 01 अदद छिनैती का मोबाइल बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में पंजीकृत अभियोग में धारा- 317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त आकाश सिंह उर्फ बुद्धू पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही द्वारा पूछताछ किया गया तो बताया गया कि छिनैती किया मोबाइल मैं तथा सत्यम उर्फ



करिया पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम मानिकपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज व अभिमन्यु सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज द्वारा दिनांक 23.08.2025 को गोपीगंज मिर्जापुर रोड पर ग्राम चांदपुर गांव जाने वाले रोड के पास से एक व्यक्ति जो मोटरसाइकिल से गोपीगंज तरफ जा रहा था तथा अपनी मोबाइल से बात कर रहा था उससे मोबाइल छीनकर भाग गए थे ।इस मोबाइल को मैं बेचने के लिए एक व्यक्ति से बात कर रहा था तथा उसी को देने के लिए गोपीगंज बाजार जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

# "सशक्त नारी सशक्त समाज" मिशन शक्ति 5.0 अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ज्ञानपुर द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत आदर्श बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम वीरापट्टी में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन राजीव सिंहव प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमारज्ञानपुर की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 08.10.2025 को आदर्श बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीरापट्टी ज्ञानपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन कर छात्राओं/बालिकोओं से संवाद कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, साइबर हेल्पलाइन-1930, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध आदि



सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारोंथ इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश

# 20 वर्ष पुराने रास्ता विवाद का जिलाधिकारी ने खड़ंजा बिछ्वाकर कराया समाधान,ग्रामीणों ने प्रशासन का जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** तहसील औराई के ग्राम समधा खास मे रास्ता पर खडंजा मार्ग बिछाने को लेकर विगत कई वर्षो से विवाद चला आ रहा था। गांव के ही पड़ोसी राजकुमार दूबे पुत्र स्व0 पन्नालाल तथा मुकेश कुमार पुत्र राजकिशोर के आपसी विवाद की वजह से खड़न्जा नहीं लग पा रहा था। मुकेश खडंजा लगवाना चाहते थे, जबकि राजकुमार इसका विरोध कर रहे थे। ग्राम प्रधान द्वारा खडंजा लगवाने को ईट रखा गया था किन्तु विवाद के कारण रास्ता नहीं बन पा रहा था। विदित हो कि उक्त दोनी पक्षों के द्वारा जिलाधिकारी शैलेश कुमार को जनसुनवाई में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था।

जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार व बीडीओ औराई को शिकायत का समाधान कराने का निर्देश दिया गया था। आज 8 अक्टूबर 25 को तहसीलदार व बीडीओ, थानाध्यक्ष औराई के साथ टीम ने पहुंचकर जांचकर आबादी भूमि में रास्ता



विवाद का समाधान कराकर दोनों पक्षों की उपस्थिति व ग्राम प्रधान की मौजूदगी मे रास्ता पर खड़ंजा लगवाकर करीब 20 वर्ष पुराने विवाद का समाधान कराया गया। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज जंक्शन पर चेकिंग अभियान के दौरान 860 किलोग्राम अनबुक्ड माल पकड़ा गया



**प्रयागराज।** दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को मुख्य टिकट निरीक्षक श्री दिवाकर शुक्ला के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम द्वारा प्रयागराज जंक्शन पर स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 12418 नई दिल्ली-प्रयागराज एक्सप्रेस, 12562 नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस तथा 12582 नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जांच की गई। इस दौरान कुल 860 किलोग्राम बिना बुक किए माल पकड़ा गया, जिसमें 790 किग्रा व 70 किग्रा अनबुक्ड सामान शामिल था। इस पर14,661/- का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा 01 यात्री को बिना टिकट यात्रा करते पाए जाने पर 900/- तथा 08 यात्रियों को अनियमित यात्रा करते पाए जाने पर 4,000/- का जुर्माना वसूला गया।

### नैनी पुल पर दर्दनाक हादसा- कार ने पिता-बच्चों को कुचला, ऑटो को भी मारी टक्कर



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी पुल पर आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक तेज रफ्तार कार ने पिता और उनके बच्चों को टक्कर मार दी है।यह हादसा तब हुआ जब पिता अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे और रॉन्ग साइड से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी।कार ने पीछे आ रही ऑटो को भी टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में बैठे लोग भी घायल हो गए हैं। पिता की हालत नाजुक है और बच्चों की भी स्थिति ठीक नहीं है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। यह हादसा प्रयागराज के नए यमुना पुल का है, जहां अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं।

### नेता नगर में टेंट के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक



**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के नेता नगर में बीती रात टेंट के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह गोदाम प्रसिद्ध टेंट सप्लायर लल्लू जी एंड संस का था। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग को आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती अनुमान के मुताबिक, गोदाम में रखा लाखों रुपये का टेंट, बांस-बल्ली, फर्नीचर और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया है। गोदाम में महाकुंभ संबंधी कई सामान भी रखे हुए थे। लल्लू जी एंड संस देशभर में कुंभ और माघ मेले में टेंट सिटी बसाने वाले सबसे बड़े सप्लायरों में से एक हैं। इस अग्निकांड से भारी नुकसान की आशंका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुरामुफ्ती थाने के बमरौली पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी का फरियादी को थप्पड़ मारने का #VideoViral



**प्रयागराज।** वीडियो में फरियादी से बहस होने पर हेड कांस्टेबल अशोक उपाध्याय ने थप्पड़मारते और गाली देते नजर आया। आरक्षी अशोक उपाध्याय लाइन हाजिर, डीसीपी ने विभागीय जांच का भी आदेश दिया।

# बिहार में एसआईआर-सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से हटाए गए 3.66 लाख वोटर्स की पूरी जानकारी मांगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान पर सुनवाई की. कोर्ट ने कहा कि वह पूरी जांच नहीं कर सकता, लेकिन कम से कम प्रभावित लोगों के हलफनामे जरूर पेश किए जाएं. साथ ही, चुनाव आयोग (ECI) से 3.66 लाख हटाए गए वोटर्स की पूरी जानकारी मांगी. अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी. जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान सवाल उठाए कि डिलीट हुए लोगों के हलफनामे कहां हैं? जस्टिस कांत ने कहा, "कोई प्रभावित व्यक्ति कोर्ट में हलफनामा दाखिल करे कि मेरा नाम हटा दिया गया है" उन्होंने उदाहरण दिया कि अगर किसी वोटर का नाम फाइनल लिस्ट में न हो, तो वह हलफनामा दाखिल कर सकता है. कोर्ट ने श्वष्टद्ब से पूछा कि हटाए गए लाखों लोगों में से कितने ने शिकायत की? ECI के वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि अभी तक कोई अपील या शिकायत नहीं आई। जस्टिस बागची ने श्वष्टद्ब से कहा कि अब तीन लिस्ट हैं- 2022 की, 2025 की ड्राफ्ट और फाइनल. ड्राफ्ट में 65 लाख नाम हटाए गए थे.



फाइनल लिस्ट में कुछ नाम जोड़े गए, लेकिन ये डिलीट हुए नामों के हैं या नए वोटर्स के? ECI ने जवाब दिया कि ज्यादातर नए वोटर्स हैं, जो 18 साल पूरे करने वाले हैं. जस्टिस कांत ने याद दिलाया कि श्वष्टद्ब ने पहले कहा था कि 2.96 लाख नए वोटर्स ने आवेदन किया. कोर्ट ने कहा कि ये जांच चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए है।

एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि वह 100 हलफनामे ला सकते हैं. उन्होंने दावा किया कि नाम हटाने में सिस्टम की खामी है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, "कम से कम 100-200 लोगों की लिस्ट लाएं, जो अपील करना चाहते हैं लेकिन नोटिस नहीं मिला." भूषण ने वादा किया कि अगली सुनवाई से पहले हलफनामे दाखिल करेंगे. कोर्ट ने ECI को ड्राफ्ट और फाइनल लिस्ट का तुलनात्मक विश्लेषण देने को कहा, जो 30 सितंबर को जारी हुई।

जस्टिस कांत ने कहा कि कुछ अवैध प्रवासी नाम हटने पर सामने नहीं आना चाहते, क्योंकि डर है कि उनकी पहचान हो जाएगी. भूषण ने तर्क दिया कि 3.6 लाख लोग हलफनामा नहीं दाखिल कर सकते, लेकिन अपील का अधिकार है. कोर्ट ने कहा कि प्रभावित लोग सीधे सुप्रीम कोर्ट न आएं, जिला स्तर पर अपील करें. ECI के वकील ने कहा कि कोई भी नाम हटाना या जोड़ना बिना नोटिस के नहीं हुआ।

# पीएमएलए ट्रिब्यूनल का बड़ा फैसला-दिल्ली में जब्त सीएम हेमंत सोरेन की BMW कार छोड़ने का आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली स्थित अपीलीय ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से कथित भूमि घोटाला मामले में जब्त की गई लग्जरी BMW X7 कार को तत्काल जारी करने का निर्देश दिया। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत अपीलीय ट्रिब्यूनल के सदस्य वी. आनंदराजन की कोरम ने 25 सितंबर 2025 को यह आदेश पारित किया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि कार जैसी तेजी से मूल्य ह्रास होने वाली संपत्ति को इस अस्पष्ट आशंका के आधार पर अनिश्चित काल तक बनाए रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि आगे की जांच से यह अपराध की आय साबित होगी। ट्रिब्यूनल ने श्वष्ठ को छह सप्ताह के भीतर वाहन को याचिकाकर्ता को जारी करने का निर्देश दिया। 2021 मॉडल की यह BMW X7 कार झारखंड भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की चल रही जांच के तहत 29 जनवरी 2024 को सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी की छापेमारी के दौरान जब्त की गई थी। वाहन के रजिस्टर्ड ऑनर भगवानदास होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने इस जब्ती को चुनौती दी। याचिकाकर्ता कंपनी की ओर से एडवोकेट रोहित शर्मा और राजेश इनामदार ने तर्क दिया कि जब्ती के बाद लगभग 21 महीने बीत जाने के बावजूद ट्रिब्यूनल कार को अपराध की आय से जोड़ने वाला कोई सबूत देने या ज़ब्ती की कार्यवाही शुरू करने में विफल रहा। अपील में कहा गया कि कंपनी और उसके निदेशकों को न तो ECIR (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) में और न ही श्वष्ठ द्वारा दायर अभियोजन




शिकायतों में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। अपने फैसले में ट्रिब्यूनल ने नोट किया कि ईडी को वाहन बरकरार रखने को उचित ठहराने के लिए कई अवसर दिए गए, लेकिन वह उचित जवाब दाखिल करने या कार को अपराध की कथित आय से जोड़ने वाले सबूत पेश करने में विफल रहा। ट्रिब्यूनल ने ईडी के तर्कों को फीका दावा कहकर खारिज कर दिया और पाया कि न तो वाहन और न ही कंपनी का नाम अभियोजन शिकायतों में था।

# अखिलेश यादव बोले- आजम खान पर झूठे मुकदमे दर्ज हुए, सपा की सरकार आते ही रद्द होंगे सभी केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मिलने के रामपुर पहुंचे. उनका हेलीकॉप्टर जौहर यूनिवर्सिटी में उतरा. इसके बाद वह वाहनों के काफिले के साथ आजम खान के घर पहुंचे. आजम खान घर के गेट पर अखिलेश यादव के स्वागत के लिए खड़े मिले. जैसे ही अखिलेश यादव पहुंचे, आजम खान घर के भीतर ले गए. घर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है. भारी पुलिस बल तैनात रहा. पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दोपहर लगभग 1 बजे आजम खान के आवास पर पहुंचे. आजम खान की और अखिलेश यादव की 2:55 बजे तक गुफ्तगू चलती रही. इसके बाद दोपहर 3 बजे अखिलेश यादव ने मीडिया से बात की. 'आजम पुराने नेता, उनकी बात ही कुछ और' अखिलेश यादव ने कहा कि 'मैंने आज आजम खान के साथ बैठकर उनका हालचाल लिया. आजम पुराने नेता हैं. पुराने लोगों की बातें ही कुछ और होती हैं. वे पार्टी की दरख्त हैं. इतनी गहरे जड़े और उतना ही गहरा उनका साया हम लोगों के साथ हमेशा रहा है. ये बड़ी लड़ाई है. हम मिलकर लड़ेंगे, उनका स्वास्थ्य अच्छा हो. उन्हें न्याय मिले' अखिलेश यादव ने कहा कि शायद देश के इतिहास में, पॉलिटिकल करियर के इतिहास में पता नहीं भारतीय जनता पार्टी कौन सा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना चाहती है, आजम खान पर सबसे ज्यादा केस लगे हैं. उनके ऊपर गलत केस लगे. आजम, उनकी पत्नी और पूरे परिवार पर सरकार ने झूठे मुकदमे लगाए हैं. आजम और उनके परिवार जैसी तकलीफ किसी को भी नहीं पहुंचाई गई।

सपा मुखिया ने आगे कहा कि अगर गिनती के हिसाब से हम लोग हिसाब-किताब लगाएं तो हो सकता है गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम आ जाए, इस परिवार का. पुराने जो लोग नेता जी के साथ थे, उनकी बात ही अलग होती है. 2027 में पार्टी की सरकार बनने जा रही है. पीडीए की आवाज बुलंद होगी. क्या कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज के ऊपर जूता फेंक दिया गया हो। अखिलेश यादव ने कहा कि आज मैं आजम खान का हालचाल लेने आया था, क्योंकि मैं जेल नहीं पहुंच पाया था. लगातार हम लोग मिलते भी रहेंगे. पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, अपमानित जरूर होते हैं. ये बात मैंने विधानसभा में भी एक बार कही थी. जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, मुसलमान भाई, आदिवासी पीडीए परिवार है, वह एक सूत्र में अपनी पीड़ा के कारण बंधा है। अखिलेश ने कहा कि पीडीए अपमानित महसूस करता है. इस सरकार में वह लगातार अपमानित हो रहा है. इस बीच आजम से नाराजगी के संबंध में सवाल पूछे जाने पर आजम खान ने मीडिया से कहा कि ये सूचना आप लोगों को मिली कहां से कि मैं नाराज हूं. बहुत से काम आपने खराब कर दिए. इसके बाद अखिलेश ने मीडिया कर्मियों से कहा कि आप लोग सब तय कर लेते हैं. आजम खान पर जितने भी मुकदमे लगे हैं, सब वापस होंगे। बता दें कि अखिलेश यादव तय कार्यक्रम के तहत रामपुर पहुंचे हैं. उनका हेलीकॉप्टर सबसे पहले जौहर यूनिवर्सिटी में उतरा. यहां से वह वाहनों के काफिले के साथ आजम खान के घर पहुंचे. घर के गेट पर आजम खान अखिलेश यादव को लेने के लिए पहुंचे. वह अखिलेश का हाथ पकड़कर उन्हें



घर के भीतर ले गए। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा हुए हैं. एक दिन पहले मंगलवार को आजम खान ने मीडिया से कहा था- 'अखिलेश यादव जी से मैं मिलूंगा और वह सिर्फ मुझसे मिलेंगे. मेरी सेहत मेरी खैरियत लेने आ रहे हैं और यह मेरा हक भी है. एक ही मुकदमे में 34 लाख का जुर्माना है. आपके माध्यम से दरखास्त कर रहा हूं कोई इस घर को खरीद ले.' आजम खान के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। आजम खान 23 सितंबर को सीतापुर जेल से रिहा हुए थे. आजम अक्टूबर 2023 से सीतापुर जेल में बंद थे. आजम खान सपा सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे. 1989 में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बने और श्रम, रोजगार, मुस्लिम वक्फ और हज जैसे विभागों को संभाला 1993 में वे एक बार फिर राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री बने आजम खान उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे हैं.जबकि, 2003 से 2007 तक कैबिनेट मंत्री के रूप में संसदीय मामलों, शहरी विकास, जल आपूर्ति, शहरी रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभागों का कामकाज देखा. 2012 में अखिलेश यादव की सरकार के दौरान आजम खान नगर विकास समेत कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री बने।

# प्रयागराज का गुरु तेग बहादुर साहिब से गहरा ऐतिहासिक संबंध है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज का गुरु तेगबहादुर से गहरा ऐतिहासिक संबंध है। उन्होंने यहां छह माह नौ दिन तक तपस्या और ध्यान किया था। यह स्थान अब गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर, कल्याणी देवी के नाम से जाना जाता है। यह यात्रा 7 अक्टूबर की शाम को अयोध्या से प्रयागराज पहुंची थी। खुल्दाबाद स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, शोभायात्रा और कीर्तन दरबार के माध्यम से इसका भव्य स्वागत किया था।आज सुबह 8:00 बजे से 9:30 बजे तक गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार, कथा, अरदास और श्रद्धा समागम का आयोजन किया गया। इसके बाद सुबह 10:00 बजे यात्रा अपनी अगली मंजिल की ओर प्रस्थान कर गई।

सभा के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब की शिक्षाएं एकता, भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की भूमि उनके तप से पवित्र है, और उनका यह पुनः आगमन हमारे लिए आध्यात्मिक गौरव का अवसर है। गुरु यहां छह माह नौ दिन तक तपस्या और ध्यान



किया था। यह स्थान अब गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर, कल्याणी देवी के नाम से जाना जाता है।

# यूपी ग्रामीण बैंक का असिस्टेंट मैनेजर चला रहा था सॉल्वर गैंग, 5 लाख रुपये में करते थे डील

● लखनऊ में 9 सदस्य गिरफ्तार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी की पुलिस ने सॉल्वर गैंग गिरोह का पर्दाफाश किया है. बिजनौर थाना अर्न्तगत बीआर परीक्षा केन्द पर 5 अक्टूबर को आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा 2025 में दूसरे की जगह परीक्षा देने आये मुन्ना भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी द्वारा पूछताछ के दौरान दी गई जानकारी के आधार पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को मंगलवार को बिजनौर अण्डरपास से गिरफ्तार किया है. इस गिरोह का सरगना आनन्द कुमार यूपी ग्रामीण बैंक संभल में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात है. जबकि कुछ आरोपी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और कुछ सरकारी नौकरी कर रहे हैं। डीसीपी दक्षिणी निपुन अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को बिजनौर थानार्न्तगत बीआर परीक्षा केन्द्र में आईबीपीएस की परीक्षा आयोजित थी. केंद्र संचालक शैलेंद्र बाजपेई द्वारा मेल करके जानकारी दी गयी है कि एक संदिग्ध व्यक्ति कई वर्षो से 5 भिन्न-भिन्न फोटो लगाकर परीक्षा के लिए आवेदन किया गया है. सूचना के आधार पर पुलिस ने बोधगया बिहार निवासी अभिषेक कुमार को हिरासत में ले लिया गया था. डीसीपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की गयी तो पता चला कि अभिषेक फर्जी अभ्यर्थी बनकर गौरव आदित्य के स्थान पर परीक्षा देने आया था. इसके साथ ही अभिषेक ने साल्वर गैंग के बारे में जानकारी दी. जिस पर पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में जुट गयी थी। इसी कड़ी में मंगलवार को यूपी ग्रामीण बैंक खबूपुरा संभल में असिस्टेंट मैनेजर मास्टर माइंड आनन्द कुमार, निवासी जहानाबाद, पोस्ट ग्रेजुएट गौरव आदित्य निवासी पटना, यूपी ग्रामीण बैंक में क्लर्क भागीरथ शर्मा निवासी गया, यूको बैंक में स्केल -1 आफिसर सुधांशु कुमार निवासी लखी सराय, बीएड छात्र धनन्जय कुमार निवासी जहानाबाद, बीटेक छात्र राजीव नयन पाण्डेय निवासी जहानाबाद, ईपीएफओ क्लर्क मुकेश कुमार निवासी गोपालगंज, बीएससी विद्यार्थी आशीष रंजन पुत्र अवधेश कुमार चौधरी निवासी नालन्दा और बीएससी पास हर्ष जोशी निवासी चम्पावत (उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि गैंग का मुख्य सरगना आनन्द कुमार ने



पूछताछ में बताया कि वह प्रति कंडीडेट 2 लाख रुपये लेता था. फर्जी अभ्यर्थी को प्रारम्भिक परीक्षा में बैठने के 20 हजार और मुख्य परीक्षा में बैठने के 1 लाख रुपये तथा नौकरी लगने के बाद 2 लाख रुपये कुल 5 लाख 20 हजार रुपये वसूल किये जाते थे। डीसी पी ने बताया कि आनन्द कुमार असली अभ्यर्थियों के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाने की व्यवस्था करता था. रोहित असली अभ्यार्थियों को आनन्द कुमार के पास लेकर आता था. आरोपी परीक्षार्थियों का फॉर्म भरते समय फर्जी अभ्यर्थी एवं वास्तविक अभ्यर्थी के फोटो को फेस मिक्सिंग ऐप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके दो चेहरों को 70 प्रतिशत एक जैसा बनाते हैं. जिससे फर्जी अभ्यार्थी/सॉल्वर परीक्षा केन्द्र पर पकड़े न जाएं।

# तीन थानों में कुल 6 वारंटी गिरफ्तार

● बहरिया पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना बहरिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.10.2025 को न्यायालय स्पेशल जज ई0सी0 एक्ट इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बंधित मु0नं0-3390/2019 धारा-138 ई0सी0 एक्ट से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त जियालाल पटेल पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम महुली थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज तथा मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-15 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-668/21 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त ननकू पुत्र रामानन्द निवासी फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम महुली व फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।**

सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.10.2025 को मा0 न्यायालय ए0डी0जे0 कक्ष सं0-14 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-189/12 धारा-323/325/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मो0 आजाद पुत्र मो0 मुहर्रम निवासी ग्राम रानीपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज व मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-06 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-6206/19 धारा-401 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त दिलीप कुमार यादव पुत्र राजनारायन निवासी ग्राम बेला वारी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम रानीपुर व बेला वारी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।**

सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.10.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-07 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र मु0नं0-1962/02 धारा-325/323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित 02 वारन्टी अभियुक्त 1. सरजू पुत्र कडेदीन 2. राम नरेश पुत्र कडेदीन निवासीगण नसीरपुर दरगाही थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत उनके निवास ग्राम नसीरपुर दरगाही के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### पुलिस चौकी परिसर में अधिवक्ता पर हमला कर 2 हजार लूटे, जान से मारने की दी धमकी




**ब्यूरो प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र में स्थित जारी पुलिस चौकी परिसर में अधिवक्ता अंकित शुक्ल पर हमला किया गया। जारी चौकी कौंधियारा थाना क्षेत्र में है। अधिवक्ता अंकित शुक्ल पर कुछ दलालों ने मारपीट कर धमकी भी दी थी। अधिवक्ता अंकित शुक्ल विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट बारा की अदालत में कार्यरत हैं। आरोप है कि इस बीच हमलावरों ने मारपीट के दौरान उनकी जेब में रखा दो हजार रुपए भी निकाल लिए, और जान से मरवाने की धमकी दी। यह भी कहा गया कि शिकायत करने पर तुम्हारे ऊपर गाड़ी चढ़ा दी जाएगी। इस घटना के सम्बन्ध में अधिवक्ता अंकित शुक्ल ने थानाध्यक्ष कौंधियारा से लिखित शिकायत किया है, और उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया है। घटना के विरोध में वह जारी पुलिस चौकी पर ही धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस चौकी जैसे संवेदनशीलस्थल पर हुई इस घटना ने कानून व्यवस्था और अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गम्भीर सवाल खड़े किए हैं। यह घटना प्रशासनिक कार्यप्रणाली और क्षेत्र में दलालों के कथित प्रभाव की ओर भी इशारा करती है।

# बलुआघाट क्षेत्र में मंगलवार से महीने भर चलने वाला कार्तिक मेला शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बलुआघाट क्षेत्र में मंगलवार से महीने भर चलने वाला कार्तिक मेला शुरू हो गया। जिससे इस पवित्र और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्थल पर श्रद्धालुओं और आगंतुकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आगंतुकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, प्रयागराज नगर निगम (पीएमसी) ने घाट की सफाई के लिए जेसीबी मशीनों और अन्य भारी उपकरणों से लैस एक समर्पित टीम तैनात की है। हाल ही में आई बाढ़ के कारण घाट और नदी के किनारे भारी मात्रा में कीचड़ और गाद जमा हो गई है, जिससे तत्काल सफाई और जीर्णोद्धार कार्य की आवश्यकता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, पूरे महीने चलने वाला कार्तिक मेला भक्ति और उत्सव का अवसर होता है, जिसमें हजारों लोग पवित्र स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं। घाट की ओर जाने वाली सड़क पर पूरे महीने मेला लगा रहेगा क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु यमुना नदी में



पवित्र स्नान करने आएंगे। बलुआघाट की आधारशिला 26 जनवरी, 1899 को रखी गई थी, जिसने शहर की विरासत में एक महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की। घाट का निर्माण पूरा होने में सात साल लगे और यह 1906 में पूरा हुआ। यह घाट शहर के प्रसिद्ध साहूकार लाला कन्हैया लाल खत्री टंडन के पुत्र लाला मनोहर दास की स्मृति में बनवाया गया था। दशकों से, बलुआघाट प्रयागराज की धार्मिक विरासत में अपना महत्व बनाए रखते हुए, अनुष्ठानिक स्नान, पूजा और उत्सवों के लिए एक प्रमुख स्थान रहा है।

# रेलवे सम्पत्ति चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, कबाड़ी को बेचने पर आरपीएफ ने किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज ।** नैनी आरपीएफ छिवकी ने रेलवे संपत्ति की चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे सम्पत्ति की चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए केटेनरी वायर और सिग्नल उपकरण बरामद किया है। इस कार्रवाई से रेलवे एक्ट दर्ज दो नए मामले और एक पुराने मामले का जिक्र किया गया है। रसूल खान(35वर्ष), रहीम खान(30वर्ष) और सलमान उर्फ रहमान(26वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर, एक अन्य आरोपी मुफीद अहमद उर्फ अल्टू (54वर्ष) को एक कबाड़ की दुकान से गिरफ्तार किया गया है। चारों आरोपी औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत रामपुर के रहने



वाले हैं। चारों आरोपियों की निशानदेही पर डीएफसीसी किमी नंबर 233/41-43 के पास छिपाया गया केटेनरी वायर बरामद किया गया। बरामद की गई कुल रेलवे सम्पत्ति में कुल लगभग 18 मीटर जिसकी कीमत 10 हजार 800 रुपए के आसपास होती है, और 6500 रुपए के सिग्नल उपकरण बरामद हुए हैं। इस मामले में छिवकी पोस्ट पर रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत मुकदमा संख्या 627/25 से 629/25 दर्ज किया गया है। इसके अलावा 27 अगस्त को दर्ज चोरी के केटेनरी वायर के एक पुराने मामले (मुकदमा संख्या 3/25,/रु 3 RP एक्ट)का भी अनावरण किया गया है। इस गिरफ्तारी व बरामदगी अभियान में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र दुबे, एएसआई एमके त्रिपाठी, एएसआई आर एस शुक्ला, हेड कांस्टेबल वीके सिंह, कॉन्स्टेबल अरविंद शुक्ला, एएसआई लाखन सिंह, हेड कांस्टेबल एसपी सिंह और कॉन्स्टेबल आशीष कुमार की टीम मौजूद रही।

# संक्षिप्त खबरें

## एनएच-22 पर सड़क हादसा- ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत



**चंदवा, झारखंडः**- रांची-चतरा मुख्य मार्ग (एनएच-22) पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चकला नवा टोली निवासी संतोष उरांव (उम्र लगभग 30 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, संतोष उरांव, पिता राजेश उरांव, अपने मोटरसाइकिल से किसी जरूरी काम से निकले थे। जब वे नगर मोड़ के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतोष उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। चंदवा थाना पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। ट्रेलर चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-22 के इस हिस्से में आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने और ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक संतोष उरांव के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नौकागांव टांडी निवासी जवान का इलाज के दौरान हुआ देहांत



**परिवार पर टूटा दुख का पहाड़**

भारतीय सेना के नायक सोनू वर्मा (33), जो नौकागांव टांडी के निवासी थे, का मंगलवार शाम दिल्ली के आरआर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पठानकोट में नायक के पद पर तैनात थे।सेना मुख्यालय द्वारा उनके परिवार को निधन की सूचना दी गई। यह खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। नौकागांव टांडी में भी इस दुखद समाचार से गहरा मातम छा गया। सोनू वर्मा के पार्थिव शरीर को सेना के जवानों और परिजनों द्वारा एम्बुलेंस से नौकागांव टांडी लाया जा रहा है। उनके पड़ोसी शिवजी वर्मा ने बताया कि पार्थिव शरीर के देर रात 2 बजे तक पहुंचने की संभावना है।सोनू वर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रंजू देवी (30), आठ वर्षीय पुत्र तनिष्क और पांच वर्षीय पुत्र कृषव शामिल हैं, जो पार्थिव शरीर के साथ आ रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को पचरुखिया गंगा घाट पर किया जाएगा। परिवार के सदस्य वर्तमान में गांव से बाहर रहते हैं।

## देवल के प्रधानाध्यापक रामभूषण पाण्डेय को मिला बेस्ट टीचर अवार्ड

**चित्रकूटः** राजकीय संग्रहालय झांसी के सभागार में स्वर्गीय महेंद्र तिवारी फाउंडेशन झांसी द्वारा आयोजित द बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 में देश भर के बेस्ट 51 शिक्षकों को संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजू राणा द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें चित्रकूट के पहाड़ी के प्राथमिक विद्यालय देवल के प्रधानाध्यापक राम भूषण पाण्डेय को उनके विद्यालय में किए गए नए नवाचारों व आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षा आदि कार्यों के लिए बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व पांच अक्टूबर 2025 को भी विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट बागपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में लगभग 25 राज्यों के 111 शिक्षकों को मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कृष्ण पाल मलिक के द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन सम्मान दिया गया। इसमें भी चित्रकूट जनपद से राम भूषण पाण्डेय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवल का ही चयन हुआ था। चयन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर आर एस वर्मा एवं सचिव डॉ मनीष तोमर द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष के शिक्षकों से ऑनलाइन प्रविष्टियों के माध्यम से आवेदन मांगे गए थे, जिसमें हजारों की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे तथा इनमें से चयन के लिए कई मानकों को पूरा करते हुए कुल 111 शिक्षकों को सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन सम्मान से सम्मानित किया गया है।

# पूर्वांचल की सबसे बड़ी 10 मंजिला धर्मशाला का उद्घाटन करेंगे पीएम, एक साथ ठहर सकेंगे करीब 500 लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

काशी में बन रही पूर्वांचल की सबसे बड़ी 10 मंजिला धर्मशाला का उद्घाटन पीएम मोदी कर सकते हैं। इसका उद्घाटन 31 अक्तूबर को होना है। ऐसे में काशी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काफी सुविधा होगी।

**रथयात्रा के पास बनी श्रीकाशी नाटकोट धर्मशाला।**

पूर्वांचल की सबसे बड़ी 10 मंजिला धर्मशाला का उद्घाटन 31 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमिलनाडु सरकार के मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। रथयात्रा स्थित 140 एसी कमरे वाली धर्मशाला में एक साथ करीब 500 श्रद्धालु ठहर सकते हैं। धर्म की नगरी काशी में दर्शन के लिए वर्षभर भीड़ रहती है। दक्षिण भारत के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से पांच किमी की दूरी में 54 धर्मशालाएं हैं जहां श्रद्धालु ठहरते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ही श्रीकाशी नाटकोटि क्षेत्रम् की ओर से धर्मशाला बनवाई गई है। श्रीकाशी नाटकोटि के अध्यक्ष एल नारायणन ने बताया कि धर्मशाला का निर्माण अंतिम दौर में है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। उनके आने का कार्यक्रम प्रधानमंत्री कार्यालय से मिल चुका है। यूपी के मुख्यमंत्री, तमिलनाडु सरकार के कुछ मंत्री और दक्षिण भारत की एक सीमेंट कंपनी के संस्थापक एसी मुतइया भी आएंगे। 31 अक्तूबर की सुबह 8:30 बजे वैदिक विद्वान विधिवत पूजन करेंगे। श्रीकाशी नाटकोटि के व्यवस्थापक शिव सुब्रमणयम ने बताया कि नवंबर 2023 से ही श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।



**65 करोड़ से बन रही धर्मशाला**

एल नारायणन ने बताया कि धर्मशाला के निर्माण पर 65 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। 910.5 वर्गमीटर में बनी धर्मशाला का शिलान्यास 17 अप्रैल 2024 में हुआ था। चेन्नई की कार्यदायी संस्था यूआरसी कंस्ट्रक्शन निर्माण करा रही है।

**एक कमरे में तीन लोगों के ठहरने की सुविधा, निशुल्क भोजन**

श्री काशी नाटकोट धर्मशाला के सभी कमरे एसी हैं। हर कमरे में तीन श्रद्धालुओं के ठहर सकते हैं। श्रद्धालुओं को सुईट की भी बुकिंग होगी। इसमें बेडरूम, लॉबी आदि सुविधाएं होंगी। परिसर में 174 कार पार्किंग की सुविधा है। श्रद्धालुओं को तीन वक्त का निशुल्क भोजन दिया जाएगा। शिव सुब्रमण्यम ने बताया कि श्रद्धालुओं को सस्ते दर पर कमरे दिए जाएंगे। उद्घाटन के बाद किराया तय किया जाएगा।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल में पहुँची उपासना मरांडी, की राज्य के मुख्यमंत्री की खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः**- पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत डोमनगाड़िया पंचायत के बनडिगा फुटबॉल मैदान में सोना संथाल क्लब बनडिगा द्वारा आयोजित, तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल खेला मुकाबले का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी ने किया। उपासना मरांडी ने समारोह की शुरुआत फुटबॉल को उछाल कर की। फाइनल खेल का मुकाबला एफ सी हांसदा स्टार और श्यामसुन्दर पुर, टीम के बीच खेला गया। जिसमे एफसी हांसदा स्टार की टीम विजेता बनी। मुख्य अतिथि उपासना मरांडी द्वारा विजेता टीम को नगद, तीस एवम उपविजेता टीम को नगद बीस हजार की राशि पारितोषिक स्वरूप दिया गया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, उपासना मरांडी ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है।



वहीं उपासना मरांडी ने राज्य के युवा मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन की खेलों एवम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित, करने के प्रयास की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही,सरकारी योजनाओं का लाभ सभी को उठाना चाहिए।7अक्टूवर की संध्या को मिली सूचना के अनुसार,इस अवसर पर जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी,पंचायत के मुखिया सुभाष हेमब्रोम, सुमनलता मुर्मू अध्यक्ष बेटका मरांडी, सुदामा मुर्मू, सुनीराम सोरेन नागेंद्र मुर्मू समेत अन्य झामुमो कार्यकर्त्ता तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**साहेबगंज, झारखंडः**- बुधवार को साहेबगंज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स (DTF) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुसंरक्षण योजना तथा आयुष्मान भारत योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत सभी अस्पतालों को स्वच्छता, रोगी सुविधाओं, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे मानकों पर उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। आयुष्मान भारत योजना के संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सके। साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन एवं अनुसंरक्षण योजना के अंतर्गत अस्पतालों के नियमित मेंटेनेंस, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और भवनों की मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी (MOIC) तथा सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अंत में कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा समयबद्ध लक्ष्य के साथ योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।



# विद्यालयों में दुरुस्त कराएं सभी व्यवस्थाएं- सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 19 पैरामीटर्स के तहत कराए जा रहे कार्यों पेयजल व्यवस्था, मीड-डे-मील, निपुण विद्यालय आकलन, निपुण भारत आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि फर्नीचर, टायलिंग, बाउंड्री वॉल आदि क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा से किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इसी प्रकार आगे भी मनोयोग से कार्य करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, वहां पर कनेक्शन करवाएं। साथ ही विद्यालयों के पास से हाई टेंशन तार हटवाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तरीय की मीटिंग के कार्यों की प्रगति समीक्षा करें। अगली बैठक से पहले ब्लॉक लेवल की मीटिंग कर पूरी प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। निर्माण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय व अभ्युदय विद्यालयों कि स्थिति बारे में जानकारी ली, जिस पर बीएसए ने बताया कि बनाड़ी में बन रहे स्कूल की प्रगति धीमी है, जिस पर सीडीओ ने कार्यादायी संस्थाओं को भी बैठक में बुलाने को कहा। बीएसए ने बताया कि जनपद में लगभग 281 विद्यालय ऐसे हैं, जो जर्जर है। जिस पर सीडीओ ने इसका मूल्यांकन करें एवं निस्तारण कराए। खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारियों से विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों की जानकारी ली। सपोर्टिंग सुपरविजन (एआरपी) विषय विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि कक्षाओं की वीडियो बनाकर ग्रुप में शेयर करें। बीएसए से कहा कि डाटा की जानकारी सही होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ को कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टूटी बाउंड्री वॉल सही कराने के निर्देश दिए।

बीएसए से कहा कि स्कूल स्टेशनरी ऋय किए जाने वाली धनराशि छूटे हुए बच्चों को हस्तांतरण कराए। साथ ही आधार कार्ड मोबाइल नंबर मिसमैच होने पर प्रधान डाकघर जाकर उसे सही कराए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा डीके पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# कारगार में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बुधवार को जिला कारागार व वहां स्थापित जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर कारागार में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला कारागार में जेल लीगल एड क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने अनुरक्षित पंजिकाओं, विधिक सहायता रजिस्टर, जेल विजिटर रजिस्टर, जमानत आदेश रजिस्टर आदि को देखा गया। जिसमें सभी प्रवृष्टियां अंकित पायी गयी। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने महिला बैरक का निरीक्षण कर निरुद्ध महिला बन्दियों से मुलाकात की तथा सभी से उनकी समस्याओं के बारे में पूंछा। महिला बन्दी राजकुमारी व सुनीता देवी ने तबियत खराब होने की जानकारी देने पर प्राधिकरण सचिव ने इलाज के बारे में पूछा, तो बताया कि चिकित्सक आते हैं और इलाज कर दवा देते है। प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि समय से सभी बन्दियों के इलाज के लिए चिकित्सकों को निर्देशित करें। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान अरहर की दाल, सब्जी, रोटी तथा बीमार बन्दियों के लिए अलग से मूंग की दाल पकते हुये पायी गयी। प्राधिकरण सचिव ने मीनू के अनुसार बन्दियों को भोजन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जेल में निरूद्ध महिला व पुरूष बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता व जेल अपील की जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी बन्दी को किसी भी प्रकार की समस्या है, तो जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत अधिकार मित्र को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। उन्होंने अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के सम्बन्ध में जेल अधिकारियों तथा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को ओरिएण्टेशन कार्यक्रम से अवगत कराया तथा कहा कि इस कैम्पेन के अन्तर्गत पात्र विचाराधीन बन्दियों को चिन्हित कर उसकी सूचना कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट में प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर अधीक्षक जिला कारागार कुश कुमार सिंह, जेलर सुनील कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार कनौजिया, बृजकिशोरी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# देवघर में सरकारी योजनाओं में अनियमितता पर आजसू पार्टी ने उठाई आवाज, याचिका समिति को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः**- देवघर जिले में सरकारी योजनाओं में व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने आवाज उठाई है। बुधवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने झारखंड विधानसभा की याचिका समिति के सदस्य निर्मल महतो को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की स्वतंत्र जाँच और जवाबदेही तय करने की माँग की गई। लक्ष्य ने अपने ज्ञापन में कहा कि जिले की कई योजनाएँ आम जनता तक सही रूप में नहीं पहुँच पा रही हैं। कई जगहों पर फर्जीवाड़ा, अपात्र लाभार्थियों को लाभ और कार्य में घटिया सामग्रियों के उपयोग जैसी शिकायतें आम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि "सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण जनता अपने अधिकारों से वंचित हो रही है।"

**ज्ञापन में जिन प्रमुख योजनाओं में अनियमितता का आरोप लगाया गया है, उनमें शामिल हैं -**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-Kisan)-फर्जी पंजीकरण और किसानों के खातों से राशि की ठगी की शिकायतें।

मनरेगा योजना-अधूरे कार्य, मजदूरी भुगतान में देरी और फर्जी उपस्थिति दर्ज करने के आरोप।

प्रधानमंत्री आवास योजना- अपात्र व्यक्तियों को लाभ और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग।

स्वास्थ्य विभाग- एसीबी द्वारा सिविल सर्जन की गिरफ्तारी के बाद विभाग में गहरे भ्रष्टाचार की पुष्टि। दवाइयों की कमी और सरकारी डॉक्टरों के निजी क्लीनिक चलाने की शिकायतें।

साइबर ठगी- योजनाओं के नाम पर जनता से आर्थिक ठगी की घटनाएं बढ़ीं।

भूमि अधिग्रहण- प्रक्रिया में अपारदर्शिता और देरी से विकास कार्य प्रभावित।



लक्ष्य ने माँग की कि झारखंड विधानसभा की याचिका समिति इन मामलों की स्वतंत्र जाँच कराए, संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करे और दोषियों पर कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि समिति को इस पूरे मामले की रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत करनी चाहिए ताकि जनता को पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन का भरोसा मिल सके। आदर्श लक्ष्य ने विश्वास जताया कि माननीय निर्मल महतो इस मामले को गंभीरता से लेकर देवघर की जनता को न्याय और राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

## सोमवार की सुबह नाबालिक छात्र का अपहरण, पुलिस पर उठ रहे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः**- लातेहार जिले के चंदवा में मंगलवार की सुबह हुई नाबालिग छात्र आकांक्ष उरांव के दिनदहाड़े अपहरण की घटना ने पुलिस की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बालूमाथ थाना क्षेत्र के गरेंजा भैंसादोन गांव निवासी 14 वर्षीय आकांक्ष उरांव, पिता सुनील उरांव, जो जिला डी. सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लातेहार में आठवीं कक्षा का छात्र है। वह सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे अपने विद्यालय जाने के लिए निकला था। इसी दौरान रांची - चतरा राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के समीप एक अज्ञात मारुति ओमनी वैन के चालक ने लातेहार छोड़ने का बहाना बनाकर उसे अपने वाहन में बैठा लिया छात्र ने बताया कि उसी ओमनी वैन में पहले से दो बच्चे मौजूद थे जिन में एक नाबालिक बच्ची सो रही थी और दूसरा बच्चा बेसुध बैठा था। थोड़ी ही दूरी तय करने के बाद आकांक्ष को बेहोशी छा गई। जब उसे होश आया, तो उसने खुद को रात के अंधेरे में सुनसान जंगल के बीच पाया। उसने बताया कि जिस ओमनी वैन में उसे ले जाया गया था, वह जंगल के अंदर किसी अनजान रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे अपहरणकर्ता घायल हो गया। इसी मौके का फायदा उठाते हुए आकांक्ष वहां से किसी तरह भाग निकला। कुछ दूरी में उसे रेलवे इंजन का हॉर्न सुनाई दिया, जिसके सहारे वह भागता हुआ एक रेलवे स्टेशन पहुंच गया। ट्रेन पकड़कर वह बरकाकाना रेलवे स्टेशन पहुंच गया, जहां मौजूद आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) ने अकेला देख पूछताछ कि नाबालिग छात्र ने आपबीती सुनाई तब आरपीएफ ने उसकी सहायता की और उसे अस्थायी रूप से बालगृह में रखा। बाद में आरपीएफ ने स्थानीय पुलिस व परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर चंदवा थाना पुलिस ने आकांक्ष को साथ में लेकर थाने लाया और जरूरी पूछताछ के बाद देर शाम उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आकांक्ष के अनुसार, जिस वैन में उसे बैठाया गया था, उसमें उसके अलावा दो और बच्चे भी मौजूद थे। पुलिस अब वैन और आरोपी अपहरणकर्ताओं की पहचान व खोजबीन में जुटी है। यह घटना क्षेत्र में बाल सुरक्षा और सड़कों पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता का विषय बन गई है। इस मामले पर चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है जल्द आरोपी हिरासत में होंगे।



# जिला अस्पताल के इमरजेंसी-ट्रॉमा सेंटर की बिजली गुल-दो तार पिघलकर चिपके, मरम्मत का काम जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** के जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर में बुधवार को करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।बिजली गुल होने के कारण इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर के वार्डों में पंखे बंद रहे। तीमारदार मरीजों को हाथ से पंखा झलते हुए देखे गए। बताया जा रहा है कि ट्रामा सेंटर के सामने अंडरग्राउंड केबल डालने का काम चल रहा है। ट्रामा सेंटर में भर्ती एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि लगभग तीन घंटे से बिजली नहीं है, जिससे लाइट और पंखे नहीं चल रहे हैं और मरीजों को दिक्कत हो रही है। इमरजेंसी वार्ड में एक अन्य तीमारदार ने सुबह दस बजे से बिजली बाधित होने की जानकारी दी। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. एसके यादव ने बताया कि दो तार पिघलकर आपस में चिपक गए थे, जिसकी मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 15-20 मिनट में आपूर्ति बहाल हो जाएगी। डॉ. यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि इस फाल्ट से अस्पताल का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। ऑक्सीजन आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि केवल इमरजेंसी और उनके चैंबर में लाइट व पंखे नहीं चल रहे हैं।





## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को बनाया गया एक दिन का अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत बुधवार को विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को एक दिन के लिए पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों का पद सौंपा गया। बालिकाओं ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के पद पर एक दिन के लिए कार्य करने बाद आगे चलकर अधिकारी बनने के विचार व्यक्त किए। महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत बुधवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी की छात्रा कुमारी रश्मि सिंह को एक दिन के लिए जिलाधिकारी का पद सौंपा गया। एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनी छात्रा रश्मि सिंह ने जनपद के फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने गोपाल शर्मा, कमलेश, भूरे लाल, भोला, राजाराम, सुरजपाल, बिंदा, सहोद्रा आदि की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण करें। इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानिकपुर की कक्षा आठवीं की छात्रा मेनका को एक दिन के लिए अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) का पद सौंपा गया। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, शिक्षिक श्रुति पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय चित्रकूट की कक्षा 10 की छात्रा अंशू एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक बनीं छात्रा अंशू ने एसपी के पद के दायित्वों को समझा और अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके समयबद्ध त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एक दिन के पुलिस अधीक्षक बनी छात्रा अंशु ने कहा कि यह अवसर गौरवपूर्ण है। इससे समझ आया कि पुलिस सेवा में महिलाओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। कहा कि भविष्य में वह पुलिस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करेंगी। इसी प्रकार छात्रा प्रतिभा ने एक दिन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक के पद की जिम्मेदारियों को संभालते हुए अपर पुलिस अधीक्षके पद के दायित्वों का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं से परिचित कराने के लिए है। चित्रकूट जैसे क्षेत्र में, जहां पहले डकैतों का आतंक था, आज बेटियां आगे बढ़ रही हैं, यह गर्व का विषय है। मिशन शक्ति अभियान के तहत चित्रकूट जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि सभी नागरिक बेटियों को शिक्षा एवं अवसर प्रदान कर समाज को मजबूत बनाएं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर की कक्षा आठ की छात्रा वर्षा देवी को एक दिन का तहसीलदार बनाया गया। इस मौके पर पुरुषोत्तम प्रसाद शुक्ला, श्याम भार्गव, वीरेंद्र सिंह, सुभद्रा चौहान आदि मौजूद रहे।



## भाजपा ने बताए जीएसटी दरों में बदलाव के फायदे

**चित्रकूटः** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेताओं ने जीएसटी की दरों में हुए बदलावों के बारे में जागरूक करते हुए स्वदेशी अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन भारत को आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पित है। कहा कि पीएम ने जीएसटी को घटाकर देशभर के करोड़ो नागरिकों, व्यापारियों, एमएसएमई उद्यमियों व स्थानीय उत्पादकों को बड़ी राहत दी है। इसके साथ ही वह स्वदेशी अभियान के तहत सभी को स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री के लिए प्रेरित कर रहे है ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बने और देश विकसित हो। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि सभी जीएसटी के नये स्लैब से होने वाले लाभों की चर्चा कर लोगों को जागरूक करें। जीएसटी की दरों में बदलाव से लोगो को राहत मिली है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि प्रत्ये पर्व पर स्थानीय स्तर पर बनने वाले सामान को खरीदें और उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में साझा करें। कहा कि स्वदेशी से आत्मनिर्भर विकसित भारत संकल्प पूर्ण होगा। इस मौके पर जिला मंत्री मनोज तिवारी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हीरो मिश्र, मीडिया प्रभारी श्री भागवत त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय, जवाहर सोनी, रवि गुप्ता, अमित मिश्रा, सोनू खंगार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी



**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी शारदा संगीत महाविद्यालय प्रतापगढ़ में हुई। सर्वप्रथम कथा सम्राट के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न'ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने बेल्हा डिस्ट्रिक्ट स्कूल में शिक्षण के दौरान यहां के जनजीवन का गहराई से अध्ययन किया और कथा लेखन का आरंभ किया। उनकी कहानियां और उपन्यास समाज का हूबहू चित्र प्रस्तुत करते हैं। मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने विसंगतियों पर प्रहार समाजसुधार की दृष्टि से किया।कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने मुंशी प्रेमचंद के बेल्हा प्रवास की चर्चा करते हुए कहा कि वे विशाल लेखन की थाती देकर अमर हो गए। संचालन आनन्द मोहन ओझा ने किया। विचार रखने वालों में राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, श्रीनाथ मौर्य सरस, कवयित्री रीतिका मौर्य रीतू, अनीता पाण्डेय, अशोक कुमार शर्मा, कवि अमित शुक्ला, प्रभाकर पाण्डेय, रोहित कुमार, अजय कुमार सिंह, आकांक्षा शुक्ला, तान्या शुक्ला, अन्नू पाल प्रमुख रहे।

### अनवारुद्दीन को मिली ग्राम पंचायत मानीकला संचालन की जिम्मेदारी

**प्राम्भिक जाँच में भ्रष्टाचार की पुष्टि होने पर डीएम ने वित्तीय और प्रसासनिक अधिकार पर लगाया था रोक**

**खेतासराय (जौनपुर)**- मानीकला के ग्राम प्रधान मोहम्मद अरशद द्वारा अपने निजीय फर्म से सरकारी खाते से संचालन करने पर दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार पर रोक लगा दिया था । बुधवार को डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने तीन सदस्यीय ग्राम पंचायत कमेटी का गठन किया है । जिसमें अनवारुद्दीन को अध्यक्ष के अलावा अजीत कुमार व चंचल देवी को सदस्य नामित किया गया है। जो ग्राम पंचायत का संचालन करेगी । गांव निवासी फातेह आलम ने ग्राम प्रधान मोहम्मद अरशद पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए शासनादेश का हनन की शिकायत की थी । डीएम की तरफ़ सभी अधिकार सीज किये जाने के बाद उक्त गांव का विकास कार्य धीमा पड़ गया था । चार अक्टूबर को डीएम ने बीडीओ पीयूष त्रिपाठी से ग्राम पंचायतों के विवरण के साथ पंचायत समिति गठन का निर्देश दिया था। जिसके आधार पर त्रिस्तरीय समिति गठित की गई। एडीओ पंचायत संजय यादव ने बताया कि गठित त्रिस्तरीय पंचायत समिति ग्राम पंचायत का प्रभार संभालेंगे । जांच पूरी होने तक वित्तीय और प्रशासनिक जिम्मेदारी देखेंगे ।

### बस्ती कंपनी बाग चौराहे पर मूर्ति विसर्जन जुलूस में विवाद, पुलिस का लाठीचार्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के कंपनी बाग चौराहे पर मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं के बीच कहां से होकर झांकी निकाली जाए, इसे लेकर हुए विवाद ने अचानक तूल पकड़ लिया। हालात पर काबू पाने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रद्धालुओं के दो समूहों में झांकी की दिशा को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे विवाद में बदल गई। इसी बीच पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इस कार्रवाई के दौरान दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। घटना के बाद कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन प्रशासन और स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से स्थिति को शांत किया गया। लाठी चार्जसे भयभीत जनता तीतर बितर हो गईमाहौल बिगड़नापुलिस का काम किया लोगों में भारी आक्रोश है पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है दोनों पक्षों को एक-एक सदस्य को पुलिस द्वारा बैठाया गया था कि लोगों के समझने प्रयास कर विसर्जन का कार्य करवाया गया लेकिन जनता के बीच पुलिस की लाठी चार्ज का गुस्सा अभी बरकरार बना हुआ। मौके पर डीआईजी पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकार के सहयोग से मूर्तियों का विसर्जन सामान तरीके से कराया गया।

# हैंडपंप रिपेयरिंग और रिबोर में बड़ा खेल -ग्राम पंचायतों में निकले लाखों, लेकिन हैंडपंप बने नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** - जनपद बलरामपुर में पेयजल व्यवस्था सुधारने के नाम पर ग्राम पंचायतों में हैंडपंप रिपेयरिंग और रिबोर के कार्यों में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपये हैंडपंपों की मरम्मत और नए रिबोर के नाम पर निकाल लिए गए, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि न तो पुराने हैंडपंपों की मरम्मत हुई और न ही नए हैंडपंप लगाए गए। और ना ही हैंड पंप से निकल गए साल्वेज का कोई आता पता नहीं है ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत लगातार बढ़ रही है। गर्मी के दिनों में जहां लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे थे, वहीं अब बरसात बीतने के बाद भी कई गांवों में हैंडपंप सूखे पड़े हैं। हैरानी की बात यह है कि विभागीय अभिलेखों में इन हैंडपंपों को "सुधारित" दिखा दिया गया है। यह पूरी योजना कागजों पर पूरी हो चुकी है, जबकि धरातल पर हालात इसके उलट हैं।

ग्राम पंचायत बढ़ेपुरवा, मदरहिया, कोहरगड्डी, गनेशपुर, छलिया और गुरचिहवा जैसे गांवों में ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप रिपेयरिंग के नाम पर पूरे जनपद बलरामपुर में ठेकेदारों और पंचायत सचिवों की मिलीभगत से फर्जी बिल लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। कहीं हैंडपंप के पास नई मिट्टी डाली गई, तो कहीं पुराने पाइपों को रंग-रोगन कर नया दिखाने की कोशिश की गई। गांव के लोगों का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा घोटाला दबा दिया गया है। अगर जांच एजेंसी निष्पक्ष जांच करे, तो यह मामला लाखों नहीं बल्कि करोड़ों के घोटाले के रूप में सामने आएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस भ्रष्टाचार की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पंचायत विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई ग्राम पंचायतों से ऐसी शिकायतें आई हैं, जिनकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है। जल्द ही इसकी जांच कराई जाएगी। जनता का सवाल साफ है – जब हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, तो आखिर वो हैंडपंप कहां हैं जिनसे जनता को पानी मिलना चाहिए था? इस सवाल का जवाब अब प्रशासन को देना होगा।

## अंशिका, अदिति ने आवर फोर्से आवर प्राईड पर दिया प्रेरणादायक भाषण

**●पीयू में वायु सेना दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में वायु सेना दिवस (8 अक्टूबर) के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, अनुशासन और देश की सुरक्षा में उसकी अद्वितीय भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पांडेय द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट अंशिका राय और अदिति मिश्रा ने "आवर फोर्से आवर प्राईड" विषय पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय वायु सेना की वीरता, समर्पण और तकनीकी कौशल पर प्रकाश डालते हुए सभी में देशभक्ति की भावना का संचार किया।

मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वायु सेना दिवस हमें अनुशासन, सेवा और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कैडेट्स से देश के प्रति निष्ठा और कर्मशीलता की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. नितेश जायसवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को वायु सेना के पराक्रम से सीख लेकर अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि "युवा"शब्द को उल्टा पढ़ने पर "वायु"बनता है–यदि सही दिशा मिले तो वही ऊर्जा देश निर्माण का आधार बन सकती है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रहा बल्कि उनमें भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को और गहराई से स्थापित कर गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट अंशिका राय, प्रिया विश्वकर्मा, अदिति मिश्रा, गरिमा अग्रहरि, प्रीति यादव, सोनम, गरिमा बौध, उजाला बिन्द, शालिनी भारती, शालिनी यादव, मुस्कान मौर्य, कामना कन्नौजिया, अंजलि सिंह, गोल्डी यादव, आशुतोष कुमार तिवारी, शिवा कांत ओझा, विशाल, जैश आर्या, अमन मोदनवाल, अमन कन्नौजिया, आदित्या वर्मा, आदित्य पाण्डेय, सलमान शाह, शिवम मिश्रा, मोहम्मद अफजल, अखिलेश यादव, वैभव सिंह, अजीत कुमार, आदित्य राज, सानिध्य यादव मौजूद रहे।

# कुड़वा में पानी संकट पर ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन, हर घर नल योजना धरातल पर फेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन/सोनभद्र।** विकास खंड कोन के फ्लोरोसिस प्रभावित गांवों कचनरवा और कुड़वा सहित कई क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप होने और हैंडपंपों के ध्वस्त होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल योजना 'इस क्षेत्र में पूरी तरह धाराशायी हो चुकी है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और विभाग मौन साधे हुए हैं। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार, विकास खंड कोन अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, लेकिन उसे कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन कई महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। नाम न छापने की शर्त पर स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा महीने में एक-दो दिन केवल 10 मिनट के लिए पानी चलवाकर और लोगों को झूठे आश्वासन देकर, उस क्षेत्र की फोटो और फर्जी वीडियो संबंधित विभाग को भेजा जाता है, जो लोगों की समझ से परे है। समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव की अगुवाई में ग्राम पंचायत कुड़वा के टोला पांडुचट्टान अंतर्गत डीलवाहा में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र में हर घर नल योजना पूरी तरह से फ्लाप साबित हो रही है, यहाँ तक कि आज तक कई लोगों को नल कनेक्शन तक नहीं मिला है। वरिष्ठ समाजसेवी जोखन प्रसाद यादव और बिहारी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि कचनरवा का रोहिनवादामर और कुड़वा में फ्लोरोसिस की मात्रा अत्यधिक है, बावजूद इसके आज भी लोग नदी-नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कचनरवा के बड़ाप, बागेसोती के सिंगा, कुड़वा के धौरवादामर, शिवाखाड़ी, डीलवाहा सहित कई जगहों पर आज तक लोगों को नल कनेक्शन नहीं मिल सका है। जहाँ कनेक्शन हैं, वहाँ भी कई महीनों से पानी नहीं मिल रहा है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के समय में जो हैंडपंप लगे थे, वे भी मरम्मत के अभाव में ध्वस्त हो चुके हैं। इस संबंध में सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अधिकारियों ने लीपापोती कर दी। इसके अलावा, ग्राम पंचायतों में जगह-जगह पानी की टंकी का निर्माण हुआ था, जो मात्र शो पीस बनकर रह गई हैं। कई ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए हैं।सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना को कागजों पर पूर्ण दिखाना, स्वत ही जाँच का विषय बन गया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद यादव, राजू गोंड, रामरूप गोंड, ज्वाहिर गोंड, लक्ष्मण गोंड, राजेंद्र, बलि आदि शामिल रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू कराने और खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सबसे महत्वपूर्ण योजना जनहित को देखते हुए केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर उन्हें स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाए।

# कंप्यूटरीकरण में डेटा की शुद्धता और समयबद्धता पर ध्यान दें बीपैक्स सचिव श्रवण कुमार राय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**राबर्ट्सगंज।** सहकारिता विभाग की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज परियोजना निदेशक श्रवण कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य फोकस प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण और उससे संबंधित कार्यों में आंकड़ों की शुद्धता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर रहा। परियोजना निदेशक श्रवण कुमार राय ने बैठक में उपस्थित सभी बीपैक्स (BPACs) सचिवों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे कंप्यूटरीकरण के कार्य में डेटा की सटीकता (शुद्धता) और समय पर एंट्री (समयबद्धता) का पूरा ध्यान रखें, क्योंकि ये दोनों कारक सहकारिता विभाग के कुशल संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता देवेंद्र सिंह ने कंप्यूटरीकरण के कार्य में शिथिलता बरतने वाले सचिवों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने ईयर इंड समितियों (Year End Societies) को प्रतिदिन लॉगिन करने का सख्त निर्देश दिया ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके। सहायक आयुक्त ने संतुलन पत्र (Balance Sheet) बनाने के संबंध में भी सचिवों को सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वर्किंग स्टेटमेंट (Working Statement) के बैलेंसशीट स्वीकार योग्य नहीं होगी, जिससे स्पष्ट होता है कि कार्य के दस्तावेजीकरण और प्रक्रियात्मक शुद्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक मिर्ज़ापुर के सचिव महाप्रबंधक राजकुमार यादव ने बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों को आगाह किया कि समितियों की कोई भी प्रविष्टि (Entry) पारित करते समय संबंधित सचिव को अवश्य अवगत कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कार्य में पारदर्शिता और आपसी समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से दिया गया।बैठक में एडीसीओ अवधेश सिंह, अजय कुमार, डॉ. सुरेश, एडीओ अनिल शर्मा, अखिलेश, मनोज कुमार, संतेश राय, श्रीचंद समेत सभी शाखा प्रबंधक और बीपैक्स सचिव उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से सहकारिता विभाग ने कंप्यूटरीकरण प्रक्रिया को गति देने और वित्तीय पारदर्शिता को सुदृढ़ करने की दिशा में सख्त कदम उठाए हैं।

## देवानंद रजक ने संभाली बरसठी थाने की कमान, अपराध पर लगेगी नकेल - जनता से किया सहयोग का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरसठी जौनपुर**- थाना क्षेत्र में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने पदभार ग्रहण करते ही अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। वे इससे पहले रामपुर थाना में प्रभारी रहे हैं और अपने तेजतर्रार कार्यशैली, निष्पक्ष जांच और जनता से बेहतर संवाद के लिए जाने जाते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि "थाने का दरवाजा हर जरूरतमंद, पीड़ित और आम नागरिक के लिए सदैव खुला रहेगा। अपराधियों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी, जबकि ईमानदार और कानून का पालन करने वाले नागरिकों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।"उन्होंने बताया कि बरसठी क्षेत्र में शांति, सौहार्द और पुलिस-जन सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर बीट पुलिसिंग, महिलाओं की सुरक्षा, मिशन शक्ति और एंटी ड्रग्स अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। देवानंद रजक ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि या सामाजिक कुरीति की सूचना निडर होकर पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि "समाज तभी सुरक्षित रहेगा जब जनता और पुलिस एक साथ खड़ी होगी।"पूर्व में कई थानों पर उत्कृष्ट कार्य कर चुके रजक ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी बात कही।

**मुख्य बिंदु**- अपराध और नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, जनता के सहयोग से बेहतर कानून व्यवस्था का संकल्प, महिलाओं की सुरक्षा और मिशन शक्ति को प्राथमिकता, पारदर्शी व जवाबदेह पुलिसिंग का भरोसा।

## 14-15 अक्टूबर को होगा निःशुल्क रोजगार महाकुंभ

**यूएई और ओमान की कंपनियों में चयन का भी मौका**

**देवरिया।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 और 15 अक्टूबर को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में दो दिवसीय निःशुल्क रोजगार महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि इस महाकुंभ में 10 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के अवसर उपलब्ध होंगे। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की कंपनियों में चयन का अवसर भी रहेगा। उपलब्ध पदों में कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर, ड्राइवर, फोरमैन, कारपेंटर, टेक्निकल क्लर्क आदि शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 24 हजार से 1 लाख 20 हजार तक मासिक वेतन मिलेगा। सभी रिक्तियां रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर अपलोड की गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर आवेदन कर निर्धारित तिथि को गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान हमारी प्राथमिकता - बलरामपुर पुलिस का मिशन शक्ति जागरूकता अभियान जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती जनक नंदिनी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योतिश्री द्वारा जनपद बलरामपुर में संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर उपलब्ध सुविधाओं, महिला सुरक्षा सेवाओं एवं शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया गया। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने विकासखंड उतरौला में आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा और सम्मान समाज की बुनियाद है, इसलिए प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई – वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930। साथ ही थानों पर स्थापित मिशन शक्ति डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क एवं यातायात सुरक्षा नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुमन योजना तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर एवं पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों की रक्षा करने एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से पुलिस व हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। बलरामपुर पुलिस ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि – "नारी सुरक्षा, नारी सम्मान हमारी प्राथमिकता है।"

# विकास खण्ड विक्रमजोत के ग्राम पंचायतों के विकास में सबसे बड़े बाधक बीडीओ अबध प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड विक्रमजोत के खण्ड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह ग्राम पंचायत विकास के लिए विनाशक अगर ग्राम पंचायत में काम करवाने के लिए कार्ययोजना की संस्तुति करवानी है उसके नाम पर पहले शुरूआत होता है वसूली तब मिल पाती है संस्तुति। अब यहीं से शुरूआत होती है बीडीओ विक्रम जोत अवध प्रताप सिंह के काले कारनामों और भ्रष्टाचार का साम्राज्य का काला चिट्ठाजगत। नाम न छापने के शर्त पर ग्राम प्रधान और सचिव स्तर से जानकारी मिली की किस कदर से अवाध धन कमाई की हवस ने बीडीओ अवध प्रताप सिंह को बना दिया है धनभक्षी हैवान।अपितु करना पड़ता है फरमाइशी मांग को पूरा नही तो बनना पड़ता है सचिव और प्रधान को उत्पीड़न और शोषण का शिकार।सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक वृक्षारोपण से लेकर स्ट्रीट लाइट, बेंच से लेकर सोख्ता,तालाब खुदाई से लेकर खेत समतलीकरण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण से लेकर बाउण्ड्रीवाल निर्माण पर धन भुगतान के पहले बीडीओ अवध प्रताप सिंह द्वारा चलाए जा रहे निजी नियम का पालन सचिव और प्रधान को करना है अन्यथा धन का भुगतान रोक लिया जाता है अगर बीडीओ साहब को अपने हिस्सेदारी की रकम पहले मिल जाती है तो ग्राम पंचायत के भुगतान में देरी नही लगती चाहे योजना के तहत निर्धारित स्थल पर निर्माण कार्य धरातल पर कारित न किया गया हो। ग्राम पंचायत में स्थापित गौशाला में रह रहे गौवंशों के चारा का मामलात हो या अन्य बीडीओ विक्रमजोत को अपने हिस्से से मतलब चाहे प्रधान मंत्री आवास योजना हो या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले पात्रों को आवास गरीबों से चाहिए बीडीओ को चाहिये हिस्से की मोटी रकम।विकास खण्ड विक्रमजोत के बीडीओ अवध प्रताप सिंह पर आखिरकार किसका संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण ग्राम पंचायतों से खुलेआम करतें हैं धन उगाही कभी जिले के उच्च अधिकारियों के नाम पर कभी जनप्रतिनिधियों को देने के नाम पर ग्राम प्रधान और सचिवों से होती है धन उगाही।बीडीओ विक्रम जोत के दबंगई का यह आलम है कि गरीब शिकायत पत्र लेकर उनके पास जाने से डरते हैं।क्षेत्र की जनता में अपने कार्यशैली से बीडीओ बने हुए चर्चित जिससे जनता में बढ़ रहा जनाक्रोश।बीडीओ विक्रम जोत द्वारा क्षेत्रीय विधायक को रिस्तेदार और उत्तर प्रदेश सरकार के कई स्वजातीय मंत्री को रिस्तेदार बताते नहीं थकते उसी की धौंस दिखाकर सभी पर अपना धौंस जमाते रहते हैं।उत्तर प्रदेश सरकार के नियम विरुद्ध अपने द्वारा बनाए हुए नियम को जबरन थोप रहे हैं।

# राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की किट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र**- आज वाराणसी स्थित सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के अवसर पर, माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने जनपद सोनभद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम में आंगनवाड़ी किट और हेल्थ किट का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान, राज्यपाल महोदया ने प्रतीकात्मक रूप से पाँच आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ये महत्वपूर्ण किट वितरित कीं। इस पहल में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) मद के तहत सहयोग देने वाली विभिन्न इकाइयों को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। आंगनवाड़ी किट उपलब्ध कराने वाली प्रमुख इकाइयाँ और उनकी योगदान संख्या इस प्रकार रही। एनसीएल सिंगरौली 100 किट, एनसीएल बीना 25 किट, हिंडाल्को रेनूकूट 25 किट, अल्ट्राटेक सीमेंट 25 किट, एसबीआई रॉबर्ट्सगंज 25 किट, बिरला कार्बन 25 किट इन सभी इकाइयों के सौजन्य से कुल 225 आंगनवाड़ी किट कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त, मुख्य विकास अधिकारी (CDO) द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन (DMF) निधि के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु 200 हेल्थ किट भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर, माननीय राज्यपाल महोदया ने जनपद सोनभद्र में आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु किए जा रहे कार्यों के लिए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को राजभवन से लाई गई एक पुस्तक भेंट की, जो जिलाधिकारी हेतु लाई गई थी।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनित सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राज्यपाल के हाथों किट का वितरण होना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रमोद के लगातार तीसरी बार केन्द्रीय वित्त मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति में सदस्य बनने पर खुशी का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने प्रमोद तिवारी को अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर सुझाव की प्रभाविकता को लेकर लगातार तीसरी बार केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति का स्थायी सदस्य चयनित किया गया है। वित्त मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण संसदीय समिति में तीसरी बार जिले के सियासी दिग्गज प्रमोद तिवारी के वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति में पुनः महत्वपूर्ण जगह मिलने से कार्यकर्ताओं व प्रशंसकों ने खुशी जताई है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की मंगलवार की देर शाम नई दिल्ली में देश के नये उप राष्ट्रपति एवं सभापति सीपी राधाकृष्णन से उच्चस्तरीय शिष्टाचार मुलाकात हुई। महत्वपूर्ण मुलाकात में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सभापति एवं उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को सदन के संचालन में विपक्ष की ओर से रचनात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद हुई इस शिष्टाचार मुलाकात में उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सदन के वरिष्ठ सदस्य के रूप में सांसद प्रमोद तिवारी की रचनात्मक भूमिका एवं संसदीय प्रणाली से जुड़े अनुभवों को भी सराहा। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटमपुर में दो डंपर टकराए क्लीनर की मौत



**कानपुर/ घाटमपुर।** भोगनीपुर चौडगरा मार्ग पर दो डंपर के बीच सीधी भिड़ंत हो गई,हादसे में चालक का केबिन डैमेज हो गया, और चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से घायलों को निकाल कर एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत में चालक को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि क्लीनर की मौत हो गई, घाटमपुर के आछीमुहाल में रहने वाले सिराजुद्दीन 35 वर्ष साथी क्लीनर शाहरूख 18 वर्ष के साथ डंपर लेकर भोगनीपुर जा रहें थें, घाटमपुर थाना क्षेत्र के भोगनीपुर चौडगरा मार्ग पर स्थित क्रष्णा ढाबा के पास बीतीं देर रात दो बजे के आसपास आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे डंपर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर से जा टकराया, हादसे में चालक डंपर की केबिन में फंस गया, यहां से निकल रहें राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, घाटमपुर पुलिस ने क्रेन की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिराजुद्दीन को जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया, वहीं क्लीनर शाहरूख को डॉक्टर ने म्रत घोषित कर दिया, पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवा कर भोगनीपुर चौडगरा मार्ग पर यातायात बहाल कराया है, घाटमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली थी, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है परिजनों को सूचना देकर म्रतक क्लीनर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बर्डपुर में आयुष्मान अस्पताल का विधायक ने फीता काट किया उद्घाटन



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु में विद्या हॉस्पिटल पर आयुष्मान अस्पताल का बुधवार को सदर विधायक श्यामधनी राही एवं नगर पालिका सिद्धार्थनगर अध्यक्ष गोविन्द माधव ने फीता काट कर उद्घाटन किया । इस अवसर पर सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि नगर पंचायत कपिलवस्तु को अपना पहला आयुष्मान सेंटर मिल गया है, जहां अब सीमावर्ती और ग्रामीण इलाकों के मरीजों को सर्जरी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा । इस हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी । नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि नगर पंचायत कपिलवस्तु में विद्या हॉस्पिटल की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है और यहां के मरीज के लिए काफी राहत साबित हो सकता है। विद्या हॉस्पिटल के संस्थापक डॉक्टर अजय कुमार यादव ने बताया की प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना आज मेरे अस्पताल को मिला है जिससे यहां आसपास के मरीजों को काफी राहत मिलेगी और वही इस योजना के अंतर्गत दो मरीजों का ऑपरेशन भी हुआ है। इस योजना के अंतर्गत अस्पताल में जनरल सर्जरी एवं अर्थो सर्जरी की सुविधा प्रदान की गई है। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जाम लगाने वाले दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाईवे पर जाम लगाने के दो आरोपियों को सांगीपुर पुलिस ने बुधवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के अर्न्तगत बीती पन्द्रह अप्रैल को एक सड़क दुर्घटना में दम्पति की मौत हो गयी थी। इसे लेकर 17 अप्रैल को आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा गड़हा गांव के पास सड़क पर जाम लगाया गया था। दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। बुधवार को कोटवा शुकुलपुर निवासी राजेश रजक व दीपक रजक पुत्रगण बेंचूलाल पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

## एक दिन की डीएम बनीं श्रद्धा दीक्षित, जनसमस्याओं को सुनकर दिये दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज जनपद कानपुर नगर में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पारितोष इंटर कॉलेज, हंस पुरम, नौबस्ता की मेधावी छात्रा कुमारी श्रद्धा दीक्षित ने एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। कुमारी श्रद्धा दीक्षित ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 581 अंक (96.83%) प्राप्त कर जनपद में टॉपर का स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि के सम्मान में उन्हें सांकेतिक जिलाधिकारी के रूप में जिला प्रशासन, कानपुर नगर द्वारा यह दायित्व सौंपा गया। एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में श्रद्धा दीक्षित ने जनता की शिकायतें सुनीं तथा उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उत्साह एवं संवेदनशीलता की सराहना की।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि "मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ विकसित करना है। श्रद्धा दीक्षित जैसी प्रतिभाशाली बालिकाएं आने वाले समय में समाज और शासन की दिशा निर्धारित करेंगी।" इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सशक्त नेतृत्व का अनुभव प्रदान करना है।

**सांकेतिक जिलाधिकारी ने सुने प्रकरण**

आज जनसुनवाई के दौरान सांकेतिक जिलाधिकारी श्रद्धा दीक्षित के समक्ष मीरपुर छावनी, थाना रेलबाजार निवासी श्रीमती अनीसा पत्नी मोहम्मद सईद द्वारा अपने आवास से संबंधित भूमि विवाद की शिकायत प्रस्तुत की गई। प्रार्थिनी ने बताया कि कुछ स्थानीय व्यक्तियों द्वारा उनके मकान के सामने अवैध रूप से रास्ता बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी श्रद्धा दीक्षित ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी रेलबाजार को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान दूसरे प्रकरण में सांकेतिक जिलाधिकारी श्रद्धा दीक्षित के समक्ष प्रार्थी श्री अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र रामअवध गुप्ता, निवासी 119/239 रामनगर, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे के संबन्ध में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया। जिसपर सांकेतिक जिलाधिकारी श्रद्धा दीक्षित ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसीएम-प्रथम तथा थाना फजलगंज को तथ्यात्मक जांच कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

### तीन दिवसीय मेले का समारोहपूर्वक हुआ समापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के शीतलमऊ वार्ड के सोनहट वीर बाबा प्रांगण में बुधवार को तीन दिवसीय परम्परागत मेले का समारोहपूर्वक समापन हुआ। समापन के अवसर पर आयोजन समिति द्वारा सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए अतिथियों को सम्मानित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में लोगों को खरीददारी को लेकर उत्साहित देखा गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि मेला आपसी समरसता तथा सामाजिक सदभाव को मजबूती प्रदान किया करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी वेंकटेश्वर प्रसाद मिश्र बब्बा ने किया। संचालन संयोजक राजू मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मेला समिति द्वारा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, आचार्य रामअवधेश मिश्र, आचार्य दिवाकरनाथ शुक्ल, आचार्य देवानन्द मिश्र, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय आदि को माल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर रामबिहारी मिश्र, दिनेश सिंह, राजकुमार शुक्ल, रमाशंकर तिवारी, आचार्य विनोद मिश्र, विपिन पाण्डेय, अंजनी शुक्ल, निखिल शुक्ला, राजेश तिवारी, दुर्गेश तिवारी, महानन्द पाण्डेय आदि रहे।

## एक दिन की थानाध्यक्ष बनी इंटर छात्रा मृदुल सचान गुजैनी थाना प्रभारी ने किया स्वागत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गुजैनी थाने में बुधवार को एक दिन की थानेदार बनी इंटर की छात्रा मृदुल सचान एक्शन में दिखाई दी आज थाना गुजैनी में महिला संबंधित तीन फरियादियों की सुनवाई करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया बोली जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ आरोपियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। केडीएमए स्कूल की छात्रा मृदुल सचान को एक दिन का थानेदार बनाया गया थाना प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने थाने का निरीक्षण बाखूबी से कराया छात्रा मृदुल सचान को चार्ज दिया उन्होंने पीड़ितों की सुनवाई की इस दौरान गुजैनी निवासी महिला का ऑटो में जाते वक्त सामान छूट गया था जिसकी शिकायत करने महिला गुजैनी थाने पहुंची वही दूसरा मामला पति-पत्नी के आपसी विवाद को भी संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई के लिखित आदेश दिए वही एक आपसी लड़ाई झगड़े के मामले को भी संज्ञान में लेते हुए नई थानेदार ने उनकी सुनवाई कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र के कानपुर केडीयमए स्कूल की कई छात्राएं भी शामिल रही सभी को महिला हेल्प और मुख्य बिंदुओं जैसे बंदीग्रह मलखाना लेखाकार कार्यालय की जानकारी दी गई मृदुल सचान के पिता बिजनेसमैन है मां निजी स्कूल में शिक्षक पद पर है इस दौरान थाने में मौजूद रहे सब इंस्पेक्टर सुभाष यादव उपनिरीक्षक शैलेंद्र पांडे चौकी प्रभारी मर्दनपुर मोहित सिंह उपनिरीक्षक महिला सूर्या यादव कांस्टेबल सपना रचना वर्षा हेड कांस्टेबल सुदीप सिंह कांस्टेबल अनुराग सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जीजीआईसी की छात्रा तृप्ती रावत बनी एक दिन की सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बुधवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के कक्षा-12 की छात्रा तृप्ती रावत को एक दिन का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने एक दिन की मुख्य विकास अधिकारी बनी तृप्ती रावत को बुके देकर स्वागत किया तथा उपस्थित अधिकारियों से उनका परिचय कराया। छात्रा तृप्ती रावत ने सीडीओ का पदभार संभालते ही विकास भवन के अधिकारियों से उनके विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनायें संचालित है सभी पात्र व्यक्तियों उनका लाभ अवश्य दिया जाय तथा वर्तमान में मिशन शक्ति अभियान 5.0 जो चलाया जा रहा है उसके अन्तर्गत अधिक से अधिक महिलाओं, छात्राओं आदि को जागरूक किया जाय। इस अवसर पर एक दिन की बनी सीडीओ तृप्ती रावत ने पेंशन के लम्बित मामलों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर सत्यदेव यादव से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये तथा कहा कि आपके ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहने पाये। उन्होने बदलते मौसम तथा संचारी रोग अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान प्रदेश सरकार द्वारा हमारी बेटियों, बहनों व मातृ शक्तियों को सशक्त करने एवं उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है जिसके दृष्टिगत जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिये विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में बुधवार को विकास भवन में राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ की कक्षा-12 की छात्रा तृप्ती रावत को एक दिन का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया।इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने बालिका सीडीओ की लगन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता की सराहना किया। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला सूचना अधिकारी सविता यादव आदि उपस्थित रहे।

## बर्डपुर के ऐतिहासिक रामलीला मेला में बुलडोजर पर सवार होकर राम ने किया रावण वध का सजीव मंचन

- **रावण दहन के साथ ही बर्डपुर का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला शुरू**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर का दो दिवसीय एतिहासिक व प्रसिद्ध विराट राम लीला मेला रावण दहन के साथ शुरू हो गया।रामलीला मेले के पहले दिन परंपरागत तरीके से पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव के पुराने आवास से मेला का डोला निकाला गया।डोला के रामलीला मेले में पहुंचने के बाद रामलीला का मंचन किया गया।रामलीला का मंचन के उपरांत राम ने बुलडोजर पर सवार होकर रावण पर जैसे ही तीर चलाकर वध किया पूरा राम लीला मैदान जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। मेले का उदघाटन अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि बर्डपुर के इस एतिहासिक मेले का दृश्य देखने के लिए क्षेत्र के लोगों को बड़े ही बेसब्री से इंतजार रहता है।पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव द्वारा इस मेले को लगवाया जाता था,उनके न रहने पर उनके बड़े बेटे भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव द्वारा इस रामलीला मेले के परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।मेले में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए मेला कमेटी के प्रबंधक एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने कहा कि मेले से आपसी मेल मिलाप बढ़ता है।इस पारंपरिक मेले में सभी का सहयोग रहता है, सभी लोग मेले का आनंद उठाए।

इस अवसर पर मेला अध्यक्ष शिव कुमार मोदनवाल, वेद प्रकाश यादव, सुमित यादव, अर्जुन मद्धेशिया, अनिल कुमार उमर वैश्य, हिमांशु यादव, सिकन्दर, अखिलेश जायसवाल, राज कुमार, कमलेश जायसवाल, राम गोपाल, बलराज,शाश्वत मिश्र, चंद्र प्रकाश धर द्विवेदी, रामा उमर, पंचम मौर्य, सत्य प्रकाश मद्धेशिया, मनीष कुमार उमर वैश्य, सोनू यादव, हर्ष यादव, जलालुद्दीन, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने की मांग पर धरना 1 साल 282वें दिन जारी

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति एवं संयुक्त महा मोर्चा के संयोजन में किसानों का धरना 1 साल 282वें दिन भी जारी रहा। समिति के संयोजक अवधेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार को अपने वादे को पूरा करते हुए बैतालपुर चीनी मिल को शीघ्र चालू कराना चाहिए। उन्होंने देवरिया की जनता से अपील की कि वे बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर इसे गति दें। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसानों की अग्निपरीक्षा है और सरकार के किसान हित के दावों की सच्चाई की कसौटी भी। उन्होंने कहा कि देवरिया के किसान मिल चालू होने तक संघर्ष जारी रखेंगे। इस मौके पर राम प्रकाश सिंह, बृजेंद्र मणि, विकास दुबे, शिवाजी राय, पूर्व सांसद आस मोहम्मद, राम किशोर वर्मा, रत्नेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, मंजू चौहान, विजय कुमार सिंह सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## समयबद्धता एवं गुणवत्ता से हो याचिका समिति के प्रकरणों का निस्तारण- सभापति याचिका समिति

- **विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक संपन्न**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय सभापति अशोक अग्रवाल ने की। समिति के सदस्य अरुण पाठक, मुकुल यादव एवं अनूप गुप्ता ने विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कानपुर नगर से संबंधित कुल 12 प्रकरणों पर विचार किया गया, जिनमें 8 प्रकरण नगर निगम कानपुर से तथा एक-एक प्रकरण आवास एवं विकास परिषद, उपायुक्त पुलिस, कानपुर नगर, कानपुर विकास प्राधिकरण एवं पर्यटन विभाग से संबंधित थे। सभापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समिति को प्राप्त संदर्भों एवं याचिकाओं का निस्तारण त्वरित, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए और की गई कार्रवाई की सूचना समयबद्ध रूप से समिति को प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने समिति को आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद सलिल विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, अपर जिलाधिकारी नगर राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कानपुर देहात एवं औरैया जनपदों से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

## डीएवी एनयूपीपीएल स्कूल की छात्राओं का राष्ट्रीय खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल, घाटमपुर की छात्राओं ने 'युवा मामले और खेल मंत्रालय' द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय खेल के राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की अंडर-17 बालिका शतरंज टीम (ओमिशा श्रीवास्तव, दीपाली गुप्ता,अवंतिका सिंह एवं अन्वी निषाद)ने अपनी रणनीतिक दक्षता और सामूहिक समर्पण से स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को महिमामंडित किया। वहीं विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा गार्गी सिकरवार ने अंडर-14 वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, सरोज ने अंडर-14 वर्ग की 400 मीटर दौड़ और आश्वी अग्रवाल ने अंडर-17 वर्ग की 400 मीटर दौड़ में दमदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय की शतरंज टीम और एथलेटिक्स खिलाड़ी गार्गी सिकरवार ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। इस प्रकार कुल मिलाकर चार पदक डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के नाम रहा।

यूपी जोन-एफ, क्लस्टर-5 की हेड एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर ने सभी विजेता छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हमारी छात्राओं ने अनुशासन, परिश्रम और खेलभावना से जो सफलता अर्जित की है, वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं सीईओ, एनयूपीपीएल एस. दुरई कुमार, स्कूल मैनेजर आनंद स्वरूप सारस्वत, एलएमसी सदस्य एवं सीएफओ एनयूपीपीएल अशोक कुमार माली, तथा डीजीएम (एचआर) एनयूपीपीएल कौशिक भर ने भी छात्राओं को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की यह उपलब्धि खेल भावना, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है, जो आने वाले समय में विद्यालय की खेल प्रतिभाओं के लिए एक नई दिशा निर्धारित करेगी।

## महिला आयोग की सदस्य ने ब्लाक लालगंज सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया सम्मानित

- **आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की जड़ तक पहुंच रखने वाली अग्रिम पंक्ति की योद्धा- प्रतिभा कुशवाहा**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने ब्लाक सभागार लालगंज में आयोजित 8वें पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के साथ संवाद किया और क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री साल्वी तिवारी, प्राप्ति सिंह, वन्दना गौड़, प्रतिमा शुक्ला व पूजा कोरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने ब्लाक सभागार में 02 गर्भवती महिलाओं सविता सरोज व रीतू की गोदभराई एवं 03 बच्चों अनीता सरोज, राधा यादव व पूनम का अन्न प्रासन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पोषण अभियान के तहत संतुलित आहार, एनीमिया मुक्त भारत और बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की जड़ तक पहुंच रखने वाली अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं, जिनके प्रयासों से ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आत्मरक्षा से संबंधित जानकारी दें ताकि हर महिला आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, सरकार द्वारा महिलाओं के हित के लिये विभिन्न प्रकार की योजनायें संचालित है जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग सदैव महिलाओं की आवाज को मजबूत बनाने और उनके हितों की रक्षा के लिए तत्पर है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, खण्ड विकास अधिकारी लालगंज मानवेन्द्र शर्मा, सीडीपीओ उदय मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

**राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय सलेम भदारी में आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण**

**प्राथमिक विद्यालय में व्यवस्थायें ठीक न मिलने पर प्रधानाध्यापिका को लगायी कड़ी फटकार**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया एवं उसके उपरान्त पोषण पंचायत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सलेम भदारी लालगंज में पहुंच कर आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था खराब पायी गयी जिस पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता शुक्ला को कड़ी फटकार लगायी और मौके पर दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानाचार्या को नोटिस जारी की जाय तथा विद्यालय की स्थिति को बेहतर बनाया जाय जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को बेहतर सुविधायें मिल सके। इसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य द्वारा विद्यालय में 03 गर्भवती महिलाओं कविता, शुभी विश्वकर्मा व माधवी की गोदभराई एवं 03 बच्चों अतुल, रूद्र व अयांश का अन्न प्रासन्न कराया गया। उसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में पहुंचकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया करायी जाय। उन्होने इस दौरान भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। इसके बाद सीएचसी लालगंज में उपस्थित आशा बहनों के साथ के साथ संवाद किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, सीडीपीओ उदय मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला, भाजपा के नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## प्रतिमाओं के विसर्जन में सिविल डिफेंस वालंटियर्स पूरे शहर में रहे मुस्तैद-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला अधिकारी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन में सिविल डिफेंस वालंटियर्स पूरे शहर में महत्वपूर्ण स्थानों पर रहे मुस्तैद, सभी 274 प्रतिमाओं के विसजर्न होने तक सभी की बनी रही सक्रियता, यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/नियंत्रक रवीश गुप्ता ने बताया कि अपरजिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान, प्रभारी अधिकारी सिविल डिफेंस/उप जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार यादव के देख रेख में नागरिकसुरक्षा के वालंटियर्स भीड़ नियंत्रण, भूले बिसरे लोगों को मिलवाने, संदिग्ध लोगों, बस्तुओं पर नजर रखने का कार्य सफलता पूर्वक पूरी रात किया, कहा कि सभी जोनल मजिस्ट्रेट गण मनोज प्रकाश उप जिलाधिकारी रुधौली, शशिविन्द्र द्विवेदी, उप जिलाधिकारी हर्रैया, राजेश कुमार यादव अतिरिक्त उप जिलाधिकारी (प्रथम) बस्ती/प्रभारी अधिकारी, हिमांशु कुमार उप जिलाधिकारी भानपुर, शत्रुहन पाठक उप जिलाधिकारी बस्ती सदर, सत्येन्द्र कुमार उप जिलाधिकारी हर्रैया, सेक्टर वार्डेन डॉ कुलदीप सिंह, अब्दुल हलीम, जी. रहमान, काजी फरजान, इमरान अली, देवनारायण पाठक, काजी फरजान, डॉ वीके वर्मा, प्रताप शंकर पांडेय, प्रमोद कुमार, आदर्श मिश्रा सहित राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग, एन डीआरएफ टीम सहित पूरे जिला प्रशासन की सहभागिता रही। आरजक तत्वो पर कमरे के निगरानी में उन पर हुई कार्रवाई बिछड़े लोगों को मिलने का काम कर रहे वॉलिंटियर सजग प्रहरी और अधिकारियों की सहभागिता से विसर्जन शांति रूप से संपन्न हुआ किसी प्रकार की कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई वालंटियर द्वारा पेनीनजर गड़ाए हुए थे किसी प्रकार के संदिग्ध व्यक्तियों के तथा उपद्रव वालों पर कड़ी निगरानी हो रही थी कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं होने पाई शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन पूर्ण हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईए ने यूएपीए मामले में कश्मीर घाटी में तलाशी ली

**अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।**



**जम्मू कश्मीर** पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में कई स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एसआईए के दलों ने कश्मीर घाटी के अनंतनाग, कुलगाम और बारामूला जिलों में तलाशी ली। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला में एसआईए ने रफियाबाद और सोपोर इलाकों में तलाशी ली, वहीं दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पदपोरा बदसगाम इलाके में भी तलाशी ली गई। द्वअधिकारियों ने बताया कि इसी तरह दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के कलम इलाके में भी एसआईए के कर्मियों ने तलाशी ली। उन्होंने कहा कि यह तलाशी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में एसआईए की जांच का हिस्सा थी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। यूएपीए के तहत जांच एजेंसी गिरफ्तारी के 180 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल कर सकती है और अदालत को सूचित करने के बाद यह अवधि बढ़ाई जा सकती है। इसमें अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान है।

### उसका बाजार पुलिस ने किया पैदल मार्च



**सिद्धार्थनगर।** करवा चौथ और दीपावली पर्व को लेकर उसका पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। इस बाबत उसका बाजार पुलिस ने बुधवार को उसका कस्बे में पैदल मार्च कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने नागरिकों से आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की । उन्होंने कहा कि त्यौहार के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। सड़क पर अनावश्यक वाहन आदि खड़ा करने पर कार्यवाही भी की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हर हाल में क्षेत्र शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशाशन कटिबद्ध है।अराजक तत्वों पर पैनी नजर है, शिकायत मिलते ही कठोर कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई भी अराजक तत्व उपद्रव करने का प्रयास करेगा तो उनपर कठोर कार्यवाही की जाएगी।पुलिस प्रशासन क्षेत्रीय जनमानस को सुरक्षित माहौल में त्योहारों को आपसी सद्भाव के बीच संपन्न कराने के प्रति कटिबद्ध है। त्यौहार में खलल पैदा करने वाले उपद्रवी कत्तई नहीं बक्से जाएंगे।

### नोएडा-पांच लाख रुपए उगाही के लिए खुद के अपहरण की कहानी गढ़ी, गिरफ्तार

**नोएडा** शहर की थाना फेस-तीन पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिस पर खुद के अपहरण का स्वांग रचने तथा एक महिला और उसके पति को अपहरण के मामले में फंसाने का प्रयास करने का आरोप है।

थाना फेस-तीन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर दशरथ साहू को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति ने कुसुम नामक महिला और उसके पति काशी रैकवार के साथ गत 24 सितंबर को यहां एक सोसाइटी के पास कथित रूप से मारपीट की तथा 5 लाख रूपए की मांग की थी। अधिकारी के अनुसार पैसे नहीं देने पर आरोपी ने दोनों को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने इस मामले में 5 अक्टूबर को थाना फेस-3 में मुकदमा दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी ने बताया कि जब महिला ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो आरोपी स्वयं घर से गायब हो गया और उसने अपने अपहरण का झूठा नाटक रचा। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपी ने शिकायती महिला और उसके पति को डरा-धमकाकर पांच लाख रुपए की उगाही करने का प्रयास किया और उसने अपनी पत्नी को यह झूठ बोला कि महिला और उसके पति ने उसका अपहरण कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही पुलिस ने आज दशरथ साहू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह महिला और उसके पति को फंसाने के लिए अपहरण का झूठा नाटक कर रहा था। वह उनसे 5 लाख रुपए ऐंठना चाह रहा था। आरोपी की उम्र 34 वर्ष है तथा वह कक्षा आठवीं तक पढ़ा है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# अंदर घुसे हूतियों के ड्रोन, 1 घंटे में चार बार इजरायल को दहलाया, मची चीख-पुकार

**● माना जा रहा है क्योंकि हूतियों का इजरायल पर अटैक जारी है। जिससे कहीं न कहीं इजरायल भड़का हुआ है। इज़राइल रक्षा बलों ने बताया कि यमन में हूतियों द्वारा दागे गए चार विस्फोटकों से लदे ड्रोनों को इज़राइली वायु रक्षा बलों ने मंगलवार दोपहर एक घंटे के भीतर लाल सागर के रिसॉर्ट शहर ऐलात के पास मार गिराया।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को पूरे दो साल हो चुके हैं। लगातार दो साल तक चली जंग के अब थमने के आसार भी नजर आने लगे हैं। लेकिन हूतियों की ओर से जिस तरह की कार्रवाई और अटैक किए जा रहे हैं। उससे लगता है कि हूती नहीं चाहते कि हमास और इजरायल के बीच की जंग थमे और न ही गाजा में शांति आए। ऐसा इसलिए माना जा रहा है क्योंकि हूतियों का इजरायल पर अटैक जारी है। जिससे कहीं न कहीं इजरायल भड़का हुआ है। इज़राइल रक्षा बलों ने बताया कि यमन में हूतियों द्वारा दागे गए चार विस्फोटकों से लदे ड्रोनों को इज़राइली वायु रक्षा बलों ने मंगलवार दोपहर एक घंटे के भीतर लाल सागर के रिसॉर्ट शहर ऐलात के पास मार गिराया।

ऐलात में दोपहर 2:36 बजे पहले हूती ड्रोन के लिए सायरन बजाया गया, और फिर 2:58 बजे, जब दो और ड्रोन इज़राइल के सबसे दक्षिणी शहर के तट पर पहुँचे। चौथे ड्रोन ने ऐलात में कोई अलर्ट नहीं बजाया, क्योंकि उसे ख़तरा पैदा करने लायक़ नज़दीक पहुँचने से पहले ही मार गिराया गया। सेना ने कहा कि इजरायली वायु सेना ने सभी चार ड्रोनों को सफलतापूर्वक रोक लिया। किसी के घायल होने या किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। ये हमले सुकोट की छुट्टियों के दौरान और हमास आतंकवादी समूह के 7 अक्टूबर के विनाशकारी हमले की दूसरी बरसी पर हुए, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 251 बंधक बनाए गए थे।

ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हौथिस ने बार-बार इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है और कहा है कि वे हमास के खिलाफ इजरायल के युद्ध के दौरान गाजा पट्टी के समर्थन में ऐसा कर रहे हैं। इस समूह ने कई बार ऐलात को ड्रोन से निशाना बनाया है। पिछले महीने, एक हूथी ड्रोन ने रिसॉर्ट शहर पर हमला किया था, जिसमें 20 से ज़्यादा लोग घायल हो गए थे। इस हफ़्ते की शुरुआत में, नगरपालिका और आईडीएफ होम फ्रंट कमांड ने उस हमले के बाद ऐलात में 10 नए मोबाइल बम शेल्टर स्थापित किए।

### बाइक सवार बिजली के खंभे से टकराया इलाज के दौरान मौत



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़वा- ककरहवा मार्ग पर अलीगढ़वा कस्बे से कुछ दूरी पर मंगलवार शाम बाइक सवार बिजली के खंभे से टकराया गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई। मृतक ग्राम पिपरहवा निवासी उस्मान (26) पुत्र शहाबुद्दीन अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, इसी दौरान सड़क के बीच में लगे बिजली के खंभे से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल उस्मान की इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल अलीगढ़वा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सिद्धार्थनगर माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।स्वजन उसे सिद्धार्थनगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई।

## बंगाल में राहत कार्यों में जुटे भाजपा सांसद-विधायक पर हमला, दो गिरफ्तार, TMC पर लगे आरोप

**● अधिकारियों के अनुसार, एक व्यक्ति को नागराकाटा से और दूसरे को जयगांव से गिरफ्तार किया गया।**

**ये गिरफ़्तारियाँ सोमवार को जलपाईगुड़ी के नागराकाटा इलाके में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर हुए पथराव के बाद हुई हैं।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर बंगाल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हुए हमले के सिलसिले में बंगाल पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। भाजपा नेताओं पर हमले के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा की गई यह पहली गिरफ्तारी है। अधिकारियों के अनुसार, एक व्यक्ति को नागराकाटा से और दूसरे को जयगांव से गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ़्तारियाँ सोमवार को जलपाईगुड़ी के नागराकाटा इलाके में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर हुए पथराव के बाद हुई हैं। दोनों नेता बाढ़ प्रभावित समुदायों की मदद कर रहे थे, तभी उन्हें निशाना बनाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि यह हमला तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों द्वारा कराया गया था।

भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया बंगाल में टीएमसी का जंगल राज! भाजपा सांसद खगेन मुर्मू, एक सम्मानित आदिवासी नेता और उत्तरी मालदा से दो बार सांसद रहे, पर राहत और बचाव कार्यों में मदद करने के लिए जाते समय टीएमसी के गुंडों ने हमला किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे "बेहद भयावह" बताया और पश्चिम बंगाल की दयनीय कानून-व्यवस्था का प्रतिबिंब बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों, जिनमें एक वर्तमान सांसद और विधायक भी शामिल हैं, पर जिस तरह से हमला किया गया, वह टीएमसी की असंवेदनशीलता और राज्य की बेहद दयनीय कानून-व्यवस्था को दर्शाता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से हिंसा में लिप्त होने के बजाय राहत कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया।

## वृंदावन में हुआ अध्यात्म के दो सितारों का मिलन

**● प्रेमानंद महाराज ने गले लगाकर किया गुरु शरणानंद जी का स्वागत**

**गुरु शरणानंद महाराज से मिलने पर भावुक हुए प्रेमानंद महाराज**




वृंदावन में प्रसिद्ध संत कार्षिणी गुरु शरणानंद बुधवार को संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करते हुए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**वृंदावन।** बुधवार को ब्रजभूमि के दो प्रमुख संतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध संत कार्षिणी गुरु शरणानंद बुधवार को संत प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन स्थित केली कुंज आश्रम पहुंचे। संत प्रेमानंद महाराज ने जैसे ही अपने प्रिय गुरु स्वरूप शरणानंद महाराज को देखा, वे अपनी गद्दी छोड़कर कुटिया के द्वार तक पहुंचे और दंडवत प्रणाम किया। भावविह्वल प्रेमानंद महाराज की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। गुरु शरणानंद महाराज ने उन्हें गले लगाकर आशीर्वाद दिया। प्रेमानंद महाराज ने उन्हें अपने आसन पर बिठाया और स्वयं नीचे बैठ गए। उन्होंने मंत्रोच्चारण के बीच शरणानंद महाराज के चरण पखारे और चरणों को अपने मस्तक से लगाया। इस दौरान आश्रम का वातावरण भावनाओं और भक्ति से सराबोर हो गया। शरणानंद महाराज ने भोग में केवल तुलसी पत्र मांगा। इसी बीच, प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर फैल रही अफवाहों पर मथुरा पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर कहा जाहै कि कोई भी व्यक्ति या समूह भ्रांतियां फैलाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 2490.38 लाख की लागत से बन रही सडक का महापौर ने किया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महापौर वनोद अग्रवाल सडक का उद्घाटन करते हुए।

**मथुरा।** महापौर वनोद अग्रवाल ने अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत नगर निगम मथुरा-वृंदावन की सीमा में लगभग 2490.38 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर एवं विधिवत पूजन कर किया गया। यह सड़क वृंदावन प्रेम मंदिर तिराहे से विद्यापीठ चौराहे तक विकसित की जा रही है। सड़क के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत किये गये हैं।

विद्युत तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। दोनों ओर श्रद्धालुओं राहगीरो हेतु फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। सड़क की सतह का समतलीकरण एवं उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण कार्य किए जाएंगे। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु ह्यूम पाइप डक्ट प्रणाली भी विकसित की जाएगी। इस अवसर पर माननीय महापौर श्री विनोद अग्रवाल जी ने कहा किकृ "वृंदावन एक अंतरराष्ट्रीय धार्मिक नगरी है, जहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शनार्थ आते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा, सुगम यातायात एवं नगर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए इस सड़क के विकास कार्य का शुभारंभ किया गया है। यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि नगर की छवि को भी नई दिशा देगी।

हमारा संकल्प है कि मथुरा-वृंदावन को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक नगरी के रूप में विकसित किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, माननीय उपसभापति मुकेश सारस्वत, महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल, वृंदावन के माननीय पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक, मुख्य अभियंता (निर्माण) संजय सिंह, अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम, तथा अवर अभियंता अरुण कुमार, अवर अभियंता कुमर आशीष आदि उपस्थित रहे।

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा राहत हॉस्पिटल सील, दो पर केस दर्ज




**सिद्धार्थनगर।** जिले के बढ़नी कस्बे में संचालित राहत हॉस्पिटल सर्जिकल एवं जच्चा-बच्चा केंद्र को जिला प्रशासन ने बुधवार को सील कर दिया। अस्पताल बिना वैध पंजीकरण और फर्जी कागजातों के सहारे चलाया जा रहा था। शिकायत के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने तत्काल जांच के निर्देश दिए थे।स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल के सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। इस पर थाना ढेबरूआ में संचालक तौसीफ एच. खान और अफाक के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा मेडिकल काउंसिल एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।यह मामला जिले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और फर्जी अस्पतालों के संचालन पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

## चोरी का 80 ड्रम डावर बरामद किया



पुलिस द्वारा बारामद किये गये डांवर के ड्रम।

**● मौके से फरार हुए पांच अभियुक्तों, दबिश दे रही पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस द्वारा चोरी का 80 क्विंटल बिटमिन (डांवर) (कुल 80 ड्रम ) बरामद किये हैं। थाना छाता पुलिस टीम द्वारा चोरी किया हुआ कुल 80 किवंटल बिटमिन(डांवर) कुल 80 ड्रम बरामद किये गया तथा मौके से पांच अभियुक्त फरार हो गये। जिनके विरुद्ध थाना छाता पर धारा 35, 106 बीएनएसएस व धारा 303(2)ख् 317(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर विधिक प्रयास किया जा रहा है। मौके से फरार अभियुक्त द्वारा मिलकर रिफाइनरी कम्पनी से निकलने वाले बिटमिन (डांवर) के लोहे के ड्रम लेकर आने वाले ट्रकों से प्लानिंग करके ट्रको से बिटमिन (डांवर) के ड्रम चोरी करके वैकमेट कंपनी के पूर्वी साइड खाली प्लॉट में एकत्र कर रखे है । पुलिस टीम को आते देखकर फैक्ट्री की दीवार से कूदकर अभियुक्त मौके से फरार हो गये व मौके से कुल 80 ड्रम लोहा बिटमिन (डांवर) कुल वजन लगभग 80 क्विंटल को बरामद किया गया। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह थाना छाता, एसआई रविन्द्र बाबू, एसआई हरेन्द्र सिंह, एसआई हुकम सिंह थाना छाता आदि थे।

# मिशन शक्ति 5.0 की अनूठी पहल

**● छात्रा लवली को मिला एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मथुरा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत छात्रा लवली को मिला एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किया लवली का स्वागत तथा दिया जिलाधिकारी मथुरा का पदभार। राजकीय हाई स्कूल लोहवन की कक्षा 10 की छात्रा लवली ने किया दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने का आदेश। महिलाओं के अधिकारों पर दिखाई जागरूकता की मिसाल। छात्रा लवली ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ की जनसुनवाई। एक दिन की जिलाधिकारी बनी लवली ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनपद में आयोजित हो रहे विभिन्न मिशन शक्ति अभियान 5.0 के कार्यक्रम। मेधावी छात्राओं ने एक दिन के लिए संभाले जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण पद। चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिलाधिकारी आदि महत्वपूर्ण पदों पर एक दिन के लिए छात्राओं को बनाया गया अधिकारी। उक्त पहल से छात्राओं में बढ़ रही जागरूकता। लवली ने एक दिन के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की भूमिका निभाई और जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ बैठकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपनी समझदारी और संवेदनशीलता से सबका दिल जीत लिया।

कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठी लवली ने जनसुनवाई के दौरान कठमालिया थोक छाता तहसील निवासी मुकेश कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए, जिससे दिव्यांगजन सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सके। उनके इस निर्णय से उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी प्रशंसा की। एक दिन की जिलाधिकारी लवली ने इस अवसर पर मीडिया के समक्ष महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों को लेकर भी सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान दौर में गुड टच और बैड टच की पहचान तो सभी को होती है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी परेशानी या अनुचित व्यवहार को माता-पिता, विशेषकर अपनी मां से साझा करने में हिचकिचाना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट का उपयोग शिक्षा संबंधी कार्यों के लिए किया जाना चाहिए, जिससे यह उनके भविष्य को संवारने का माध्यम बने, न कि परेशानी का कारण।



एक दिन की डीएम के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय में डीएम की कुर्सी पर बैठी छात्रा लवली।

## टेम्पो ट्रेक्स, विद्युत पोल से टकराई, चालक की मौत, दर्जन से ज्यादा घायल

**● हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम, पुलिस ने कडी मशक्कत के बाद खुलवाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हादसे के बाद हस्पताल में उपचाराधीन घायल।

**फरह।** सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) निवासी यात्री आगरा,मथुरा, लखनऊ सहित अन्य जगह घूमने आए थे, मंगलवार को आगरा से बरसाना ट्रैवल बस, टेम्पो ट्रेक्स से मथुरा जा रही बस फतिहा फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। यात्री घायल हो गए। घटना में चालक की मौत हो गई। बस में सवार यात्री मथुरा जा रहे थे। सिलीगुड़ी( पश्चिम बंगाल) से 27 लोग अलग अलग जगह से ब्रज में घूमने आए थे। वे सभी आगरा का ताजमहल देखकर राधारानी मंदिर बरसाना जा रहे थे। पर्यटकों से भरी बस अभी फरह के फतिहा फ्लाईओवर पर पहुंची थी। तभी बस का संतुलन बिगड़ गया और बस विद्युत पोल से टकरा गई। इसके बाद डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलट गई। दुर्घटना इतनी तीव्र थी कि चालक सतीश कुमार पुत्र पन्ना लाल निवासी किशोरपुरा वृंदावन की मौके पर ही मौत हो गई। बस में बैठी 27 सवारियां घायल हो गई। घायलों को फराह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दाखिल कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ को गंभीर हालत में जिला अस्पताल और कुछ मरीजों को मथुरा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर उप जिला अधिकारी सदर अभिनव जे जैन पहुंच गए और घायलों से मुलाकात कर मदद का भरोसा दिया।

पंडित दीन दयाला सामुदायिक हॉस्पिटल के केंद्र अधीक्षक डॉ रामबीर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना में सुरक्षित बची युवती उन्नना बुन ने बताया कि हम सब सो रहे थे। तेज धमाका हुआ, तबतक सब पीड़ा से कराह रहे थे। केंद्र अधीक्षक डॉ रामबीर सिंह ने बताया कि मानसी पात्रा, पोटिमा धनपति, अनन्या सस्मल, स्वप्न कुमार घोर, हारा ससमल, देवजानी सरकार,मालती मंडल, अशोक कुमार मंडल, मधु माझे, अनुबा सेन, रिक्ता मैती, तापसी मैती, गोबिंद मैती, दशरथ, माधवी माझी, मालती, अनन्या घोरुई, अनुपा ससमल, मधु मंगल, भारत, सेनापति, चंदना पंडित आदि घायल ओर शोमन पात्रा,गीता रानी, मिनोति जान, उज्जवल चक्रवर्ती, पदौराणी मांझी नाम के यात्री गंभीर घायल हुए हैं। उन्हें रेफर किया गया है।

**हाइवे पर लगा जाम**

दुर्घटना के बाद बस पलटने से हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद लंबे जाम को खुलवाया और यातायात को सुचारू किया।

## कनाडा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फिर बरसाई गोली, दी खुली धमकी- 'यही होगा अंजाम'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ली है। गिरोह ने रेस्टोरेंट मालिक पर अपने कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें वेतन न देने का आरोप लगाया है। गिरोह ने चेतावनी दी है, जो कोई भी ऐसा करेगा, उसे यहाँ भी यही अंजाम भुगतना होगा।**



कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने कनाडा में गोलीबारी की एक और घटना को अंजाम दिया है। इस बार, हमले में सरे स्थित एक रेस्टोरेंट मालिक के कई प्रतिष्ठान शामिल थे। लॉरेंस गिरोह के एक सदस्य गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ली है। गिरोह ने रेस्टोरेंट मालिक पर अपने कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें वेतन न देने का आरोप लगाया है। गिरोह ने चेतावनी दी है, जो कोई भी ऐसा करेगा, उसे यहाँ भी यही अंजाम भुगतना होगा।

दो दिन पहले ही, लॉरेंस गिरोह ने कनाडा में अपने प्रतिद्वंद्वी नवी तासी से जुड़े तीन ठिकानों उनके घर, दफ़्तर और परिसर पर कथित तौर पर गोलीबारी की थी। इन गोलीबारी के वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए थे। गिरोह ने आगे आरोप लगाया कि नवी तासी ने लॉरेंस के नाम का इस्तेमाल करके लोगों से 50 लाख रुपये (करीब 80,000 कनाडाई डॉलर) की जबरन वसूली की थी। पोस्ट में लिखा था, मैं फ़तेह पुर्तगाल बोल रहा हूँ। अब हम नवी तासी से जुड़े ठिकानों पर गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ले रहे हैं। ये सभी जगहें नवी तासी की हैं, और पिछले तीन दिनों से हम इन जगहों पर गोलीबारी कर रहे हैं। नवी तासी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर गायकों से जबरन 50 लाख रुपये वसूले हैं। इसलिए हम उसके पीछे पड़े हैं।

कनाडा के जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने 29 सितंबर को घोषणा की कि बिश्नोई गिरोह को कनाडा में हत्या, गोलीबारी और आगजनी सहित हिंसक अपराधों में संलिप्तता के कारण आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया अब सूचीबद्ध इकाई के रूप में, बिश्नोई गिरोह कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत आतंकवादी समूह की परिभाषा को पूरा करता है। आतंकवादी सूची में शामिल होने का अर्थ है कि कनाडा में उस समूह के स्वामित्व वाली कोई भी चीज़, जैसे संपत्ति, वाहन, धन, ज़ब्त या ज़ब्त किया जा सकता है और इससे कनाडा के कानून प्रवर्तन को वित्तपोषण, यात्रा और भर्ती से संबंधित आतंकवादी अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए और अधिक साधन मिलेंगे।